सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19.4 न्यू | 28.3 अधि |
| धर्मशाला | 18.8 न्यू | 35.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73,983 |
| निफ्टी | 23,214 |

सोना 1,48,000 चांदी 2,36,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 11 जून 2026 | 28 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 163, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने उग्रवाद के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। चंदेल जिले में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं, जबकि इंफाल ईस्ट और टेंग्नौपाल जिलों से दो सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार चंदेल जिले के आइगेजांग इलाके से 0.22 राइफल, 9 एमएम पिस्तौल, स्थानीय रूप से बनी कई बंदूकें, विस्फोटक पदार्थ और रेडियो सेट बरामद किए गए। वहीं, इंफाल ईस्ट में एक उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा बलों का अभियान राज्य में शांति और कानून व्यवस्था बहाल करने के उद्देश्य से जारी है। (अनंत ज्ञान)

### पुंछ में एलओसी के पास पाक किशोर पकड़ा

**एजेंसी, पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पार करके भारतीय इलाके में आने पर सेना ने 14 साल के एक पाकिस्तानी लड़के को हिरासत में लिया है और तय प्रक्रियाओं के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि मेंढर सेक्टर के नगरी टेकरी इलाके में सीमा पार करने के कुछ ही देर बाद अग्रिम इलाके में तैनात सतर्क जवानों ने किशोर को रोक लिया। शुरुआती जांच से पता चला है कि हो सकता है कि वह अनजाने में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से एलओसी पार करके इधर आ गया हो। सुरक्षा एजेंसियां सीमा पार करने के हालात का पता लगाने और सुरक्षा से जुड़ी किसी भी आशंका को दूर करने के लिए आगे की जांच कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### टैक्स चोरी मामले में अनिल अंबानी को कोर्ट से मिली राहत

**एजेंसी, मुंबई।** उद्योगपति अनिल अंबानी को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दे दी है। अदालत ने उन्हें काला धन अधिनियम के तहत उन पर मुकदमा चलाने और जुर्माने जैसी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की है। अंबानी ने अपनी याचिका में इस अधिनियम के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। उनकी याचिका को उच्च न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। न्यायमूर्ति बीपी कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की पीठ ने यह आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को इस याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। (अनंत ज्ञान)

### अमृतसर में बीएसएफ ने पकड़ी 3 किलो 50 ग्राम हेरोइन

**एजेंसी, अमृतसर।** ग्रामीण पुलिस के थाना घरिंडा और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की संयुक्त टीम ने सीमा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 3 किलो 50 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बरामद नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस के अनुसार संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें तीन पैकेट बरामद हुए। इनमें दो पैकेट में हेरोइन और एक में अन्य नशीला पदार्थ मिला। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि यह खेप सीमा पार से तस्करी के जरिए पंजाब में पहुंचाई जानी थी। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल के शहरों में अब 40 साल तक लीज पर दुकानें ले सकेंगे दुकानदार

## सुक्खू सरकार लाई नया मसौदा, बिना नीलामी मिलेगा मौका लेकिन शर्तें होंगी लागू

अनंत ज्ञान


फाइल फोटो

**ब्यूरो, शिमला।** शहरों में दशकों से दुकानें चला रहे हजारों कारोबारियों के लिए हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार बड़ा बदलाव करने जा रही है। सरकार ने 'मुख्यमंत्री शहरी कारोबारी कल्याण नियम, 2026' का मसौदा जारी किया है। इसके तहत नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों की संपत्तियों में पिछले 10 साल या उससे अधिक समय से कारोबार कर रहे दुकानदारों को 40 साल तक की लीज देने का प्रस्ताव रखा गया है। सरकार का मानना है कि इससे लंबे समय से कारोबार कर रहे लोगों को भविष्य की अनिश्चितता से राहत मिलेगी और उनके व्यवसाय को स्थायित्व मिलेगा।

मसौदे के अनुसार नगर निकायों की दुकानों, स्टॉलों, मकानों और तहबाजारी स्थलों पर 10 साल या उससे अधिक समय से काबिज लोगों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा। नई दुकानों की लीज राशि सार्वजनिक नीलामी या ई-नीलामी से तय होगी, लेकिन वर्ष 2001 के नियमों के तहत पहले से आवंटित दुकानों के मौजूदा कब्जाधारकों को बिना नीलामी सीधे 40 साल की लीज देने का प्रस्ताव है। इसके लिए जरूरी होगा कि उनके ऊपर किराये का कोई बकाया न हो, वे नई लीज राशि देने को तैयार हों और सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करें। दुकानों का किराया तय करने के लिए नया फॉर्मूला भी प्रस्तावित किया गया है, जिसके तहत मासिक किराया संबंधित क्षेत्र के प्रचलित सर्किल रेट के 10 प्रतिशत के आधार पर निकाला जाएगा।

**एकमुश्त भुगतान पर 20 प्रतिशत तक छूट का प्रस्ताव**

**सरकार** ने लीज को आकर्षक बनाने के लिए छूट की व्यवस्था भी प्रस्तावित की है। यदि कोई दुकानदार 40 साल की पूरी लीज राशि एक साथ जमा करता है तो उसे 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 30 साल की राशि पर 15 प्रतिशत, 20 साल पर 10 प्रतिशत और 10 साल पर 5 प्रतिशत की छूट का प्रावधान रखा गया है। जो लोग हर साल अप्रैल में एकमुश्त वार्षिक भुगतान करेंगे, उन्हें भी 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी, हालांकि ऐसे मामलों में किराये में हर पांच साल बाद 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। 40 साल की मूल अवधि पूरी होने के बाद लीज को आगे 40 साल तक बढ़ाने का विकल्प भी दिया गया है और उस पर भी इसी प्रकार की छूट लागू होगी।

**ऑनलाइन होंगे आवेदन**

**सरकार** पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन करने जा रही है। इसके लिए एक साझा वेब पोर्टल बनाया जाएगा, जहां आवेदन, दस्तावेज, दावे और आपत्तियां अपलोड की जाएंगी। आवेदन सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होगा और किसी भी व्यक्ति को 30 दिन के भीतर आपत्ति दर्ज कराने का मौका मिलेगा। तय समय सीमा में जांच और मंजूरी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी तथा मंजूरी मिलने के पांच दिन के भीतर लीज राशि जमा करनी होगी। मसौदे में यह भी कहा गया है कि यदि कोई मौजूदा दुकानदार लीज का प्रस्ताव मिलने के दो महीने बाद भी समझौता नहीं करता, तो नगर निकाय उसका एनओसी वापस ले सकता है, पानी और सीवरेज कनेक्शन काट सकता है तथा बेदखली की कार्रवाई शुरू कर सकता है। इसके बाद संबंधित संपत्ति को खाली करवाकर खुली ई-नीलामी में डाल दिया जाएगा। सरकार ने इन मसौदा नियमों पर आम लोगों से 30 दिन के भीतर सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं, जिसके बाद इन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा।

## विमल नेगी मौत मामला

# सीबीआई चार्जशीट में वरिष्ठ अधिकारियों पर मानसिक प्रताड़ना व उत्पीड़न के आरोप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के महाप्रबंधक (नवीकरणीय ऊर्जा) विमल नेगी की मौत मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शिमला की विशेष अदालत में दायर अपनी चार्जशीट में कई गंभीर खुलासे किए हैं।



**तत्कालीन एमडी, निदेशक की भूमिका संदिग्ध**

सीबीआई के अनुसार, जांच में यह सामने आया है कि निगम के भीतर कुछ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ऐसा वातावरण बनाया गया, जिससे विमल नेगी को मानसिक प्रताड़ना और पेशेवर उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। एजेंसी ने इसे कथित रूप से एक सुनियोजित प्रक्रिया का हिस्सा बताया है, जिसका संबंध पेखुबेला सौर ऊर्जा परियोजना से जुड़े फैसलों और भुगतान प्रक्रियाओं से जोड़ा गया है।

जांच के मुताबिक, विमल नेगी ने 15 जून 2024 को शोंगटोंग परियोजना से स्थानांतरण के बाद एचपीपीसीएल के कॉरपोरेट कार्यालय में महाप्रबंधक (नवीकरणीय ऊर्जा) के रूप में कार्यभार संभाला था। वह 10 मार्च 2025 को लापता हो गए थे और 18 मार्च 2025 को उनका शव गोबिंदसागर क्षेत्र से बरामद किया गया था। मेडिकल बोर्ड ने मौत का कारण एंटी-मॉर्टम डूबने से हुई श्वासावरोध बताया है। चार्जशीट में आरोप लगाया गया है कि 18 मई 2023 को निदेशक मंडल की बैठक में पेखुबेला सौर ऊर्जा परियोजना एक निजी कंपनी को देने का फैसला हुआ, जिसके बाद कार्यादेश जारी किया गया। सीबीआई का दावा है कि इस प्रक्रिया में कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने कथित रूप से ठेकेदार कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए साजिश रची।

एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया है कि अधीनस्थ अधिकारियों पर दबाव बनाकर ठेकेदार के पक्ष में प्रस्ताव तैयार करवाए गए और ई-ऑफिस में दर्ज आपत्तियों को नजरअंदाज किया गया। इसके अलावा परियोजना को कई बार समय विस्तार दिया गया, जबकि काम तय समय सीमा के भीतर पूरा नहीं हुआ।

सीबीआई ने निष्कर्ष में कहा है कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर मानसिक दबाव, प्रशासनिक उत्पीड़न और कथित अनियमितताओं के बीच यह मामला गंभीर आपराधिक साजिश की ओर संकेत करता है।

## जम्मू-कश्मीर : उरी में एलओसी के पास धमाका, सेना के दो जवान शहीद

**एजेंसी, श्रीनगर**



जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास एक धमाका हुआ। इस घटना में भारतीय सेना के दो जवान बलिदान हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह दुखद घटना उरी सेक्टर के कमलकोट इलाके में हुई थी। धमाके में दोनों सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृत सैनिकों की पहचान अर्जुन जाधव और विक्रम बालकृष्ण के रूप में हुई है। दोनों महाराष्ट्र के निवासी थे। उन्हें श्रीनगर के बादामीबाग छावनी स्थित सेना के बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। दोनों सैनिक 8 राष्ट्रीय राइफल्स से संबद्ध थे। धमाके के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। विस्तृत जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर में लगभग 740 किलोमीटर लंबी एलओसी बारामूला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिलों से गुजरती है। जम्मू डिवीजन में यह पुंछ, राजौरी और आंशिक रूप से जम्मू जिले में स्थित है। केंद्र शासित प्रदेश की करीब 240 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा भी है। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में मंत्रियों-विधायकों के वेतन में 50 प्रतिशत कटौती की अवधि बढ़ी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने वित्तीय अनुशासन की दिशा में एक बार फिर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मंत्रियों, विधानसभा पदाधिकारियों और विधायकों के वेतन में लागू 50 प्रतिशत अस्थायी कटौती की अवधि को आगे बढ़ा दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 10 जून को जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यों, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सभी विधायकों के वेतन पर लागू कटौती व्यवस्था को आगामी आदेशों तक जारी रखा जाएगा।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय पहले जारी अधिसूचना के क्रम में लिया गया है और इसका उद्देश्य वर्तमान वित्तीय परिस्थितियों के बीच सरकारी संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करना है। इस फैसले को राज्य की आर्थिक प्राथमिकताओं और विकास योजनाओं के लिए संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जून 2026 के लिए देय वेतन, जो जुलाई 2026 में वितरित किया जाएगा, वह भी 50 प्रतिशत कटौती के साथ ही जारी होगा।

**पूर्व अधिसूचना के प्रावधान रहेंगे प्रभावी**

**राज्य** सरकार के इस निर्णय को प्रशासनिक स्तर पर मितव्ययिता और वित्तीय प्रबंधन से जोड़कर देखा जा रहा है। अधिसूचना मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना के आदेशों के तहत जारी की गई है तथा इसकी प्रतियां राज्यपाल सचिवालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, विधानसभा सचिवालय और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई हैं। इस निर्णय के बाद राज्य के राजनीतिक पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के वेतन पर लागू कटौती की व्यवस्था फिलहाल आगे भी जारी रहेगी।

## नीरज भारती व अजय वर्मा ने कराया डोप टेस्ट, चंडीगढ़ में दिए सैंपल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में चल रही तीखी बयानबाजी के बीच कांग्रेस के पूर्व विधायक नीरज भारती और एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने बुधवार को चंडीगढ़ की एक निजी लैब में डोप टेस्ट करवाया। दोनों नेताओं ने अपने-अपने नमूने जांच के लिए दिए और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

मामला तब तूल पकड़ गया जब पिछले दिनों अजय वर्मा ने नीरज भारती पर सार्वजनिक रूप से डोप टेस्ट कराने की चुनौती दी थी। इस पर भारती ने चुनौती स्वीकार करते हुए वर्मा को भी साथ में टेस्ट कराने को कहा, जिसके बाद दोनों नेता एक साथ लैब पहुंचे। पिछले एक सप्ताह से नीरज भारती मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश सरकार पर लगातार हमलावर रहे हैं, जिससे राजनीतिक माहौल गरमा गया था। इस घटनाक्रम को प्रदेश की मौजूदा सियासत में नए विवाद के रूप में देखा जा रहा है। दोनों नेताओं ने टेस्ट के बाद कहा कि वे रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं और सच्चाई सामने आनी चाहिए।

यह पूरा मामला प्रदेश की राजनीति में चर्चा का विषय बना हुआ है और सोशल मीडिया पर भी लगातार प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अब सभी की नजरें डोप टेस्ट रिपोर्ट के परिणाम पर टिकी हुई हैं।

## सेना प्रमुख ने नॉर्दर्न कमांड का दौरा कर ऑपरेशन की तैयारियों का लिया जायजा

**एजेंसी, जम्मू**



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में नॉर्दर्न कमांड हेडक्वार्टर का दौरा किया और वहां ऑपरेशनल तैयारी क्षमता विकास और चल रहे आधुनिकीकरण के कामों का जायजा लिया। सेना के एडिशनल डायरेक्टरेट जनरल ऑफ पब्लिक इन्फॉर्मेशन के मुताबिक इस दौरान सेना प्रमुख को मल्टी-डोमेन ऑपरेशन, टेक्नोलॉजी को अपनाने, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और सभी तरह के मिलिट्री ऑपरेशन में इंटीग्रेटेड कॉम्बैट तैयारी के बारे में जानकारी दी गई।

एडीजीपीआई ने बताया कि नॉर्दर्न कमांड और अलग-अलग फॉर्मेशन हेडक्वार्टर के अधिकारियों के साथ हाइब्रिड तरीके से बातचीत करते हुए जनरल द्विवेदी ने तेज़ी से बदलते सुरक्षा माहौल में ऑपरेशनल असरदारता बढ़ाने के लिए नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने और इनोवेशन को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

उन्होंने ऑपरेशनल क्षमताओं को मजबूत करने और सुरक्षा की नई चुनौतियों से निपटने के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के उपायों की भी समीक्षा की। सभी रैंक के जवानों की अटूट प्रतिबद्धता और ऑपरेशनल उत्कृष्टता की तारीफ करते हुए उन्होंने कॉम्बैट तैयारी के ऊंचे स्तर को बनाए रखने में उनके लगातार प्रयासों की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय नाविकों के परित्याग पर सख्ती, 366 जहाजों पर कार्रवाई

**एजेंसी, कोलकाता।** भारतीय नाविकों के परित्याग (एबैंडनमेंट) के बढ़ते मामलों पर सख्ती दिखाते हुए नौवहन महानिदेशालय (डीजी शिपिंग) ने अब तक 88 जहाजों को ब्लैकलिस्ट और 278 जहाजों को प्रतिबंधित सूची में डाल दिया है। कुल 366 जहाजों पर कार्रवाई की गई है। परित्याग की स्थिति तब मानी जाती है जब किसी नाविक को विदेशी बंदरगाह पर बिना वेतन, भोजन और स्वदेश वापसी की व्यवस्था के छोड़ दिया जाता है। अंतरराष्ट्रीय परिवहन श्रमिक महासंघ (आईटीएफ) के अनुसार वर्ष 2025 में 1,125 भारतीय नाविक ऐसे मामलों का शिकार हुए हैं। महानिदेशालय के मुताबिक पहली बार उल्लंघन करने वाले जहाजों को प्रतिबंधित सूची में रखा जाता है, जबकि दोबारा ऐसी घटना सामने आने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया जाता है। ब्लैकलिस्ट जहाजों पर भारतीय नाविकों की नियुक्ति पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। हालिया आदेश में कहा गया है कि परित्याग अंतरराष्ट्रीय समुद्री श्रम मानकों, समुद्री श्रम अभिसमय-2006 और भारतीय समुद्री कानूनों का गंभीर उल्लंघन है। जांच में कई मामलों में नाविकों के वेतन, स्वदेश वापसी और कानूनी सुरक्षा से जुड़ी गंभीर समस्याएं सामने आई हैं। (अनंत ज्ञान)

## ईरान ने समझौता नहीं किया, कीमत चुकाएगा : ट्रंप

### कहा- खुद को मिडिल ईस्ट का दबंग समझता था, अब खत्म हो चुका

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ईरान के हारने का दावा किया। उन्होंने कहा कि ईरानी सेना पूरी तरह से बिखर चुकी है। नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी हैं।

ट्रंप ने कहा कि ईरान सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करता है, लेकिन कोई एक्शन नहीं लेता। वह खुद को मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा दबंग समझता था, लेकिन अब खत्म हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने समझौते पर बातचीत करने में बहुत ज्यादा देर कर दी। अब उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे पहले ईरान ने बुधवार को बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि ये हमले अमेरिकी कार्रवाई के जवाब में किए गए हैं। इससे पहले अमेरिकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और निगरानी रडार ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इससे पहले सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी सेना का अपाचे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। ईरान ने अमेरिकी हेलिकॉप्टर गिराने की जिम्मेदारी नहीं ली है। (अनंत ज्ञान)

**ईरानी राष्ट्रपति बोले- युद्ध देश के लिए अच्छा नहीं**

**ईरान** के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि देश को 'न युद्ध, न शांति' की स्थिति से बाहर निकलना होगा। उन्होंने दावा किया कि पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई भी चाहते थे कि बातचीत के जरिए इस समस्या का हल निकाला जाए और उन्होंने इसके लिए मंजूरी दी थी। पजशकियान ने कहा कि युद्ध ईरान के लिए अच्छा नहीं है, लेकिन अगर कोई देश उस पर हमला करता है तो ईरान जवाब देगा और किसी के सामने झुकेगा नहीं। उनका कहना है कि बातचीत ही मौजूदा तनाव को खत्म करने का सबसे अच्छा रास्ता है। उन्होंने बताया कि पहले कई बार यह कहा जाता था कि ईरान बातचीत नहीं करेगा, लेकिन सरकार के अंदर इस बात पर चर्चा होती थी कि बिना बातचीत के समस्या का समाधान कैसे होगा। इसी वजह से खामेनेई ने वार्ता जारी रखने की अनुमति दी थी।

## स्वारघाट में चलती स्कूटी में लगी आग

अनंत ज्ञान



**स्वारघाट।** स्वारघाट के पुराने नेशनल हाईवे पर बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक चलती स्कूटी में अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही मिनटों में स्कूटी पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालांकि चालक की सतर्कता और त्वरित निर्णय के चलते एक बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक अपनी स्कूटी पर सामान्य रूप से जा रहा था। इसी दौरान वाहन से अचानक धुआं निकलने लगा। चालक कुछ समझ पाता, उससे पहले ही स्कूटी में आग भड़क उठी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए उसने तत्काल वाहन को सड़क किनारे रोका और सुरक्षित दूरी पर चला गया।

आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और देखते ही देखते पूरी स्कूटी आग के गोले में तब्दील हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि स्कूटी को बचाया नहीं जा सका।

हादसे के चलते कुछ समय के लिए सड़क किनारे लोगों की भीड़ जमा रही और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय आसपास कोई अन्य वाहन या राहगीर इसकी चपेट में नहीं आया, जिससे किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ। इस घटना ने एक बार फिर वाहन चालकों को अपने वाहनों की नियमित जांच और समय-समय पर रखरखाव कराने की आवश्यकता का संदेश दिया है।

**गौरव**

## दिल्ली में एनडीए ने किया सम्मान, पीएम मोदी ने नेताओं के साथ खाई झालमुड़ी

# मोदी ने 4399 दिन प्रधानमंत्री रहकर नेहरू का तोड़ा रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम बुधवार को एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई। केंद्र सरकार के प्रमुख के रूप में उन्होंने 12 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया। वह लगातार 4399 दिनों तक चुने हुए सरकार के मुखिया रहने वाले भारत के पहले नेता बन गए। इस खास मौके का जश्न मनाने के लिए दिल्ली के भारत मंडपम में एनडीए की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत हुआ।

बैठक के दौरान एक बहुत ही अनौपचारिक और दोस्ताना पल उस समय देखने को मिला जब प्रधानमंत्री मोदी ने अपने साथी नेताओं के साथ पश्चिम बंगाल की मशहूर झालमुड़ी का आनंद लिया। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीएम मोदी को झालमुड़ी परोसी। वहीं, पीएम मोदी ने खुद अपने हाथों से सहयोगियों को झालमुड़ी बांटी। पीएम मोदी ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर भी साझा किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नेताओं के साथ झालमुड़ी का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं।

भारत मंडपम में हुई इस बैठक में बीजेपी और एनडीए गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल हुए। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। इनके अलावा भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी दिल्ली पहुंचे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत समेत कई राज्यों के उपमुख्यमंत्री भी इस बैठक में पहुंचे।

**कैसे बना यह कीर्तिमान?**

**प्रधानमंत्री** मोदी ने चुने हुए सरकार प्रमुख के तौर पर 4,399 दिनों के कार्यकाल के साथ पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। इस तुलना के लिए नेहरू के 1952 के बाद के कार्यकाल को आधार माना गया है, क्योंकि 1947 से 1952 के बीच वे अंतरिम सरकार के प्रमुख थे। हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 14 साल से ज्यादा समय तक पद संभाला, लेकिन उनका कार्यकाल लगातार नहीं था। इस वजह से पीएम मोदी देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले चुने हुए सरकार प्रमुख बन गए हैं।

# ग्रीष्मोत्सव : डीसी ने किया मिनी बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज

## 180 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, 13 जून तक चलेंगी प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के अंतर्गत बुधवार को इंदिरा गांधी खेल परिसर में जिला मिनी बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने किया। 10 से 13 जून तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-13 तथा अंडर-15 वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पूरे जिले से लगभग 180 प्रतिभागी इस चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त देवी चंद ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत की। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी महत्वपूर्ण स्थान है।

उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। उन्होंने बैडमिंटन एसोसिएशन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था नियमित रूप से ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित कर रही है।



### नशे से दूर रहें युवा : उपायुक्त

**उपायुक्त** ने कहा कि आज प्रदेश की बेटियां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों के योगदान की भी सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को खेलों में आगे बढ़ाने में माता-पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बलवंत झौटा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव सुमित धौता, अन्य पदाधिकारी, अभिभावक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# श्यामला मंथन में युवाओं की प्रतिभा का हुआ प्रदर्शन

## गेयटी थियेटर बना प्रतिभा का मंच, नशामुक्त हिमाचल और संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के अंतर्गत आयोजित श्यामला मंथन कार्यक्रम में बुधवार को ऐतिहासिक गेयटी थिएटर युवा प्रतिभाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त मंच बन गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 24 विद्यार्थियों ने हिन्दी और अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए सामाजिक सरोकारों, नशामुक्त समाज, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा युवा शक्ति की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। बच्चों के आत्मविश्वास, वक्तृत्व कला और विषय की गहन समझ ने उपस्थित दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त एवं अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को साहित्य, इतिहास और अपनी सांस्कृतिक धरोहर से भी जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखते हुए सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुक्खू के मार्गदर्शन में प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाने के अभियान के तहत श्यामला मंथन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य और विचारों की शक्ति युवाओं को सही दिशा देने का कार्य करती है तथा एक सशक्त और जागरूक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रतियोगिता में हिन्दी वर्ग में आईवीवाई इंटरनेशनल स्कूल की पूर्णिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 51 हजार का पुरस्कार हासिल किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फागली की अक्षिता द्वितीय तथा डीएवी लक्कड़ बाजार की भूमिका शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। अंग्रेजी वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फागली की पायल ठाकुर ने प्रथम, मोनाल पब्लिक स्कूल की आरिका ने द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छोटा शिमला के दिव्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि अन्य प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।

उपायुक्त ने घोषणा की कि आगामी वर्षों में पुरस्कार राशि बढ़ाने पर भी विचार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक विद्यालय और विद्यार्थी इस मंच से जुड़ सकें। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के सदस्य, शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



श्यामला मंथन कार्यक्रम के दौरान विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते उपायुक्त। अनंत ज्ञान

# नाटी किंग कुलदीप शर्मा की स्टार नाइट ने बांधा समां, देर रात तक झूमते रहे दर्शक

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव-2026 के तीसरे दिन शिमला पूरी तरह उत्सव के रंगों में सराबोर नजर आया। शहर के विभिन्न स्थलों पर आयोजित सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद और मनोरंजन गतिविधियों ने स्थानीय लोगों तथा देश-विदेश से आए पर्यटकों का भरपूर मनोरंजन किया। सुबह से लेकर देर रात तक गेयटी थिएटर, रानी झांसी पार्क, मालरोड और संजौली मैदान में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।

गेयटी थियेटर में आयोजित श्यामला मंथन प्रतियोगिता के अंतिम चरण में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुशायरा-कवि सम्मेलन और चर्चित नाटक 'मन के भंवर' ने भी दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। वहीं नगर निगम मैदान संजौली में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। रानी झांसी पार्क में आयोजित 'माई हेल्थी बेबी शो' और 'माई चैंपियन डॉग शो' आकर्षण का केंद्र बने रहे। रिपोर्टिंग कक्ष के समीप आयोजित जुम्बा नृत्य कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्टेच्यू मैन, रंग-बिरंगे कैरेक्टर और पुष्प प्रदर्शनी के साथ बच्चों और पर्यटकों ने यादगार पल बिताए।

सांस्कृतिक संध्या में उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र तथा तिब्बत इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हिमाचली लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने पहाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को मंच पर जीवंत कर दिया। संध्या का सबसे बड़ा आकर्षण नाटी किंग कुलदीप शर्मा की स्टार नाइट रही। जैसे ही कुलदीप शर्मा मंच पर पहुंचे, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उनके लोकप्रिय पहाड़ी गीतों और नाटियों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। युवा, महिलाएं और पर्यटक सभी उनकी प्रस्तुतियों के रंग में रंगे नजर आए। कुलदीप शर्मा ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर ऐसा समां बांधा कि पूरा ग्रीष्मोत्सव स्थल उत्साह और उल्लास से भर गया। उनकी प्रस्तुति ने तीसरे दिन के कार्यक्रमों में चार चांद लगा दिए और दर्शकों को लंबे समय तक याद रहने वाली सांस्कृतिक संध्या का अनुभव कराया।



## स्वस्थ शिशुओं का उत्सव, 216 पंजीकरण में 123 बच्चों ने लिया भाग

# अगमप्रीत, अद्विका और शिवान्या बने विजेता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के तहत बुधवार को आयोजित स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता में नन्हे प्रतिभागियों और उनके अभिभावकों का उत्साह देखने योग्य रहा। प्रतियोगिता के लिए 216 बच्चों का ऑनलाइन पंजीकरण हुआ था, जिनमें से 123 बच्चों ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया।

विधायक शिमला शहरी हरीश जनारथा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत कर विजेताओं को सम्मानित किया। 0 से 1 वर्ष आयु वर्ग में शिवान्या ने प्रथम, विहम ने द्वितीय और जोरावर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1 से 3 वर्ष आयु वर्ग में अद्विका प्रथम, कनिका ठाकुर द्वितीय और अव्युक्त वर्मा तृतीय रहे, जबकि 3 से 5 वर्ष वर्ग में अगमप्रीत ने पहला, कैरव ने दूसरा और सियारा गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को क्रमशः 25 हजार, 20 हजार और 15 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

प्रतियोगिता में बच्चों का मूल्यांकन 100 अंकों के निर्धारित मानकों के आधार पर किया गया, जिसमें विकास मापदंड, पोषण स्थिति, विकासात्मक महत्वपूर्णता, टीकाकरण, शारीरिक जांच तथा स्वच्छता और व्यवहार को शामिल किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. पूनम कंवर, डॉ. चंद्रकांता, डॉ. पवना, डॉ. नीलम पठानिया, डॉ. मधु मतैन, डॉ. सनी बंगा और डॉ. रिया ने अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा ने विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर निगम शिमला के पार्षद अंकुश, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशपाल रांटा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



विधायक हरीश जनारथा ने विजेताओं को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

# समर फेस्टिवल में डॉग शो बना आकर्षण का केंद्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला समर फेस्टिवल-2026 के अंतर्गत आयोजित डॉग शो ने दर्शकों और पशु प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न नस्लों के 28 कुत्तों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और विशेष कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विधायक शिमला शहरी हरीश जनारथा ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता को बड़ी, मध्यम और छोटी श्रेणी में आयोजित किया गया, जिनमें क्रमशः 12, 9 और 7 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों में उत्साह का माहौल रहा और प्रतिभागियों के प्रदर्शन पर जमकर तालियां बजीं।

प्रतियोगिता में रघुवीर सूद के कुत्ते 'डब्बी' ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समग्र चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। बड़ी श्रेणी में डब्बी प्रथम, श्वेता शर्मा के 'बडी' द्वितीय और बलविंदर के 'कोको' तृतीय स्थान पर रहे। मध्यम श्रेणी में अंकुर के 'लियो' ने पहला, शिल्पा की 'लैला' ने दूसरा तथा आइवी के 'कॉफी' ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं छोटी श्रेणी में डॉ. अंजलि चौहान के 'टफी' ने प्रथम, रितेश के 'पफी' ने द्वितीय और सूरज के 'जेसी' ने तृतीय स्थान हासिल किया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं की सराहना करते हुए कहा कि डॉग शो समर फेस्टिवल के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहा। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा, उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. नीरज मोहन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# तबले की थाप से गूंजा गुरुकुल धरेच, देश और विदेश से पहुंचे विद्यार्थियों ने सीखी लय



समर कैंप के समापन अवसर पर प्रतिभागियों एवं अतिथि कलाकारों के साथ विक्रम गंधर्व।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के धरेच स्थित गुरुकुल में आयोजित पांच दिवसीय तबला समर कैंप 2026 का बुधवार को उत्साह, ऊर्जा और संगीत साधना के वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हो गया। देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से पहुंचे लगभग 35 संगीत साधकों ने इस शिविर में भाग लेकर तबला वादन की बारीकियों, लयकारी और रियाज की विधियों का गहन अध्ययन किया। प्रसिद्ध तबला वादक विक्रम गंधर्व के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर ने प्रतिभागियों को संगीत की तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ समर्पण, अनुशासन और गुरु-शिष्य परंपरा के मूल्यों से भी जोड़ने का कार्य किया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिविर को जीवन का यादगार और प्रेरणादायक अध्याय बताया।

विक्रम गंधर्व ने बताया कि शिविर के दौरान विद्यार्थियों को तबले की विभिन्न शैलियों, मंचीय प्रस्तुति की तकनीकों तथा शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से परिचित कराया गया। शिविर में दिल्ली से शास्त्रीय गायक रितेश तथा हिमाचल के विख्यात बांसुरी वादक हरिदत्त भारद्वाज सहित कई प्रतिष्ठित कलाकारों ने सहभागिता कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# मोदी नेतृत्व में भारत ने बनाई वैश्विक पहचान: विनोद कुमार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर आयोजित हवन में भाग लेते भाजपा पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** देश के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के अवसर पर गुरुवार को शिमला के राम मंदिर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशेष हवन एवं पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं विधायक विनोद कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान स्थापित की है और बीते 12 वर्षों में विकास, सुशासन तथा जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। विनोद कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और युवाओं के विकास के लिए अनेक योजनाएं सफलतापूर्वक लागू हुई हैं। उन्होंने कहा कि देश आज आत्मनिर्भरता, डिजिटल प्रगति, मजबूत आधारभूत ढांचे और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए दौर से गुजर रहा है। कार्यक्रम के अंत में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न हुआ तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घ और सफल जीवन के लिए प्रार्थना की।

# पीएम मोदी के दीर्घायु जीवन के लिए किया हवन-यज्ञ

## ठियोग के लक्ष्मी नारायण मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं और लोगों ने की प्रार्थना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** ठियोग के लक्ष्मी नारायण मंदिर में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के सबसे लंबे कार्यकाल के उपलक्ष्य में विशेष पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ एवं सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया।

भारतीय जनता पार्टी ठियोग मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा नेता अजय श्याम, मंडल अध्यक्ष दुनी चंद कश्यप, साध राम झरेईक, दिनेश शर्मा, सीमा कश्यप, भारती सूद, पूजा सांख्यान, पवन जोशी, सत प्रकाश वर्मा, राम कृष्ण मदराड़ी, अश्वनी बक्शी, कश्मीर सिंह राणा, हेमराज शर्मा, विक्रांत घोंकरोकटा, रमेश खाची, इंदिरा शर्मा, महेंद्र कालटा, राजेंद्र शर्मा, रणवीर राणा, हेमचंद कंवर, हीरा नंद शर्मा, केसर वर्मा और सुदर्शन कंवर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए हवन-यज्ञ में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन के साथ-साथ राष्ट्र की उन्नति और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं।

इस अवसर पर भाजपा नेता अजय श्याम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों के दौरान भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है और गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की गई हैं। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घ एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनका नेतृत्व देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।



पीएम मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना को लेकर हवन-यज्ञ में भाग लेते भाजपा पदाधिकारी।

# मौसम की मार से बागवान चिंतित, हिमाचल में एक करोड़ पेटी कम हो सकता है सेब उत्पादन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सेब बागानों से इस वर्ष चिंता बढ़ाने वाली तस्वीर सामने आ रही है। प्रारंभिक आकलनों के अनुसार राज्य में इस बार सेब उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में करीब एक करोड़ पेटी तक कम रह सकता है। सर्दियों में पर्याप्त बर्फबारी नहीं होने, आवश्यक चिलिंग आवर्स पूरे न होने और फ्लावरिंग के दौरान मौसम के लगातार बदलते मिजाज ने फसल को प्रभावित किया है। यदि अनुमान सही साबित होते हैं तो इसका सीधा असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था, बागवानों की आय और देशभर के फल बाजारों पर दिखाई देगा।

बागवानी विभाग से प्राप्त संकेतों के अनुसार इस वर्ष प्रदेश में लगभग 2.50 करोड़ पेटी सेब उत्पादन होने की संभावना है, जबकि पिछले सीजन में करीब 3.50 करोड़ पेटियों का उत्पादन दर्ज किया गया था। देवभूमि में लाखों परिवारों की आजीविका सेब पर निर्भर है और उत्पादन में कमी का अर्थ है कि किसानों की आमदनी पर भी दबाव बढ़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि उत्पादन घटने की स्थिति में बाजार में मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे सेब के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

बताते हैं कि कम और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थिति अधिक गंभीर बताई जा रही है। बागवानों का कहना है कि पर्याप्त ठंड न मिलने से पेड़ों की प्राकृतिक प्रक्रिया प्रभावित हुई है, जिसके कारण फलों की संख्या कम हुई है। कई इलाकों में ओलावृष्टि और तापमान में असामान्य उतार-चढ़ाव ने भी फसल को नुकसान पहुंचाया है। बागवानों के अनुसार कुछ क्षेत्रों में उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत तक घटने की आशंका है।

बता दें कि यहां पर सेब उत्पादन का इतिहास भी मौसम पर निर्भर रहा है। कभी अनुकूल परिस्थितियों में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ तो कभी जलवायु परिवर्तन, बेमौसमी बारिश और प्राकृतिक आपदाओं ने फसल को प्रभावित किया। बावजूद इसके प्रदेश में सेब का रकबा लगातार बढ़ा है और वर्तमान में एक लाख सोलह हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सेब की खेती की जा रही है। यही कारण है कि सेब को प्रदेश की बागवानी अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है।

### अब मानसून पर टिकी हैं बागवानों की उम्मीदें

**प्रदेश** के बागवानों की निगाहें अब आने वाले मानसून पर टिकी हुई हैं। किसानों का कहना है कि यदि आगामी मौसम अनुकूल रहा तो फसल की गुणवत्ता बेहतर बनी रह सकती है, लेकिन प्रतिकूल मौसम की स्थिति में नुकसान और बढ़ सकता है। ऐसे में हिमाचल के बागानों से निकलने वाली हर पेटी पर देशभर के व्यापारियों और उपभोक्ताओं की नजर है, क्योंकि इस वर्ष का सेब सीजन बाजार की दिशा और कीमतों दोनों को प्रभावित कर सकता है।

**शिविर** रेडक्रॉस शिविर में रक्तदाता किए सम्मानित, युवाओं से बढ़-चढ़कर भागीदारी का आह्वान

# जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम है रक्तदान: राज्यपाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने युवाओं से जनकल्याणकारी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा है कि रक्तदान जैसा मानवीय कार्य अनेक लोगों को नया जीवन देने का माध्यम बनता है। बुधवार को हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान एवं नि:शुल्क दंत स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदना की भावना को मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसायटी और रक्तदाताओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संस्था आपदा, संकट और जरूरत के समय लोगों तक सहायता पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने का अवसर भी है। इस दौरान उन्होंने नियमित रक्तदान और रेडक्रॉस गतिविधियों में सहयोग के लिए राजकुमार सहित अनेक रक्तदाताओं को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया।

### सेवा, सहयोग और संवेदना से मजबूत होगा समाज

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने मोबाइल डेंटल क्लिनिक वैन का निरीक्षण भी किया और दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण दंत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. साधना ठाकुर, डॉ. किमी सूद, आईजीएमसी के जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## राजस्थान विस अध्यक्ष ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को शिमला स्थित लोक भवन में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। राज्यपाल ने देवनानी का स्वागत करते हुए उन्हें हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक हिमाचली शॉल एवं टोपी भेंट कर सम्मानित किया। भेंटवार्ता के दौरान राज्यपाल ने राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष के सफल सार्वजनिक जीवन की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव संदीप भारद्वाज भी उपस्थित रहे और उन्होंने अतिथियों का स्वागत किया।

## न्यूज ब्रीफ

### रजोट में वॉलीबॉल, कबड्डी व कुश्ती स्पर्धा 16 से

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** पंचरुखी ब्लॉक के रजोट में युवा क्लब एवं मेला कमेटी द्वारा 16 व 17 जून को दो दिवसीय खेल महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मां चिंतपूर्णी मंदिर प्रांगण में वॉलीबॉल, कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिताएं होंगी। वॉलीबॉल विजेता को 9100, कबड्डी विजेता को 8100 तथा कुश्ती विजेता को 5100 नकद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिताओं में केवल पालमपुर, बैजनाथ, जोगिंद्रनगर और जयसिंहपुर उपमंडलों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रवेश शुल्क 700 प्रति टीम है। 15 जून को महिलाओं के लिए रस्साकसी, कुर्सी दौड़ और मटका फोड़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी।

### 'एनटीए चेयरमैन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री दें इस्तीफा'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में एनएसयूआई ने केंद्र सरकार, एनटीए और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एनटीए चेयरमैन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। संगठन ने आरोप लगाया कि नीट, जेईई और नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी के कारण छात्रों का भरोसा कमजोर हुआ है। संगठन ने एनटीए की गवर्निंग बॉडी भंग कर निष्पक्ष लोगों को जिम्मेदारी सौंपने की मांग की। साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालय से जुड़े कथित पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग भी उठाई।

### शेरा गुर्जर बने भलाड़ दंगल की बड़ी माली के विजेता

**अनंत ज्ञान, शिबू ठाकुर, कोटला।** उपमंडल जवाली की भलाड़ पंचायत में ग्रामवासियों के सहयोग से विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के नामी पहलवानों ने भाग लिया। इस दंगल की शुरुआत वर्ष 2000 में हुई थी और यह पूरी तरह गांववासियों के सहयोग से संचालित होता है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और आयोजन की सराहना की। कई रोमांचक मुकाबलों में पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। बड़ी माली की कुश्ती में शेरा गुर्जर ने विजय हासिल की। अंत में विजेता एवं उपविजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### थुरल में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल तहसील के गुप्तेश्वर महादेव सामुदायिक भवन में सारिका ज्वेलर्स थुरल के सौजन्य से 7 जून से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो 13 जून तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। कथा व्यास परम पूज्य स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज अपने मधुर प्रवचनों और भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो रहे हैं। इस आयोजन के मुख्य यजमान मीरा वर्मा, खुशहाल चंद वर्मा एवं उनका परिवार हैं। आयोजकों के अनुसार इस कथा की प्रेरणा गुरुदेव बाबा साधु राम जी से मिली है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण कर रहे हैं। समापन दिवस 13 जून को पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### पीएम मोदी के उत्तम स्वास्थ्य के लिए हवन यज्ञ



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार की अध्यक्षता में त्र्यंबकेश्वर मंदिर, राई दा बड़ धीरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी नेतृत्व की कामना को लेकर हवन-पूजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी ने आहुतियां देकर प्रधानमंत्री के लिए प्रार्थना की और उनके नेतृत्व में देश के निरंतर विकास की कामना की।

### जनगणना के पहले चरण का प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, डरोह।** तहसील धीरा में जनगणना-2027 के प्रथम चरण यानी हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण 4 से 10 जून तक तहसीलदार धीरा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन मास्टर ट्रेनर विवेक शर्मा एवं मिलाप चंद द्वारा किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को घर सूचीकरण प्रक्रिया, मोबाइल ऐप संचालन, आंकड़ों के सही एवं त्रुटिरहित संकलन तथा जनगणना से जुड़े सभी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही फील्ड में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और प्रशिक्षित कर्मी इसके सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### पर्यटन उपनिदेशक को इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** लाडली फाउंडेशन, हिमाचल रेनबो स्टार क्लब और गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के उपनिदेशक एवं हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार धीमान को इंडियन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं हिमाचल में स्विमिंग खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्हें हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। लाडली फाउंडेशन की राज्य अध्यक्ष शालु अख्तर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। विनय कुमार धीमान ने प्रदेश के विकास और जनहित में निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

### ऐश्वर्या चंद कटोच ने की जनप्रतिनिधियों से भेंट



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लंबागांव के महाराजा ऐश्वर्या चंद कटोच ने अपने राजमहल में लंबागांव वार्ड से नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य व स्थानीय पंचायत में जीत हासिल करने वाले जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनसे शिष्टाचार भेंट की। ऐश्वर्या चंद कटोच ने बैठक के दौरान क्षेत्र के विकास, जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों एवं पंचायत क्षेत्र की प्रगति को लेकर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। सभी जनप्रतिनिधियों के सफल, जनसेवा-समर्पित एवं गौरवपूर्ण कार्यकाल की मंगलकामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### 16.66 ग्राम चिट्टे के साथ तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत एसटीएफ कांगड़ा की टीम ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए राजा का बाग क्षेत्र से तीन व्यक्तियों को 16.66 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम गश्त पर थी, इसी दौरान मिली खुफिया सूचना के आधार पर राजा का बाग स्थित हिमफैड गोदाम के पास चेकिंग की गई। इस दौरान संदिग्ध अवस्था में खड़े तीन व्यक्तियों की तलाशी ली गई, जिनके बैग से सिगरेट की डिब्बी में छिपाकर रखा गया चिट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शमशेर सिंह उर्फ चुन्ना, गौरव समकरिया उर्फ गोरू और मनदीप सिंह उर्फ गोल्डी के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टीईटी परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) जून-2026 के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। इस परीक्षा में प्रदेशभर से 24 हजार से अधिक अभ्यर्थी भाग लेंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टीजीटी (आर्ट्स), टीजीटी (मेडिकल), जेबीटी और टीजीटी (संस्कृत) की परीक्षाएं निर्धारित शेड्यूल के अनुसार होंगी। 13 जून 2026 को टीजीटी आर्ट्स और मेडिकल तथा 14 जून को जेबीटी और संस्कृत विषय की परीक्षाएं होंगी।

### आदतन नशा तस्करों पर जिला पुलिस सख्त, लगातार कार्रवाई जारी

# पीआईटी एनडीपीएस के तहत 25 में से 16 केसों को मंजूरी

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** आदतन नशा तस्करों पर जिला पुलिस की ओर से सख्त कार्रवाई की जा रही है। बार-बार नशे के कारोबार में संलिप्त पाए जाने वाले अपराधियों पर पीआईटी एनडीपीएस के तहत कार्रवाई हेतु जिला पुलिस की ओर से सरकार को 25 केस भेजे गए थे जिनमें से 16 को मंजूरी मिल चुकी है । नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही जिला पुलिस द्वारा नशे के दो मामलों में एक करोड़ 82 लाख की प्रॉपर्टी को सीज किया गया है। वहीं, 67 लाख के एक मामले का दिल्ली स्थित सक्षम अधिकारी के पास ट्रायल चल रहा है।

◆ **2 केसों में 1.82 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी सीज**

#### जिले से हो रही थी लाखों की ट्रांजेक्शन

**नशा** तस्करों की कमर तोड़ने के लिए जिला पुलिस की ओर से ऑपरेशन नया सवेरा शुरू किया गया है, जिसके तहत पुलिस को सफलता भी मिल रही है। ऑपरेशन के पहले चरण में जालंधर से सचालित सहोता नेटवर्क का पुलिस ने भंडाफोड़ किया था। मामले की जांच में सामने आया था कि जिला कांगड़ा के विभिन्न हिस्सों से लाखों रुपए की ट्रांजेक्शन हो रही थी जिस पर भी पुलिस ने शिकंजा कसा है साथ ही ऑपरेशन नया सवेरा लगातार जारी है।

#### तस्करों पर और कड़ा होगा प्रहार : एसपी

**एसपी** कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि पिट एनडीपीएस के तहत सरकार को 25 कैसे भेजे गए थे, जिसमें से 16 की डिटेंशन आ चुकी है। नशा तस्कर नशा बेचकर पैसा और संपत्तियों बनाते हैं। ऐसे में उन पर भी पुलिस कड़ी नजर रखे हुए हैं। इस वर्ष दो ममलों में 1.82 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी सीज की जा चुकी है, जबकि 67 लाख का ट्रायल दिल्ली स्थित सक्षम अधिकारी के पास चल रहा है और कुछ केस अंडर पाइप लाइन हैं। आने वाले समय में ऑपरेशन नया सवेरा के तहत जिले में चल रहे नशा कारोबार पर और भी कड़ा प्रहार किया जायेगा और ऐसे नेटवर्क को जिला में पनपने नहीं दिया जाएगा।

### भारत-अफगानिस्तान वनडे मैच के दौरान पैराग्लाइडिंग व हवाई गतिविधियों पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में 13 जून को आयोजित होने वाले भारत और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दृष्टिगत सुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग एवं अन्य हवाई गतिविधियों पर रोक के आदेश जारी किए हैं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला शिल्पी बेक्टा ने यह आदेश जारी करते हुए बताया कि मैच में भाग लेने वाली दोनों टीमें 11 जून से धर्मशाला पहुंचकर अभ्यास सत्रों में भाग लेंगी। ऐसे में खिलाड़ियों, अधिकारियों तथा दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एचपीसीए स्टेडियम तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में 11 से 13 जून 2026 को मैच समाप्ति तक पैराग्लाइडिंग और अन्य सभी हवाई गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

## जांगल में गहराया पेयजल संकट 15-15 दिन नहीं आ रहा पानी

### महिलाओं ने विभाग को दी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी



जलशक्ति विभाग के खिलाफ रोष जताती महिलाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शिबू ठाकुर, कोटला।** उपमंडल कोटला की पंचायत जांगल में पेयजल संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। ग्रामीणों को पिछले लंबे समय से पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। कई-कई दिनों तक जल आपूर्ति न होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

बुधवार को महिला मंडल प्रधान निर्मला देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने एकत्र होकर विभाग के खिलाफ रोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि गांव में 15-15 दिनों तक पानी की सप्लाई नहीं पहुंचती, जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कई परिवारों को दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है या निजी व्यवस्था करनी पड़ रही है। महिला मंडल प्रधान ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद आईपीएच विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने मांग की कि पेयजल आपूर्ति का निश्चित टाइम टेबल जारी किया जाए। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे विभागीय कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करेंगी। उधर, जलशक्ति विभाग कोटला के एसडीओ दीप सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में है और जल्द समाधान किया जाएगा।

## 2020 और 2022 के मध्य रिटायर पेंशनर्स का भी जल्द एरियर भुगतान: कल्याण भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट हिमाचल प्रदेश ने मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा जनवरी 2016 से जनवरी 2019 तक 65 से 70 साल सेवानिवृत्त पेंशनर्स के लंबित एरियर के भुगतान संबंधी निर्णय का स्वागत किया है, जिसे जारी करने की घोषणा लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे वरिष्ठ नागरिकों के लिए राहत का विषय है।



हालांकि, वर्ष 2020 एवं 2021 में सेवानिवृत्त हुए लगभग 15 हजार पेंशनर्स को अभी भी प्रतीक्षा पंक्ति में खड़ा कर दिया गया है। सरकार को चाहिए कि इनके लंबित पेंशन निर्धारण के एरियर भुगतान को भी बिना किसी और विलंब के अतिशीघ्र जारी करने की घोषणा करे, ताकि सभी प्रभावित पेंशनर्स के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित हो सके। पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने प्रेस बयान कहा कि सुक्खू सरकार इन पंद्रह हजार पेंशनर्स को छोड़ राज्य के शेष लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा पेंशनर्स का केवल पेंशन संशोधन का एरियर भुगतान कर चुकी है, परंतु अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के मध्य सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों और पेंशनर्स को सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाले उनके वैधानिक एवं अर्जित वित्तीय लाभों से वर्षों तक वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट सरकार से आग्रह करता है कि शेष सभी लंबित एरियर, संशोधित पेंशन लाभों तथा अन्य वित्तीय देनदारियों के भुगतान के लिए स्पष्ट, समयबद्ध और पारदर्शी कार्यक्रम घोषित किया जाए।

## चौगान पंचायत ने बढ़ाया जिले का मान पर्यावरण संरक्षण में पाया दूसरा स्थान



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जिले की चौगान पंचायत ने हिमाचल प्रदेश राज्य वार्षिक पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार 2025-26 में पंचायत श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह समारोह पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा जलवायु परिवर्तन विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित किया गया। यह पुरस्कार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिमला के रिज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के लिए सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें उनके कार्यों और उपलब्धियों को परखा गया। बैजनाथ ब्लॉक में स्थित ग्राम पंचायत चौगान ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए इस पुरस्कार के लिए आवेदन किया था। पंचायत का यह काम मुख्य रूप से वेस्ट वारियर्स सोसायटी की मदद से संभव हो सका, जो पिछले 4 वर्षों से पंचायत और एक स्थानीय उद्यमी के साथ मिलकर कचरा संग्रहण का कार्य कर रही है। संस्था की प्रतिनिधि दिया बत्रा ने बताया कि चौगान पंचायत में स्थानीय निवासी, तिब्बती, दीर्घकालिक निवासी और व्यावसायिक प्रतिष्ठान सभी शामिल हैं।

◆ **25 हजार की राशि भी मिली**

## एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित तीसरा आरोपी पंजाब के फिलौर से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** नूरपुर पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित तीसरे आरोपी राज कुमार उर्फ राजू को पंजाब के फिलौर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राज कुमार (पुत्र स्व. अशोक कुमार, निवासी ग्राम टोकी, तहसील इंदौरा) को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार इस मामले में कुल तीन आरोपी वांछित थे, जिनमें से दो आरोपियों को बीते दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया था। तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही अब सभी आरोपी पुलिस की पकड़ में आ चुके हैं। राज कुमार के खिलाफ पहले भी नशा तस्करी के दो गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें थाना नूरपुर में स्नद्ध, संख्या 111/2024 के तहत 6.15 ग्राम हेरोइन की बरामदगी तथा थाना डमटाल में एफआईआर संख्या 47/2025 के तहत 11.69 ग्राम हेरोइन की बरामदगी शामिल है। उसकी लगातार आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए गृह विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा उसके खिलाफ तीन माह की निवारक निरुद्ध (डिटेंशन) के आदेश जारी किए गए थे। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पुलिस थाना डमटाल के सुपुर्द किया गया है, जहां से उसे नियमानुसार जिला जेल कांगड़ा, धर्मशाला में तीन माह के लिए निरुद्ध किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई आगे भी सख्ती से जारी रहेगी।

## 1 लाख से अधिक बच्चे पिएंगे पोलियो की खुराक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में एडीसी कांगड़ा विनय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। 28 जून को बूथ स्तर पर तथा 29-30 जून को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 1,01,366 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए 1069 बूथ और 2138 टीमें तैनात की जाएंगी। बैठक में एचपीवी टीकाकरण अभियान की भी समीक्षा की गई तथा पात्र बालिकाओं तक टीकाकरण पहुंचाने के निर्देश दिए गए। अब तक 2,249 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है।

### मैक्लोडगंज में चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मैक्लोडगंज क्षेत्र में एक युवक को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 9 जून को मैक्लोडगंज थाना पुलिस गश्त पर थी, इसी दौरान टैंगलवुड मार्ग के पास सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में बैठे एक युवक को देखा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1.76 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान देहरा उपमंडल के वनखंडी निवासी 35 वर्षीय लक्की डोगरा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### कांगड़ा में जर्जर सड़क को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा शहर की ओल्ड एसडीएम कार्यालय से दौलतपुर टनल तक की जर्जर सड़क को लेकर अधिवक्ता सौरभ कौंडल, सौरभ चौधरी, अभिमन्यु, सूरज, मनोज मेहता, सुरिंदर चौधरी, अर्चना पुरी और समाजसेवी मुनीश बाहडी ने एसडीएम कांगड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सड़क की हालत बेहद खराब है और जगह-जगह गड्ढों के कारण यह मार्ग नाले जैसा प्रतीत होता है। इससे स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों और पर्यटकों को रोजाना परेशानी हो रही है, साथ ही दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को 7 दिनों में कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं अधिवक्ता सौरभ कौंडल ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों में कार्य शुरू नहीं हुआ तो 11वें दिन एसडीएम कोर्ट परिसर में शांतिपूर्ण भूख हड़ताल की जाएगी।

### बैह ढोंटा के खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग में जीते पदक

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** उपमंडल देहरा के गांव बैह ढोंटा के खिलाड़ियों ने पारस पब्लिक स्कूल भवारना में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-15 बालक एवं बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में नक्ष भट्टी ने स्वर्ण पदक और सागर ने कांस्य पदक हासिल किया। नक्ष भट्टी ने उत्कृष्ट खेल कौशल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन 15 और 16 जून 2026 को ज्यूरी (शिमला) में होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-15 बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कोच अरवाज वेग, जो सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर हैं, ने खिलाड़ियों की सफलता पर खुशी जताते हुए इसे मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया। विद्यालय परिवार ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पालमपुर में गोशाला क्षमता बढ़ाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** पालमपुर उपमंडल में सड़कों पर घूम रहे गोवंश को गोशालाओं तक पहुंचाने के लिए प्रशासन सक्रिय है। इसी कड़ी में एसडीएम डॉ. ओपी यादव ने गोपालपुर के कुड्डन स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूदा व्यवस्थाओं की समीक्षा की और लोक निर्माण विभाग तथा गोशाला संचालकों से विस्तार क्षमता बढ़ाने पर चर्चा की। वर्तमान में गोशाला में 170 गोवंश रखे गए हैं, जिसे बढ़ाकर लगभग 225 तक करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने गोशाला कर्मियों के आवास को अन्यत्र स्थानांतरित कर अतिरिक्त निर्माण कार्य करने को कहा, ताकि स्थान का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने संबंधित विभाग को कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। डॉ. ओपी यादव ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य बेसहारा गोवंश को सुरक्षित आश्रय देना और सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करना है।

### परागपुर एसडीएम कार्यालय की अधिसूचना में देरी, रोष

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से 25 जनवरी को परागपुर में एसडीएम कार्यालय खोलने की घोषणा के बावजूद अब तक अधिसूचना जारी नहीं हो पाई है। इससे क्षेत्र के लोगों में निराशा बढ़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं और कैबिनेट स्तर पर देरी के कारण मामला लंबित है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सामान्य प्रशासन विभाग को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश देने की मांग की है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, नए एसडीएम कार्यालय को न्यायिक शक्तियां प्रदान करने के लिए संबंधित फाइल उच्च न्यायालय के पास विचाराधीन है। इसी कानूनी प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद कार्यालय को विधिवत कार्यशील बनाया जा सकेगा।




## न्यूज ब्रीफ

### नादौन में चौकों पर लगाए सीसीटीवी कैमरे

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जिला पुलिस हमीरपुर ने पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह के मार्गदर्शन में थाना नादौन क्षेत्र में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत बड़ा चौक, इंद्रपाल चौक और सेरा चौक सहित अन्य संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा इन स्थानों पर कैमरे लगाने की मांग की जा रही थी। पुलिस का मानना है कि इससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात नियंत्रण और अपराधों की रोकथाम में मदद मिलेगी। स्थानीय जनता ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

### बगवाड़ा, पंजोत में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी में 11 केवी विद्युत लाइन के खंभों को शिफ्ट करने के कारण विद्युत आपूर्ति 9 से 6 बजे तक बाधित रहेगी। इसके चलते विद्युत उपमंडल टौणी देवी के तहत आने वाले गांवों समीरपुर, अवाहदेवी, पटनौण, बगवाड़ा, पंजोत, खनसन, बराड़ा मतलाणा धरयाडा दरब्यार, सिकांदर, भरनोट, डूंगीं कोहलीं, डागू, घलोट, सिसवां, बारी, चाहड़, अम्बी व बजवाल के सभी उपभोक्ता प्रभावित होंगे। विद्युत उपमंडल टौणी देवी के सहायक अभियंता ई. दीपक चैहान ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### लंबित मामलों को सुलह से निपटाने का मौका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हमीरपुर के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के आपसी सुलह एवं मध्यस्थता से निपटारे के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यह पक्षकारों के लिए विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान करने का सुनहरा अवसर है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 21 अप्रैल से समाधान समारोह-2026 शुरू किया गया है, जिसके तहत मामलों का निपटारा आपसी सहमति और संवाद के माध्यम से किया जा रहा है। इस अभियान का समापन 21 से 23 अगस्त को आयोजित विशेष लोक अदालतों के साथ होगा।

### योग दिवस पर अणु में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आयुष विभाग 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम हमीरपुर के अणु स्थित सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में आयोजित करेगा। कार्यक्रम की तैयारियां जिला प्रशासन के सहयोग से शुरू कर दी गई हैं। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने पेयजल, सफाई, शौचालय, मैट, पार्किंग और रिफ्रेशमेंट सहित सभी सुविधाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जरूरत पड़ने पर एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र और स्वयंसेवी संस्थाओं के वॉलंटियर्स की मदद ली जाएगी। खराब मौसम की स्थिति में इंडोर स्टेडियम में वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाएगी।

### पीएम मोदी की दीर्घायु के लिए की पूजा-अर्चना



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** नादौन के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में बुधवार को लहड़ा स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के उपलक्ष्य में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में लहड़ा पंचायत प्रधान राकेश कुमार, बीडीसी सदस्य निशा शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विजय अग्निहोत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जनता अब बदलाव की उम्मीद कर रही है।

### मोदी के 4399 दिन के कार्यकाल पर हवन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 4399 दिनों तक राष्ट्र सेवा पूर्ण होने के अवसर पर भोरंज भाजपा मंडल द्वारा जालपा माता मंदिर जलाहू में विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्यकाल देश के विकास और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। कार्यक्रम में कई स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और देश की समृद्धि का संकल्प लिया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग और 'प्रथम' एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे समर कैंप 2026 'कमाल की तैयारी' अभियान के तहत हमीरपुर खंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें 64 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं और 5 पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति और स्कूल तैयारी को बेहतर बनाना है। इसमें समर मेला, खेल-आधारित मूल्यांकन और अभिभावकों की सहभागिता शामिल होगी। बच्चों को रिपोर्ट कार्ड भी दिया जाएगा। सीडीपीओ सुनीता शर्मा ने कहा कि यह प्रशिक्षण जमीनी स्तर पर बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### भाजपा महिला मोर्चा चलाएगा 'विकास के नाम' अभियान



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** भाजपा महिला मोर्चा जिला हमीरपुर की ओर से सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 'विकास के नाम' विषय पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। लसभी मंडलों में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता मंदिरों में हवन, आरती और पूजा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के लिए प्रार्थना करेंगी। साथ ही पौधरोपण, स्वच्छता अभियान और ऊर्जा बचत पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। हर मंडल से समाज में प्रभाव रखने वाली तीन महिलाओं का चयन कर विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

# निगम के गोदामों से डिपुओं को भेजा राशन निकल रहा कम

## बोरियों में चावल, चीनी व आटा 6 से 8 किलोग्राम तक निकल रहा कम

अनंत ज्ञान




**हमीरपुर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम निगम के गोदामों से डिपुओं पर भेजा गया सस्ता राशन बोरियों में 6 से 8 किलोग्राम तक कम निकल रहा है। ऐसी स्थिति में डिपो धारकों को राशन कार्ड धारकों को राशन पूरा करना मुश्किल हो रहा है। डिपो धारक अपने डिपो पर दर्ज राशन कार्डों के मुताबिक खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को हर माह डिमांड देते हैं और विभाग डिपो धारकों की मांग के अनुसार डिपो धारकों के राशन का परमिट काटता है।

डिपो धारकों को यह राशन खाद्य आपूर्ति विभाग उनके परमिट के हिसाब से मुहैया करवाता है जिसकी सारी की सारी रकम एक एक ग्राम के हिसाब से डिपो धारक निगम को एडवांस में अदा करते हैं, लेकिन निगम के गोदामों से डिपो धारकों को परमिट के हिसाब से राशन न देकर कम राशन मिल रहा है, हालांकि प्रदेश सरकार ने निगम को राशन तोल कर देने के लिखित में आदेश भी जारी किए हैं और निगम द्वारा डिपो धारकों को वेट चैक मेमो देना भी अनिवार्य किया है, जोकि कागजों तक ही सीमित है। प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने प्रेस बयान में कहा कहा कि इसके बारे में कई बार विभाग को अवगत करवाया, लेकिन खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के खिलाफ विभाग ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। कवि ने कहा कि खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के खिलाफ न तो खाद्य आपूर्ति विभाग और न ही माप तोल विभाग कोई कार्रवाई करता है, जबकि खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी डिपो धारकों से निरीक्षण के दौरान निगम द्वारा कागजों में भेजे गए एक एक ग्राम राशन का हिसाब मांगते हैं और माप तोल विभाग भी डिपो पर कम आए राशन पर डिपो धारकों का मोटा चालान कर देते हैं, लेकिन माप तोल विभाग न तो आटे की मिलों पर जाकर आटे वजन चेक करते हैं और न ही निगम के गोदामों में चावल, चीनी और खाद्य तेल की पेटियों का वजन चेक किया जाता है। अशोक कवि ने निगम पर यह भी आरोप लगाया कि निगम के गोदामों से डिपुओं पर भेजी गई खाद्य तेल की पेटियों में भी 12 लीटर के बजाय 11 लीटर खाद्य तेल ही निकलता है, जिसकी शिकायत भी कई बार खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग व खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों से की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

### खाद्य आपूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, नाराजगी बढ़ी

**प्रदेश** अध्यक्ष अशोक कवि ने खाद्य आपूर्ति विभाग एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कम राशन की शिकायत करने पर उपभोक्ताओं को यह कहकर टाल दिया जाता है कि बेइंग मशीन खराब है, जबकि ये मशीनें विभाग द्वारा स्थापित और माप-तोल विभाग द्वारा सत्यापित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि डिपो धारकों को मोबाइल और इंटरनेट सुविधा दिए बिना उनके निजी संसाधनों से राशन कार्ड धारकों की लोकेशन अपडेट करने का दबाव बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। अशोक कवि ने कहा कि एनएफएसए के तहत कमीशन और पॉश मशीनों से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के लिए डिपो धारकों को न्यायालय का सहारा लेना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा चुनाव से पहले डिपो धारकों को 20 हजार रुपए मासिक वेतन देने का वादा किया गया था, जो चार साल बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो डिपो धारक काम छोड़ने को मजबूर होंगे।

### भोरंज की नौ ग्रामीण सड़कों पर खर्च होंगे एक करोड़ : विजय



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय वन्याल ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि भोरंज की नौ ग्रामीण सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए करीब एक करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे क्षेत्र का व्यापक विकास होगा। लोक निर्माण विभाग भोरंज मंडल के तहत जाहू बाजार में नालियों और फुटपाथ निर्माण के लिए 20 लाख रुपए मंजूर किए हैं। भोगवां से सपलुही, सती का घाट से चाब और अन्य मार्गों की मरम्मत एवं निर्माण के लिए भी राशि स्वीकृत हुई है। अधिशाषी अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात सुविधा बेहतर होगी और सड़क व्यवस्था मजबूत बनेगी।

### टीजीटी आर्ट्स का फाइनल परिणाम घोषित, 414 उम्मीदवारों का चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने प्रारंभिक शिक्षा विभाग में टीजीटी (आर्ट्स) के 425 पदों (ट्रेनी) को भरने के लिए पोस्ट कोड-25001 के तहत आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच के बाद अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन पदों के लिए कुल 44,155 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 38,220 उम्मीदवारों ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा दी थी और इस परीक्षा में 664 उम्मीदवारों का चयन दस्तावेजों की जांच के लिए किया गया था। 16 अप्रैल से 22 अप्रैल तक और एक जून को दस्तावेजों की जांच के बाद 414 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। पात्र उम्मीदवार न मिलने के कारण ओबीसी (स्वतंत्रता सेनानी परिजन) के 2 और एससी (स्वतंत्रता सेनानी परिजन) के 7 पद खाली रह गए हैं। न्यायालय में मामला लंबित होने के कारण सामान्य श्रेणी के भी 2 पद भी फिलहाल खाली रखे गए हैं। सचिव ने बताया कि यह अंतिम परिणाम सभी उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर और अंकों सहित आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

### बड़सर हलके में आठ जगह दहके जंगल, लाखों की वन संपदा राख



अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** हमीरपुर जिले में मंगलवार को जंगलों में भीषण आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। एक साथ आठ अलग-अलग स्थानों पर जंगल दहक उठे, जिससे लाखों रुपए की वन संपदा जलकर राख हो गई।

वन विभाग, अग्निशमन दल और स्थानीय लोगों ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, कई घंटों की इस आगजनी से हरी-भरी वनस्पति, पशु-पक्षियों का आवास और बहुमूल्य पेड़ पूरी तरह नष्ट हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, लाखों रुपए की वन संपदा को नुकसान हुआ है। वन विभाग, अग्निशमन दल और स्थानीय लोगों ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, कई घंटों की इस आगजनी से हरी-भरी वनस्पति, पशु-पक्षियों का आवास और बहुमूल्य पेड़ पूरी तरह नष्ट हो गए। प्रारंभिक अनुनान के अनुसार, लाखों रुपए की वन संपदा को नुकसान हुआ है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में जंगलों में आग न लगाएं और सतर्क रहें। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आग लगाने के कारणों का पता लगाने के लिए वन विभाग की एक टीम लगी हुई है।

### कॉरपोरेट सेक्टर के सेवानिवृत्त कर्मियों की समस्याओं का भी समाधान करे सरकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कॉरपोरेट सेक्टर रिटायरीज को-ऑर्डिनेशन कमेटी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा हाल ही में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया है। प्रदेश अध्यक्ष देवी लाल ठाकुर ने कहा कि नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत और नगर पालिकाओं के कर्मचारियों के लिए 2016 के लंबित वेतनमान को लागू करना एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी की पेंशन एवं वित्तीय देनदारियों को समय पर जारी करने और पेंशन भुगतान की समय सीमा तय करने का निर्णय भी महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने 29-10-1999 की पेंशन बहाली अधिसूचना को पुन: लागू करने की मांग दोहराई, जिसे वर्ष 2004 में बंद कर दिया गया था। कमेटी ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि कॉरपोरेट सेक्टर के प्रतिनिधिमंडल को भी वार्ता के लिए बुलाया जाए ताकि लंबित मांगों का समाधान किया जा सके। लगभग 6500 पेंशनर परिवार न्याय की अपेक्षा कर रहे हैं।

### गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी ने जरूरतमंद परिवारों को बांटी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी की मासिक बैठक संस्था के प्रधान अरुण कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में भरेड़ी में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में नए सत्र के लिए संस्था की कार्यकारिणी के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद कार्यकारिणी की बैठक में विभिन्न जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया। संस्था ने रीना देवी निवासी गांव भोगों तथा प्रीतमा देवी निवासी गांव जेजवीं को उनकी बेटियों के विवाह के लिए 5,100-5,100 रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

इसके अलावा सीमा देवी निवासी गांव दलालड़ तथा शकुंतला देवी निवासी गांव सरसोली को उपचार के लिए 5,000-5,000 रुपए प्रदान किए गए। वनिता देवी निवासी गांव उखलसुआ को उनके पति के इलाज के लिए 10,000 रुपए तथा रामेश्वरी देवी निवासी गांव ठाणा को उपचार हेतु 10,000 रुपए की सहायता दी गई।

संस्था ने रवि कुमार निवासी गांव भोगों को किडनी ट्रांसप्लांट उप के लिए 10,000 रुपए तथा संतोष कुमार निवासी गांव छात्र कलां को हृदय ऑपरेशन के लिए 20,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था के संस्थापक डॉ. पीसी सैणी ने बताया कि सहायता प्राप्त करने वाले सभी परिवार गरीब हैं और अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी सामाजिक सरोकारों के कार्य जारी रखेगी।

### पंचायत की अनदेखी: ग्रामीणों ने मिलकर 500 मीटर कच्चे रास्ते को किया पक्का

अनंत ज्ञान




दर गांव के लोगों ने आपसी सहयोग से किया रास्ते को पक्का। अनंत ज्ञान

**जाहू।** भोरंज उपमंडल के धमरोल पंचायत के दर गांव के लोगों ने वर्षों से लंबित रास्ते की समस्या का समाधान स्वयं करते हुए अपने सहयोग से करीब 500 मीटर कच्चे रास्ते को पक्का कर दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत से कई बार मांग करने के बावजूद इस कार्य पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि दर गांव से होकर गुजरने वाला रास्ता चंदरुही और जाहू को जोड़ता है। ग्रामीण रजनीश कुमार, अशोक कुमार और दिले राम ने बताया कि पिछले पांच से सात वर्षों से लगभग 500 मीटर रास्ता कच्चा पड़ा हुआ था। इस संबंध में पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायत सचिव को कई बार लिखित रूप में मांग पत्र भी दिए गए, लेकिन रास्ते को पक्का करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि जब पंचायत की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई तो गांव के लोगों ने स्वयं आगे आकर रास्ते का निर्माण करने का निर्णय लिया। इसके लिए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से धन एकत्रित किया, मजदूर लगाए तथा बजरी, रेत और अन्य निर्माण सामग्री की व्यवस्था की। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं के तहत पंचायतों को रास्तों और अन्य विकास कार्यों के लिए लाखों रुपए उपलब्ध कराए जाते हैं, फिर भी उन्हें अपने स्तर पर धन खर्च कर रास्ता बनाना पड़ा। उनका कहना है कि इससे संबंधित विभाग और पंचायत की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगते हैं।

वहीं, धमरोल पंचायत के पूर्व प्रधान विजय कुमार ने बताया कि यह रास्ता लगभग एक किलोमीटर लंबा है। इसका अधिकांश भाग पंचायत द्वारा पहले ही पक्का किया जा चुका था, जबकि शेष हिस्सा बजट की कमी के कारण अधूरा रह गया था। अब ग्रामीणों ने अपने सहयोग से उस हिस्से को भी पक्का कर दिया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री धूमल ने किया जनगणना 2027 का स्व-गणना पंजीकरण

अनंत ज्ञान

- जनगणना को बताया विकास की आधारशिला नागरिकों से किया सहभागिता का आह्वान



**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर जनगणना चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार बमसन सौरभ धीमान तथा जिला जनगणना नोडल अधिकारी अजय सोलंकी भी उपस्थित रहे। जनगणना चार्ज अधिकारी सौरभ धीमान ने बताया कि वर्तमान में जनगणना का प्रथम चरण संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 15 जून तक प्रत्येक परिवार ऑनलाइन माध्यम से स्व-गणना की सुविधा का लाभ उठा सकता है।

इस प्रक्रिया में परिवार एवं उसके सदस्यों से संबंधित कुल 34 प्रश्नों के उत्तर दर्ज किए जाएंगे। इसके पश्चात 16 जून से 15 जुलाई तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग का कार्य करेंगे। प्रथम चरण में मकानों एवं परिवारों से संबंधित विवरण एकत्रित किया जाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिक से अधिक परिवार निर्धारित अवधि के भीतर स्व-गणना की सुविधा का लाभ उठाएं, जिससे जनगणना प्रक्रिया को और अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाया जा सके। इस मौके पर प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे निर्धारित अवधि के भीतर स्वयं-गणना के माध्यम से अपना पंजीकरण अवश्य करें।

### नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस की नीतियों की हुई जीत: सुशील

**अनंत ज्ञान, संजीव, भोटा।** नगर पंचायत भोटा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन सर्वसम्मति से किया गया है, जो कांग्रेस विचारधारा से संबंधित बताए गए हैं। कुल सात पार्षदों में से चार पार्षद कांग्रेस और व्यापार मंडल संयुक्त गठबंधन से विजयी हुए हैं।

कस्बे के समग्र विकास और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की नीतियों के समर्थन में भाजपा के तीन पार्षदों ने भी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को समर्थन दिया। हिमाचल प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य सुशील शर्मा ने सभी पार्षदों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में सभी पार्षद मिलकर भोटा के विकास के लिए कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही गलत जानकारियों पर चिंता जताते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से चुने गए हैं।

### नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने की सांसद सिकंदर से भेंट



सांसद सिकंदर से मुलाकात करते जनप्रतिधि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन क्षेत्र से जीतकर आए नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों, बीडीसी सदस्यों, प्रधानों, उपप्रधानों और वार्ड पंचों ने सांसद प्रोफेसर सिकंदर कुमार के गांव स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा लोकतंत्र की मजबूत कड़ी बनने पर उन्हें बधाई दी गई। सांसद ने कहा कि जनता ने जो विश्वास जताया है, नए जनप्रतिनिधि अपने कुशल नेतृत्व से क्षेत्र के विकास को नई दिशा देंगे। इस अवसर पर गलोड मंडल भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा और जिला परिषद सदस्य रंजना कुमारी को विशेष रूप से बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि इनके नेतृत्व से संगठन और क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। साथ ही प्रदेश की राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने भविष्य में भाजपा की मजबूत वापसी का दावा भी किया।

**गुड न्यूज** विधायक रणजीत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया आधुनिक रोगी वाहन

### सुजानपुर अस्पताल को मिली एंबुलेंस

अनंत ज्ञान



एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाते विधायक कैप्टन रणजीत। अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर सिविल अस्पताल में बुधवार को आधुनिक रोगी वाहन (एडवांस एंबुलेंस) का शुभारंभ विधायक कैप्टन रणजीत सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। विधायक के अस्पताल पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार ने विधायक कैप्टन रणजीत सिंह को शॉल और हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया। डॉ. राजकुमार ने कहा कि विधायक के नेतृत्व और प्रयासों से अस्पताल एवं स्वास्थ्य विभाग ने अभूतपूर्व प्रगति की है।

उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा था जब अस्पताल में मात्र 3 नर्सें, 3 चिकित्सक और 3 क्लेरिकल कर्मचारी कार्यरत थे, जबकि आज नर्सों की संख्या बढ़कर 16, चिकित्सकों की संख्या 14 तथा अन्य स्टाफ की संख्या 6 हो चुकी है। डॉ. राजकुमार ने कहा कि उन्होंने पिछले 18 वर्षों से इस अस्पताल में सेवाएं दी हैं, लेकिन जितना विकास और सकारात्मक बदलाव पिछले डेढ़ वर्ष में देखने को मिला है, उतना पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने इस परिवर्तन का श्रेय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह के निरंतर प्रयासों को दिया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजिंदर वर्मा ने कहा कि विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने अस्पताल की दशा और दिशा दोनों बदल दी हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्य तभी संभव होते हैं जब क्षेत्र का जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर और कार्यशील हो। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की विशेष कृपा और सहयोग से सुजानपुर क्षेत्र को लगातार नई सौगातें मिल रही हैं। नशा निवारण बोर्ड के चेयरमैन नरेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में हमीरपुर जिला विकास की नई राह पर अग्रसर हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित विकास परियोजनाओं को वर्तमान सरकार ने गति प्रदान की है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस हमीरपुर बस अड्डे का शिलान्यास वर्षों पहले हुआ था, उस परियोजना को धरातल पर आगे बढ़ाने का कार्य वर्तमान सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि कैप्टन रणजीत सिंह की कार्यप्रणाली अन्य जनप्रतिनिधियों से अलग है और उनके प्रयासों का परिणाम आज पूरे क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। उन्होंने सुजानपुर की जनता को ऐसे जनसेवक विधायक के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। विधायक रणजीत ने क्षेत्रवासियों को आधुनिक एंबुलेंस मिलने पर बधाई दी तथा सीएम का धन्यवाद किया।

### मुख्यमंत्री से मिलेंगे सीबीएसई परीक्षा उत्तीर्ण सेवारत शिक्षक

अनंत ज्ञान,

- शीघ्र लें स्टेशन वरीयता विकल्प, मैरिट आधार पर दी जाए नियुक्ति

**हमीरपुर।** सीबीएसई सब-कैडर के लिए चयनित शिक्षकों की नियुक्ति अधिसूचित नियमों के अनुसार केवल मेरिट के आधार पर होनी चाहिए। इसके लिए सीबीएसई परीक्षा उत्तीर्ण सेवारत शिक्षक सीएम सुक्खू से शीघ्र ही शिमला सचिवालय में भेंट करेंगे।

यह जानकारी राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि सीबीएसई सब-कैडर प्रतिनियुक्ति परीक्षा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया के शुरुआती कुछ दिनों तक हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अभ्यर्थियों को 10 पसंदीदा स्टेशनों के विकल्प भरने की सुविधा दी गई थी। बाद में यह विकल्प हटा दिया गया। इसके कारण वर्तमान स्थिति उत्पन्न हुई। यदि यह डेटा उपलब्ध होता तो आज शिक्षा विभाग के पास यह अनुमान होता कि किस विद्यालय के लिए कितने शिक्षक प्राथमिकता दे रहे हैं और काउंसिलिंग प्रक्रिया अधिक सरल हो सकती थी। चॉइस स्टेशन विकल्प का डेटा अब भी काउंसलिंग हेतु चयनित शिक्षकों से ऑनलाइन पसंदीदा स्टेशन के वरीयता विकल्प विकल्प लिए जा सकते हैं। इससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और यह भी पता चल सकेगा कि मेरिट के आधार पर किस विद्यालय में किन शिक्षकों का चयन संभावित है और कितने स्कूलों में सीबीएसई सब कैडर भर्ती नियम 5.5.5 के तहत स्टॉप गैप नीति के तहत मौजूदा स्टाफ ही काम करेगा। दस हजार तबादलों की बात सत्य नहीं है, जबकि वास्तविक संख्या इससे काफी कम रहने की संभावना है। यदि ऑनलाइन विकल्प लेकर मेरिट आधारित काउंसिलिंग करवाई जाए तो पूरी तस्वीर स्वत: सामने आ जाएगी।

# सरकाघाट का स्कूल ग्राउंड 10 माह से बदहाल

## मुख्यमंत्री सुक्खू के दौरे के लिए तोड़ दी थी दीवार, पाइपलाइन डालने से खेल गतिविधियां ठप

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री सुक्खू के दौरे को लेकर सरकाघाट के ऐतिहासिक स्कूल ग्राउंड को जिस तरह तैयार किया गया था, उसके दुष्परिणाम आज भी छात्र, खिलाड़ी और स्थानीय लोग भुगत रहे हैं। कार्यक्रम को हुए करीब 10 महीने बीत चुके हैं, लेकिन मैदान की हालत अब तक नहीं सुधर सकी है।

मुख्यमंत्री की गाड़ी को ग्राउंड तक पहुंचाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने स्कूल की दीवार तोड़ दी थी। लगातार बारिश के बीच मैदान को उपयोग योग्य बनाने के लिए लाखों टन बजरी बिछाई। पानी की निकासी नहीं होने पर जल जीवन मिशन की करीब एक फुट व्यास की कई पाइप भी डाली गई। समारोह तो संपन्न हो गया, लेकिन मैदान आज भी मिट्टी, पत्थरों और मलबे से अटा पड़ा है।




### ठेकेदार को नोटिस जारी : एक्सईएन

**लोक** निर्माण विभाग सरकाघाट के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता भूपेंद्र पाल ने बताया कि कार्य पूरा नहीं करने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक-दो दिन के भीतर मैदान से मलबा हटाने और गेट लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### पशुओं से बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा

**मैदान** में बेसहारा पशुओं का दिनभर जमावड़ा रहता है। स्कूल परिसर में पशुओं की आवाजाही से छात्रों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन ने किसी भी संभावित हादसे की आशंका जताई है।

### दर्जनों बार पत्राचार कर चुके हैं : प्रिंसिपल

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट की प्रिंसिपल अनीता आजाद ने बताया कि मैदान से मलबा हटाने और गेट लगाने के लिए प्रशासन व पीडब्ल्यूडी को दर्जनों बार पत्र लिखे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राशि उपलब्ध होने के बावजूद काम नहीं हो रहा है। खेल गतिविधियां प्रभावित हैं और गेट ना लगाए जाने से लोग जबरन अपनी गाड़ियों ग्राउंड में खड़ी कर रहे हैं और बेसहारा पशु मैदान में बैठे रहते है जिससे बच्चों की सुरक्षा भी दांव पर लगी हुई है। यदि कोई हादसा होता है तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

गेट नहीं होने के कारण मैदान अवैध पार्किंग स्थल बन चुका है। जगह-जगह लोहे की पाइपें पड़ी हैं, दो-तीन फीट ऊंची घास उग आई है और पत्थरों के ढेर लगे हुए हैं।

पिछले कई महीनों से फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट और खो-खो जैसी खेल गतिविधियां पूरी तरह प्रभावित हैं। यह मैदान न केवल स्कूल के छात्रों बल्कि पूरे सरकाघाट शहर के लोगों के लिए एकमात्र सार्वजनिक खेल एवं व्यायाम स्थल था। सुबह-शाम यहां बड़ी संख्या में लोग सैर और योग के लिए पहुंचते थे, लेकिन अब मैदान बदहाल स्थिति में है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है।

लोगों का कहना है कि एक दिन के सरकारी कार्यक्रम के लिए मैदान को उजाड़ दिया गया, जबकि बदले में क्षेत्र की जनता को सिर्फ परेशानियां मिली हैं। स्कूल प्रबंधन के अनुसार मैदान की मरम्मत और गेट निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा पीडब्ल्यूडी को दो लाख रुपए भी उपलब्ध कराए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद काम शुरू नहीं हो सका। इससे विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# लोअर धनोटू में पानी का संकट गहराया

**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ु राजपूत, महादेव।** लोअर धनोटू क्षेत्र में पानी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। जल शक्ति विभाग की लापरवाही और पाइप लाइनों से हो रहे रिसाव के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है। चांबी से लेकर धनोटू वाया महादेव मार्ग तक जगह-जगह पानी सड़क पर बहकर गड्ढों को भर रहा है। इस कारण नियमित जलापूर्ति प्रभावित हो रही है और ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव लोअर धनोटू के लोगों का कहना है कि विभाग रिसाव रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने उपायुक्त मंडी से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या के समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि रिसाव नहीं रोका गया तो पानी की समस्या और भी गंभीर हो जाएगी। वे चाहते हैं कि विभाग तुरंत कार्रवाई कर पाइपलाइन की मरम्मत करे और जलापूर्ति व्यवस्था को नियमित बनाए। साथ ही पानी की बर्बादी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

# दो पक्षों में मारपीट और धमकाने के आरोप, क्रॉस एफआईआर दर्ज

अनंत ज्ञान



**सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर के रोपा में पड़ोसियों के बीच हुए विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया जब एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी पर मारपीट और धमकाने के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर सुंदरनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में रोपा निवासी नितेश सैणी ने आरोप लगाया है कि सोमवार को उसके पड़ोसी निशांत सैणी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान निशांत सैणी ने उसके साथ मारपीट की तथा उसे धमकियां भी दीं। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस थाना सुंदरनगर पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया।

सूत्रों के अनुसार दोनों परिवारों के बीच पूर्व में भी कुछ बातों को लेकर मतभेद रहे हैं, जिनके चलते यह विवाद उत्पन्न हुआ। पुलिस मामले से जुड़े सभी तथ्यों की जांच कर रही है तथा गवाहों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

उधर, दूसरे पक्ष की ओर से भी पुलिस में शिकायत दी गई है, जिसमें निशांत सैणी ने अपने साथ हाथापाई होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर भी अलग से मामला दर्ज किया है। हालांकि फिलहाल पुलिस प्रथम शिकायत में लगाए गए आरोपों सहित पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच में जुटी हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों पर मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटलु गांव के व्यक्ति की स्लैब से गिरकर मौत

**अनंत ज्ञान, राजेंद्र कुमार, जय देवी।** ग्राम पंचायत स्यांजीकोठी के अंतर्गत कोटलु गांव के व्यक्ति दौलत राम उम्र 43 वर्ष की स्लैब से गिरने से मृत्यु हो गई है। मृतक अपने रिश्तेदार के गांव टरु ग्राम पंचायत घीड़ी में गया हुआ था। वहां स्लैब से गिरने से सिर पर चोट लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है तथा आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। समाजसेवी हुकुमचंद ने बताया कि मृतक गरीब परिवार से संबंध रखता था तथा दुर्घटना में अपना एक हाथ भी गंवा चुका था। परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ गिर पड़ा है। मृतक अपने पीछे एक बेटा, एक बेटी तथा पत्नी को छोड़ गया है।

### जमसाई गांव में युवक से 3 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट नगर परिसद के वार्ड -3 जमसाई में पुलिस द्वारा की गई घर की तलाशी के दौरान 3 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने सुबह के समय तलाशी अभियान चलाया, जिसके दौरान 26 वर्षीय मुकेश राणा जमसाई, सरकाघाट, जिला मंडी के कब्जे से उक्त नशीला पदार्थ बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है तथा पुलिस नशीले पदार्थ के स्रोत और अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। मामले की पुष्टि थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने की है।

### रानी लक्ष्मीबाई हाउस बना ओवरऑल चैंपियन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लॉर्ड्स कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, सरकाघाट में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से विभिन्न इंटर-हाउस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कहानी वाचन प्रतियोगिता में आराध्या ने प्रथम, अक्षिता ने द्वितीय तथा नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जीके क्विज प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई हाउस प्रथम, सुभाष चंद्र हाउस द्वितीय तथा नेहरू और टैगोर हाउस संयुक्त रूप से तृतीय रहे। अंग्रेज़ी निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रेरणा प्रथम, सेजल और तनुज संयुक्त रूप से द्वितीय तथा ध्रुविका तृतीय स्थान पर रहीं। सभी प्रतियोगिताओं के कुल अंकों के आधार पर रानी लक्ष्मीबाई हाउस ओवरऑल चैंपियन बना। विद्यालय प्रशासन ने विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं।

### संपूर्ण च्वासी क्षेत्र में पौधरोपण का रखा लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, महेंद्र सिंह राणा, भौर।** गढ़पति श्री नाग च्वासी सिद्ध जी के प्राकट्य दिवस के अवसर पर एसएमएस च्वासी प्रोडक्शन के बैनर तले संपूर्ण च्वासी क्षेत्र में 'हरित च्वासी अभियान' चलाया जाएगा। अभियान के तहत क्षेत्रभर में व्यापक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। युवा कारदार एवं समाजसेवी टी.सी. ठाकुर ने बताया कि यह पहल पिछले वर्ष शुरू की गई थी, जिसे अब प्रतिवर्ष नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। अभियान के संयोजक संजय एसएमएस ठाकुर ने बताया कि आने वाले वर्षों में इसे और विस्तृत रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्ष्य पूरे च्वासी क्षेत्र को हरित वाटिका के रूप में विकसित करना है। अगले वर्ष से महिला मंडलों, युवक मंडलों तथा सामाजिक संस्थाओं को भी पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। अभियान से जुड़े पदाधिकारियों ने वन विभाग से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

### 15 जून तक ऑनलाइन करें स्व-गणना

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने नागरिकों से जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना अभियान में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 1 से 15 जून तक नागरिक ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर जनगणना प्रक्रिया को अधिक सटीक और प्रभावी बना सकते हैं। जनगणना-2027 का पहला चरण 16 जून से 15 जुलाई तक गृह सूचीकरण एवं आवास जनगणना के रूप में आयोजित होगा, जबकि दूसरे चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से होगी। जानकारी दर्ज करने के बाद प्राप्त यूनिक आईडी को प्रगणक को दिखाकर सत्यापन करवाया जा सकेगा। उपमंडल सरकाघाट में प्रथम चरण के लिए 141 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं।

### पार्षदों ने संभाली स्वच्छता अभियान की कमान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर परिषद सरकाघाट द्वारा 5 जून से 12 जून तक 'पर्यावरण सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत नगर परिषद के सातों वार्डों के नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक किया। नगर परिषद सरकाघाट के कार्यकारी अधिकारी मुनीष कुमार ने बताया कि यह अभियान आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश शहरी विकास निदेशालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चलाया जा रहा है। 9 जून को पार्षदों ने स्थानीय अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा घर-घर जाकर लोगों को कूड़ा न जलाने, स्वच्छता बनाए रखने और कचरे के पृथक्करण के लिए प्रेरित किया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण भी किया गया। कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि यह पहल सरकाघाट को स्वच्छ, सुंदर और हरित नगर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### पुरस्कार मिलने पर किसान यूनियन ने जताई खुशी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सीताराम वर्मा, बल्ह के प्रधान देवराज, महासचिव कृष्ण चंद्र चौधरी ने संयुक्त ब्यान में कृषि विज्ञान केंद्र सुंदर नगर को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है। डॉ सीताराम वर्मा व जिला महासचिव दूनी चन्द शर्मा, कानूनी सलाहकार भगत राम ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र मंडी को नाश- धानुका का कृषि प्रसार उत्कृष्टता पुरस्कार के अंतर्गत राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र पुरस्कार प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि देश के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिलना जिला व प्रदेश के लिए गर्व की बात है। डॉक्टर सीताराम वर्मा ने डॉक्टर पंकज सूद व उनकी टीम के सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी और कहा है कि किसान यूनियन हमेशा केबीके को पूर्ण सहयोग प्रदान करती रहेगी। उन्होंने कहा है की यह पुरस्कार उत्कृष्ट नवाचारी एवं अनुकरणीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। इससे पूर्व भी कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर कई वर्षों से प्रतिष्ठा का केंद्र बना हुआ है।

# राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर किया भव्य स्वागत



खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**महादेव/सुंदरनगर।** सावल स्कूल के दो खिलाड़ियो ने 19वीं राष्ट्रीय ग्रेप्पलिंग प्रतियोगिता गुवाहाटी असम में प्रदेश के लिए पदक जीतने पर प्रिंसिपल संजीव कुमार शर्मा, समस्त स्टाफ, एस एम सी अध्यक्ष जगदीश ठाकुर उप प्रधान भीम सिंह व स्कूल के बच्चों द्वारा भव्य स्वागत किया गया राष्ट्रीय ग्रेप्पलिंग प्रतियोगिता का आयोजन 29 से 31 मई 2026 तक गुवाहाटी असम में किया गया प्रिंसिपल संजीव ने बताया कि उनके स्कूल के दो खिलाड़ियो ने भाग लिया जिसमें साक्षी ने महिला वर्ग के अंडर 17 के -49 किलोग्राम में नोगी में रज्जत व गी में कांस्य पदक अपने नाम किया और लड़कों के अंदर 17 के -46किलो में हितेश ठाकुर ने कांस्य पदक जीत कर प्रदेश व स्कूल का नाम रोशन किया संजीव कुमार शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी,रैफरी व हिमाचल प्रदेश टीम कोच जितेंद्र चौहान का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। बता दें कि सावल स्कूल को एसडीएम सुंदरनगर ने गोद लिया है। उन्होंने भी खिलाड़ियो को अपने आफिस में बुलाकर समानित किया था।

# कांगर में तेंदुए का आतंक, कई मवेशियों को बनाया निशाना

**अनंत ज्ञान, रमेश भारती, जंगमबाग।** ताम्रकूट (त्रांबड़ी) पर्वत की तराई से सटे जंगल क्षेत्र के निकट स्थित कांगर गांव में तेंदुए के बढ़ते आतंक से ग्रामीणों में भय का माहौल है। जंगली जानवरों की बढ़ती आवाजाही के साथ-साथ हिंसक वन्यजीवों का खतरा भी बढ़ गया है। खासतौर पर तेंदुआ मवेशियों, भेड़ों और कुत्तों को लगातार अपना शिकार बना रहा है, जिससे ग्रामीण बुरी तरह सहमे हुए हैं।

ग्रामीण हेत राम, परस राम, हरी राम और नंदा आदि का कहना है कि तेंदुए ने पिछले दिनों कई भेड़ों और कुत्तों को मार डाला है। उनका आरोप है कि अब तेंदुआ बार-बार आबादी वाले क्षेत्र की ओर आ रहा है, जिससे लोगों में दहशत और बढ़ गई है। हालात ऐसे बन गए हैं कि जंगल से सटे क्षेत्रों में लोगों को दिन के समय भी अकेले निकलने में डर लगने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही लोग घरों में रहने को मजबूर हो जाते हैं। बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं। जंगल के समीप रहने वाले परिवार लगातार भय के साये में जीवन यापन कर रहे हैं। लोगों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से तेंदुए की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने तथा प्रभावित क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने उपायुक्त मंडी से भी आग्रह किया है कि तेंदुए के बढ़ते खतरे को देखते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सके और लोगों को राहत मिल सके।

# पीएम मोदी का ऐतिहासिक नेतृत्व भारत को ले गया नई ऊंचाइयों तक : राकेश जम्वाल



विधायक राकेश जम्वाल ने डोडेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने सुंदरनगर के लालित नगर स्थित शिव मंदिर (डोडेश्वर महादेव) में पूजा-अर्चना कर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय लोकतंत्र और संसदीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक समय तक देश की सेवा करने का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं।

राकेश जम्वाल ने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास, भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण और राष्ट्रहित की राजनीति की जीत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र सेवा को समर्पित किया है और उनके नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा भी अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है।

जम्वाल ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी ऊर्जा, दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ लंबे समय तक राष्ट्रसेवा करते रहें तथा भारत को विश्व में और अधिक गौरवशाली, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के अपने संकल्प को साकार करें।

# क्या सीएम सुक्खू का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मेरिट आधारित मॉडल हो पाएगा लागू?

अनंत ज्ञान

- सीबीएसई स्कूलों में मेरिट आधारित शिक्षक नियुक्ति पर टिकीं निगाहें

**ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया प्रयोग शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने सीबीएसई स्कूलों की स्थापना के साथ उनमें शिक्षकों के चयन के लिए परीक्षा, काउंसलिंग और मेरिट आधारित व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना है। सरकार का मानना है कि स्कूलों में योग्य और मेहनती शिक्षकों की मेरिट के आधार पर नियुक्ति होने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। इसी उद्देश्य से इन स्कूलों के लिए अलग शिक्षक उप-कैडर बनाया गया है, जिसमें चयन लिखित परीक्षा और मेरिट के आधार पर किया जा रहा है।

शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि यह व्यवस्था पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से लागू होती है तो प्रदेश के सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल सकती है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। वर्तमान में शिक्षकों की मेरिट सूची तैयार हो चुकी है और केवल काउंसलिंग के माध्यम से स्कूलों का आवंटन किया जाना शेष है। लेकिन शिक्षकों की नियुक्ति से जुड़े मामलों पर विचार के लिए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में उप-समिति गठित किए जाने से इस मेरिट आधारित प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

इस घटनाक्रम ने उन अभिभावकों की चिंताएं भी बढ़ा दी हैं जिन्होंने अपने बच्चों का प्रवेश इन सीबीएसई स्कूलों में इस उम्मीद के साथ करवाया था कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चयनित शिक्षक पढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री भी कई मंचों से इन विद्यालयों में मेरिट आधारित नियुक्तियों का आश्वासन दे चुके हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह मॉडल पूरी तरह मेरिट के आधार पर लागू हो पाएगा? यदि चयन से लेकर स्कूल आवंटन तक हर स्तर पर मेरिट को प्राथमिकता दी जाती है तो यह हिमाचल के शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव साबित हो सकता है। वहीं, यदि किसी स्तर पर मेरिट से समझौता होता है तो इस महत्वाकांक्षी योजना का मूल उद्देश्य प्रभावित हो सकता है।

# रैगिंग की शिकायत पर 24 घंटे में भीतर एफआईआर

## उपायुक्त अपूर्व देवगन ने की जिला स्तरीय एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता

अनंत ज्ञान



एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी अपूर्व देवगन। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग पर प्रभावी रोक लगाने संबंधी विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि रैगिंग रोकने के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं। राघवन समिति तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से जारी दिशानिर्देशों की शत-प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित करना शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि प्रवेश के समय नए छात्रों को रैगिंग निरोधक नियमों और शिकायत प्रक्रिया की जानकारी दी जानी चाहिए। प्रत्येक संस्थान में एंटी रैगिंग समिति का गठन तथा समिति अध्यक्ष और हेल्पलाइन नंबर छात्रों को उपलब्ध करवाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला के सभी महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी तथा अन्य तकनीकी एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में इन नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सभी सरकारी एवं निजी संस्थान इन नियमों को गंभीरता से लागू करें, क्योंकि रैगिंग के कारण बहुमूल्य जीवन खोने के मामले भी सामने आए हैं। अपूर्व देवगन ने कहा कि रैगिंग की शिकायत मिलने पर 24 घंटे के भीतर नजदीकी पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाने का प्रावधान है। रैगिंग में शामिल छात्रों के विरुद्ध कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सभी संस्थान रैगिंग रोकने के लिए गठित समितियों तथा अब तक उठाए गए कदमों की रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर उपायुक्त कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने कहा कि रैगिंग पर रोक के लिए निगरानी तंत्र मजबूत किया जाए तथा सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जाए। प्रवेश प्रक्रिया और शैक्षणिक सत्र के शुरुआती दौर में विशेष निगरानी रखी जाए तथा संबंधित पुलिस चौकियों और थानों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने छात्रावासों एवं पेइंग गेस्ट हाउस (पीजी) पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आईआईटी मंडी, मेडिकल कॉलेज नेरचौक, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के रजिस्ट्रार तथा तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ संस्थानों को रैगिंग रोकने संबंधी दिशानिर्देश प्रेषित कर उनकी कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित करवाएं।

उन्होंने समिति के गैर सरकारी सदस्यों से भी रैगिंग संबंधी सूचना तुरंत साझा करने का आग्रह किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार सहित अन्य अधिकारी तथा सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्य वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

# सुंदरनगर हैंडबाल सेंटर के 4 खिलाड़ी सेना और जेल पुलिस में हुए चयनित



भारतीय सेना व जेल पुलिस में चयनित हैंडबाल खिलाड़ी प्रशिक्षक अशोक गौतम के साथ।

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर स्थित हैंडबाल सेंटर के चार खिलाड़ियों का चयन भारतीय सेना और हिमाचल जेल पुलिस में हुआ है। हैंडबाल सेंटर के प्रियांशु ठाकुर, लक्की कुमार और हर्ष ठाकुर भारतीय सेना में, जबकि राहुल ठाकुर का चयन हिमाचल जेल पुलिस में खेल कोटे के तहत हुआ है। हैंडबाल प्रशिक्षक तथा जिला मंडी हैंडबाल संघ के महासचिव अशोक गौतम के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर सभी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं।

वर्तमान में भी उनके सानिध्य में अनेक खिलाड़ी सुंदरनगर हैंडबाल सेंटर में खेल की बारीकियां सीख रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लड़कियां भी शामिल हैं। खेल विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद भी अशोक गौतम लगातार खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने अपने गांव तलेली में भी स्वयं के प्रयासों से हैंडबाल मैदान तैयार किया है, जहां ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया जा रहा है।

अशोक गौतम ने बताया कि चयनित सभी खिलाड़ी बुधवार को अपने-अपने प्रशिक्षण केंद्रों के लिए रवाना हो गए हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा खेल प्रेमियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# सरकाघाट में एचआरटीसी कर्मचारियों का हल्ला बोल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में बुधवार को दूसरे दिन एचआरटीसी कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए गेट मीटिंग आयोजित की। यह बैठक हिमाचल प्रदेश निगम ड्राइवर यूनिट के स्टेट वाइस प्रेसिडेंट जीवन राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सरकाघाट डिपो के चालक, परिचालक एवं अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

- वर्षों से लंबित देयों और सुविधाओं को लेकर फूटा गुस्सा

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें वर्षों से वर्दी भत्ता, विभिन्न अलाउंस और अन्य वित्तीय लाभ नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का करोड़ों रुपये का बकाया भुगतान लंबे समय से लंबित पड़ा हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गेट मीटिंग के दौरान कर्मचारियों ने सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए मांग की कि लंबित देयों का शीघ्र भुगतान किया जाए तथा कर्मचारियों की सभी जायज मांगों को जल्द पूरा किया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और निगम प्रबंधन की होगी।

# स्व-गणना अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लें सभी नागरिक : मनीश चौधरी

अनंत ज्ञान

- 15 जून तक नागरिक स्व-गणना के तहत ऑनलाइन भर सकते हैं जानकारी

**जोगिन्दरनगर।** उपमंडलाधिकारी (ना.) जोगिंदरनगर मनीश चौधरी ने उपमंडल के सभी नागरिकों से जनगणना-2027 के तहत चल रहे स्व-गणना अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि नागरिक ऑनलाइन पोर्टल se.census .gov.in के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 का कार्य दो चरणों में होगा। पहला चरण 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक 'गृह सूचीकरण एवं आवास जनगणना' के रूप में आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में अगले वर्ष फरवरी में वास्तविक जनसंख्या की गणना होगी।



इस बार पूरी जनगणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी और गणनाकर्ता व पर्यवेक्षक मोबाइल उपकरणों के माध्यम से जानकारी एकत्रित करेंगे। मनीश चौधरी ने बताया कि पहली जून से 15 जून तक नागरिक स्व-गणना के तहत अपनी जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। इससे 16 जून से घर-घर आने वाले प्रगणकों को कार्य में सुविधा मिलेगी तथा जनगणना प्रक्रिया में तेजी आएगी। परिवारों के मुखिया अपने मकानों एवं भवनों से संबंधित जानकारी स्वयं पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया सरल है और स्व-गणना पूरी होने पर एक पहचान (आईडी) जारी होगी, जिसे प्रगणकों को दिखाना होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

**हिंदी** ही हिंदुस्तान को एक सूत्र में पिरो सकती है। हर महीने कम से कम एक हिंदी पुस्तक खरीदें! मैं और आप नहीं तो क्या विदेशी लोग हिंदी लेखकों को प्रोत्साहन देंगे? **-शास्त्री फिलिप**

## संपादकीय

# जल संकट की चेतावनी

गर्मी का मौसम हर साल अपने साथ कुछ चुनौतियां लेकर आता है, लेकिन इस बार हिमाचल प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। पहाड़ों की ठंडी जलवायु के लिए प्रसिद्ध हिमाचल में जिस तरह तापमान लगातार बढ़ रहा है और जल स्रोत सूखने लगे हैं, वह चिंता का विषय है। इसका असर केवल पेयजल आपूर्ति पर ही नहीं पड़ रहा, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य, दैनिक जीवन और कृषि गतिविधियों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। अस्पतालों में मरीजों की बढ़ती संख्या, दूषित पानी से फैलने वाली बीमारियां और पेयजल संकट की खबरें इस बात का संकेत हैं कि जल संरक्षण को लेकर अब गंभीरता से सोचने का समय आ गया है।

प्रदेश में जल शक्ति विभाग की 10,658 पेयजल योजनाओं में से 381 योजनाएं प्रभावित होना किसी भी दृष्टि से सामान्य स्थिति नहीं कही जा सकती। इनमें से 26 योजनाएं तो ऐसी हैं जहां सूखे का प्रभाव 75 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति आधी रह गई है। जहां पहले दिन में दो बार पानी मिलता था, वहां अब एक बार ही मिल रहा है और कुछ गांवों में लोगों को सप्ताह में केवल दो दिन पानी उपलब्ध हो पा रहा है। यह स्थिति उस राज्य में पैदा हुई है जहां सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और यमुना जैसी बड़ी नदियां बहती हैं तथा असंख्य खड्डें, नाले और प्राकृतिक जल स्रोत मौजूद हैं।

विडंबना यह है कि जल संसाधनों से समृद्ध प्रदेश होने के बावजूद लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। इसका एक बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन का बढ़ता प्रभाव है। पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल में मौसम का स्वरूप तेजी से बदला है। सर्दियों में बर्फबारी कम हो रही है, वर्षा का वितरण असंतुलित हो गया है और गर्मियों का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसका सीधा असर प्राकृतिक जल स्रोतों और पेयजल योजनाओं पर पड़ रहा है। जिन स्रोतों से गांवों और कस्बों को पानी मिलता था, उनका जलस्तर घट रहा है। यही कारण है कि विभाग को कई स्थानों पर वैकल्पिक व्यवस्थाएं करनी पड़ रही हैं।

शिमला, सोलन, सिरमौर, किन्नौर, नूरपुर, हमीरपुर और धर्मशाला जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पेयजल योजनाओं के प्रभावित होने से स्पष्ट है कि समस्या केवल किसी एक जिले तक सीमित नहीं है। राजधानी शिमला सहित कई शहरों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। धर्मशाला जैसे क्षेत्र, जहां कभी पानी की कमी की कल्पना भी नहीं की जाती थी, वहां भी संकट के संकेत दिखाई देने लगे हैं। यह स्थिति भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी है। हालांकि, जल शक्ति विभाग ने समय रहते फील्ड अधिकारियों को सतर्क किया और संकट से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाए, लेकिन बढ़ती गर्मी के सामने व्यवस्थाएं सीमित दिखाई दे रही हैं। कई जगह लोगों को निजी टैंकरों के सहारे पानी खरीदना पड़ रहा है। यह स्थिति आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अतिरिक्त बोझ बन रही है। सरकार और विभाग को तत्काल राहत उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक रणनीति पर भी काम करना होगा।

सबसे पहले पेयजल योजनाओं की नियमित निगरानी और रखरखाव सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रदेश में हजारों किलोमीटर लंबी जलापूर्ति लाइनों में लीकेज की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। कई स्थानों पर बड़ी मात्रा में पानी रास्ते में ही व्यर्थ बह जाता है। यदि इन लीकेज को समय पर ठीक किया जाए तो जल संकट काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके अलावा वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाने, पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण तथा भूजल पुनर्भरण की योजनाओं को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

इसके साथ ही आम नागरिकों की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। अक्सर देखा जाता है कि घरों, होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पानी का अनावश्यक उपयोग किया जाता है। कई जगह नलों का खुला रहना, वाहनों की धुलाई में अत्यधिक पानी खर्च करना और जल संरक्षण के प्रति लापरवाही आम बात है। यदि प्रत्येक व्यक्ति पानी बचाने का संकल्प ले तो संकट की तीव्रता को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जल संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है।

सकारात्मक पक्ष यह है कि यह संकट स्थायी नहीं है। मानसून देश के कई राज्यों में पहुंच चुका है और हिमाचल में भी जल्द प्री-मानसून गतिविधियां शुरू होने की संभावना है। जून के अंतिम सप्ताह तक मानसून के प्रदेश में दस्तक देने की उम्मीद है। मानसून के सक्रिय होते ही जल स्रोतों में सुधार आएगा और पेयजल योजनाओं को राहत मिलेगी।

## आज की प्रमुख हस्ती

### महान स्वतन्त्रता सेनानी

पंडित रामप्रसाद 'बिस्मिल' (11 जून 1897, शाहजहांपुर- 19 दिसंबर 1927, गोरखपुर) भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि उच्च कोटि के कवि, शायर, अनुवादक और साहित्यकार भी थे। उन्होंने अपने लेखन और क्रांतिकारी कार्यों से देश की आजादी की चेतना को नई दिशा दी। उनका लिखा प्रसिद्ध गीत 'सरफरोशी की तमन्ना' आज भी हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित करता है।



**पंडित रामप्रसाद 'बिस्मिल'**
**जन्म :** 11 जून, 1897
**मृत्यु :** 19 दिसंबर, 1927

बिस्मिल का जन्म मैनपुरी में हुआ। बचपन से ही उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा। बचपन में उनका स्वास्थ्य कमजोर था और परिवार भी अनेक कठिनाइयों से गुजर रहा था। शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों में उनके पिता पंडित मुरलीधर अत्यंत अनुशासित थे, जिससे बालक बिस्मिल को कठोरता का सामना करना पड़ा, किंतु इसी अनुशासन और जीवन अनुभव ने उनके व्यक्तित्व को मजबूत बनाया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा हिंदी और उर्दू दोनों माध्यमों से हुई।

1915 में भाई परमानंद को फांसी की सजा सुनाए जाने की घटना ने उनके भीतर गहरा आक्रोश और देशभक्ति की भावना जगाई। इसके बाद उन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष की प्रतिज्ञा ली। वे क्रांतिकारी संगठनों से जुड़े और 'मातृवेदी' जैसे गुप्त क्रांतिकारी कार्यों में सक्रिय हो गए। 9 अगस्त 1925 को उनके नेतृत्व में काकोरी कांड को अंजाम दिया गया, जिसमें सरकारी धन को क्रांतिकारी कार्यों के लिए जब्त किया गया। इस घटना ने ब्रिटिश सरकार को हिला दिया और व्यापक स्तर पर क्रांतिकारियों की गिरफ्तारी हुई। लंबे मुकदमे के बाद उन्हें फाँसी की सजा सुनाई गई।

गोरखपुर जेल में उन्होंने अपने अंतिम दिनों में आत्मकथा लिखी। 19 दिसंबर 1927 को उन्होंने 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ फांसी को गले लगाया। फांसी से पहले उनका अंतिम संदेश ब्रिटिश साम्राज्य के पतन की कामना था।



कविता

## आत्मा का गेह देह

डॉ. अंकिता चौधरी (सह-प्राध्यापक)
अभिलाषी विश्वविद्यालय, मंडी (हि.प्र.)

**आत्मा** का गेह देह, देह को संवारों।
मंदिर के लिए पर, न देव को बिसारो।
पूजा का दीप हृदय, स्नेह डाल बारो।
देव के पुजापे को, तुम स्वयं न खा लो।
पुष्प दीप अक्षत धर, आरती उतारो।
देह गेह ईश्वर का, धरा देह पावन।
नागरिक पुजारी है, नगर ग्राम आसन।
आसन पर कौन, अरे! कोटि नयन वारो।
मत्सर, मदमोह, दोह, प्रतिक्रिया त्यागो,
आत्मा के मंदिर में, सोओ मत जागो।
सूर्य उगा क्षितिज खुला,जीत कर न हारो।
आत्मा का गेह देह, देह को संवारों।
मंदिर के लिए पर, न देव को बिसारो।

# कमजोर मानसून, युद्ध और कृषि संकट की तिहरी मार

जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई और जैव विविधता के ह्रास जैसी पर्यावरणीय चुनौतियां अब केवल भविष्य की चिंता नहीं रह गई हैं। इनके प्रभाव हमारे दैनिक जीवन में स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। अत्यधिक मौसम परिवर्तन, जल संकट, मिट्टी का कटाव और घटती वायु गुणवत्ता का सबसे अधिक असर किसानों और कृषि क्षेत्र पर पड़ रहा है। बदलते मौसम के तेवर किसानों-बागवानों के लिए नई चुनौतियां लेकर आए हैं, वहीं आम जनता को भी इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कृषि प्रसार शिक्षा

अनुमान है कि इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा हो सकती है और अल-नीनो का प्रभाव भी गंभीर रहेगा। इसके कारण सूखे और गर्मी की स्थिति बढ़ सकती है, जिससे खरीफ फसलों का उत्पादन प्रभावित होगा। जिन क्षेत्रों में सिंचाई की पर्याप्त सुविधा नहीं है, वहां बुवाई देर से होने और पैदावार घटने की आशंका है। इसका सीधा असर किसानों की आय और खाद्यान्न कीमतों पर पड़ेगा। किसानों के साथ बागवानों की आमदनी भी घट सकती है।

दूसरी ओर ईरान-इसराइल-अमेरिका संघर्ष ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। युद्ध में उलझे देशों को मौसम, महंगाई और आम जनता की परेशानियों से अधिक अपनी शक्ति प्रदर्शन की चिंता दिखाई देती है। युद्ध का असर केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि ऊर्जा, व्यापार, कृषि और आम लोगों के जीवन पर भी पड़ता है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि हो रही है और महंगाई लगातार बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हालिया विदेश दौरे के दौरान कहा कि यदि युद्ध लंबा खिंचता है तो विकास के लिए की गई मेहनत प्रभावित हो सकती है। पहले से ही खाद्य वस्तुओं, दूध, सब्जियों और ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ऐसे समय में कमजोर मानसून भारत की अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है। भारत को एक साथ खराब मानसून, खाद संकट और ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ सकता है।

खाद की संभावित कमी को देखते हुए कृषि मंत्रालय ने 1 जून से 30 जून तक 'खेत बचाओ अभियान' चलाया हुआ है। इसके तहत किसानों को रासायनिक खाद का कम उपयोग करने, हरी खाद को बढ़ावा देने और गोबर खाद के लाभों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। यह पहल खेती की लागत कम करने और मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकती है।

हालांकि, आज छोटे और मझोले किसानों के पास पशुधन पहले की तुलना में बहुत कम रह गया है। कभी गोबर गैस संयंत्रों और





कंपोस्ट खाद को बढ़ावा देने वाली योजनाएं सफल रही थीं, लेकिन कृषि के मशीनीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों से मजदूरों के पलायन के कारण पशुधन में लगातार कमी आई। परिणामस्वरूप खेती अब रासायनिक खादों और मशीनों पर अधिक निर्भर हो गई है।

हिमाचल प्रदेश सहित देश के कई हिस्सों में पिछले दो महीनों से बेमौसमी बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। विशेष रूप से सेब उत्पादक किसान प्रभावित हुए हैं। हिमाचल में हर वर्ष लगभग 5000 से 6000 करोड़ रुपए का सेब कारोबार होता है, लेकिन इस बार उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका है। अनुमान है कि बागवानों को 1500 से 2000 करोड़ रुपए तक का नुकसान हो सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, अल-नीनो की सक्रियता से कम वर्षा होने पर सिंचाई की लागत बढ़ती है और किसानों की आय घटती है। ऐसी में यदि मानसून कमजोर रहने की संभावना हो तो अधिक पानी मांगने वाली फसलों के बजाय बाजरा, ज्वार, मक्का, मूंग, उड़द, अरहर और तिल जैसी कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सरकार को भी इन फसलों की खरीद सुनिश्चित करनी होगी। मिश्रित खेती विशेष रूप से कमजोर मानसून के समय अधिक लाभकारी साबित होती है।

हिमाचल प्रदेश में सेब उत्पादन पर मौसम का असर और भी गंभीर हो सकता है। बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि के कारण फूलों की संख्या घटी है तथा मधुमक्खियों द्वारा परागण भी प्रभावित हुआ है। राज्य के लगभग ढाई लाख परिवार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सेब बागवानी पर निर्भर हैं। भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है और दूध उत्पादन में विश्व में अग्रणी स्थान रखता है। फल और सब्जी उत्पादन में भी देश ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। फिर भी कम वर्षा और बदलते मौसम के अनुकूल उच्च उत्पादकता वाले बीजों के विकास की दिशा में अभी और काम करने की आवश्यकता है। धान जैसी अधिक पानी वाली फसलों पर निर्भरता कमजोर मानसून के समय नुकसान बढ़ा सकती है।

पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में धान की खेती व्यापक स्तर पर होती है। कम वर्षा की स्थिति में इन क्षेत्रों में सिंचाई पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है, जिससे लागत बढ़ जाती है। ऐसे समय में मोटे अनाजों और दलहनी फसलों की खेती बेहतर विकल्प हो सकती है। इस वर्ष किसानों पर तीन तरफ से दबाव बनने की आशंका है- कमजोर मानसून, खाद की संभावित कमी और ऊर्जा संकट। पिछले वर्ष मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाए गए थे। अब आवश्यकता इन्हें केवल प्रचार तक सीमित न रखकर किसानों और उपभोक्ताओं के बीच व्यापक रूप से अपनाने की है। बदलती जलवायु, कमजोर मानसून और बढ़ती महंगाई के दौर में टिकाऊ कृषि ही किसानों और देश की खाद्य सुरक्षा का सबसे बड़ा आधार बन सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा है 'पझौता आंदोलन' का इतिहास


'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले-वतन पर मिटने वालों का बाकि यही निशां होगा' अर्थात हिमाचल प्रदेश के इतिहास में 11 जून का दिन पझौता गोलीकांड दिवस के नाम से जाना जाता है। 11 जून 1943 को महाराजा सिरमौर राजेंद्र प्रकाश की सेना द्वारा पझौता आंदोलन के निहत्थे लोगों पर राजगढ़ के सरोट टिले से 1700 राउंड गोलियां चलाई गई थी, जिसमें कमना राम नामक व्यक्ति गोली लगने से मौके पर ही शहीद हुए थे, जबकि तुलसी राम, जाती राम, कमालचंद, हेत राम, सही राम, चेत सिंह घायल हो गए थे।



बीआर चौहान
स्वतंत्र लेखक

सिरमौर जिला के राजगढ़ तहसील का उत्तरी-पूर्व भाग पझौता घाटी के नाम से जाना जाता है । वैद्य सूरत सिंह के नेतृत्व में इस क्षेत्र के जांबाज एवं वीर सपूतों द्वारा सन 1943 में अपने अधिकार के लिए महाराजा सिरमौर के विरुद्ध आंदोलन करके रियासती सरकार के दांत खट्टे कर दिए थे। इसी दौरान महात्मा गांधी द्वारा सन 1942 में देश में भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ किया गया था जिस कारण इस आंदोलन को देश के स्वतंत्र होने के उपरांत भारत छोड़ो आंदोलन की एक कड़ी माना गया था। पझौता आंदोलन से जुड़े लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों का दर्जा दिया गया।

पझौता आंदोलन के तत्कालिक कारण आलू का रेट उचित न दिया जाना था। बताते हैं कि रियासती सरकार द्वारा सहकारी सभा में आलू का रेट तीन रुपए प्रति मन निर्धारित किया गया, जबकि खुले बाजार में आलू का रेट 16 रुपए प्रति मन था। चूंकि आलू की फसल इस क्षेत्र के लोगों की आय का एकमात्र साधन थी, जिस कारण लोगों में रियासती सरकार के प्रति काफी आक्रोश पनम रहा था। आंदोलन के लिए गठित



समिति का पहला कदम राजा द्वारा बनाए गए जेलदारों और नंबरदारों के त्यागपत्र थे। इसी दौरान जिला सिरमौर में न्यायाधीश के पद से डॉ. वाईएस परमार ने भी इस्तीफा दे दिया।

जैसे ही राजा को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने नाहन से 50 सैनिकों का दल आंदोलन को कुचलने और समिति के सदस्यों को पकड़ने के लिए भेज दिया। राजा ने समझौते के कई प्रयास किए, लेकिन आंदोलनकारी अपने निर्णय पर अडिग रहे। इसी दौरान सेना ने आंदोलन के प्रणेता सूरत सिंह के कटोगड़ा स्थित मकान को डायनामाइट से उड़ा दिया तथा एक अन्य आंदोलनकारी कली राम के घर को आग लगा दी। इसके बाद आंदोलनकारियों ने अपने घर छोड़कर ऊंची पहाड़ियों पर कैंप बना लिए। सेना ने भी राजगढ़ के निकट सरोट नामक स्थान पर अपना कैंप स्थापित कर लिया।

11 जून 1943 को निहत्थे लोगों का एक दल आंदोलनकारियों से मिलने जा रहा था। फुफरघार के पास पहुंचते ही सेना ने सरोट की पहाड़ी से गोलियों की बौछार कर दी। रिकॉर्ड के अनुसार, 1700 राउंड गोलियां चलाई गईं, जिसमें कमना राम की मौके पर ही मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हुए। दो महीने बाद वैद्य सूरत सिंह सहित 69 आंदोलनकारियों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। नाहन में ट्रिब्यूनल गठित कर 14 महीने तक देशद्रोह के मुकदमे चलाए गए। 52 आंदोलनकारियों को आजीवन कारावास तथा अन्य को विभिन्न सजाएं सुनाई गईं।

जेल में कनिया राम, विशना राम, कलीराम और मोहीराम ने दम तोड़ दिया। बाद में सजा में कु छ कमी की गई। 15 अगस्त 1947 को देश के स्वतंत्र होने पर अधिकांश आंदोलनकारी रिहा कर दिए गए, जबकि वैद्य सूरत सिंह, बस्तीराम पहाड़ी और चेत सिंह वर्मा को मार्च 1948 में रिहाई मिली। पझौता आंदोलन का इतिहास राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान की प्रेरणा देता है तथा एकता और अखंडता को बनाए रखने का संदेश देता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# 'सुनो, आज फिर महीना आया है'... बदलती दुनिया में पुरानी बंदिशें

अलग थाली, अलग बिस्तर, अलग सबसे बिठाया है मां ने आज उसको, सबको बीमार बताया है। पूरा दिन उसने अलग कमरे में बिताया है। मंदिर में भी जाना उसका कुछ दिन निषेध करवाया है। सुनो सुनो सुनो आज फिर महीना आया है।



डॉ. दमन आहूजा
जन स्वास्थ्य एवं सामुदायिक विकास विशेषज्ञ

एक विचार एक धुरी होता है जिसके इर्द-गिर्द पूरी एक सोच बन जाती है। उपरोक्त विचार नौ हजार किशोरी एवं महिलाओं में महावारी के संदर्भ में जागरूकता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में जानकारी देने हेतु एक कार्यक्रम में सुना। इस प्रोजेक्ट में हिमाचल की कई सुदूर पंचायतों में जा कर इनसे प्रचलित भ्रांतियों को दूर कर एक ऐसा माहौल तैयार करना था जिसमें चुप्पी टूट जाए और विषय पर खुल कर बात की जाए।

एक तरफ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियां आयोजित हो रही हैं, हमारी क्रिकेट टीम की बेटियां विश्व कप भी ले आई हैं, दूसरी तरफ हम एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया को भेदभावों से बचाने में प्रयासरत हैं। कैसी विडंबना है कि आज भी 70 से 85 प्रतिशत किशोरियां एवं महिलाएं पीरियड्स के दौरान किसी न किसी भेदभाव की शिकार होती हैं।

सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद भी आप स्वयं किसी सरकारी अथवा सरकारी वित्तपोषित स्कूल में चक्कर लगाकर देख लीजिए , कितने स्कूलों में सैनिटरी पेड्स उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम में मिली सीखों को लर्निंग एवं शेयरिंग कार्यक्रम के तहत बांटा गया। कविताएं, लघु नाटिकाएं, गिद्दा, बोलियों एवं चार्ट बनाने जैसी कलाओं के माध्यम से किशोरियां अभिव्यक्ति की सुंदर प्रस्तुतियां दे रही थीं। सब भूरि भूरि प्रशंसा भी कर रहे



थे। पूरा माहौल ऊर्जा से भरपूर था। मैं बैठा बैठा सोच रहा था, जीवन की लय घर की किशोरियों और महिलाओं के बैगर कितनी सूनी सूनी होगी अगर महावारी के दिनों में उनकी भागीदारी सीमित कर दी जाए।

उनके शारीरिक परिवर्तन के चलते उन्हें कुछ समय आराम देने के नाम पर शुरू हुई प्रथा से ये क्या विद्रूप हासिल कर लिया गया है कि गांवों में उन्हें किचन के भीतर घुसने, मंदिर में या पूजा स्थल में जाने, खाने पीने की चीजों को छूने, घर के बाहर जानवरों वाले बाड़ों में सोने को मजबूर किया जाता है। हां, महावारी वाली किशोरियों एवं महिलाओं पर पशुओं का काम करने पर मनाही नहीं होती। घर पर किसी बच्चे, लड़के अथवा पुरुष के किसी अंग से जब जरा भी खून निकलने की घटना घटती है, तो सब कोई त्वरित प्रतिक्रिया के अंतर्गत उस पर पट्टी बांधने, और उसे आराम देने की दुहाई देने लगते हैं, लेकिन किशोरियों एवं महिलाओं के प्रजनन अंगों से पांच सात दिन तक खून चलना हम में से बहुतों को अखरता नहीं है। ऐसे समय में तो उनकी सेवा करने, उन्हें उनकी मनपसंद खाना खाने और घर के अन्य लोगों के साथ ज्यादा समरसता की जरूरत होती है। हार्मोनल परिवर्तनों के चलते स्वभाव में थोड़ी तेजी,थोड़ा चिड़चिड़ापन व तबीयत में थोड़ा हल्कापन को संवेदनशीलता से लिए जाने की जरूरत होती है।

यदि सृष्टि के कण-कण में ईश्वर का वास है, तो क्या माहवारी के दिनों में महिलाओं में ईश्वर नहीं रहते, जो उन्हें मंदिर जाने और पूजा करने से रोका जाता है? ऐसे समय में तो उन्हें मानसिक शांति और संबल की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। तुलसी भी अन्य पौधों की तरह एक औषधीय पौधा है, इसलिए वैज्ञानिक दृष्टि से महिलाओं के इन दिनों में केवल आराम की जरूरत होती है। बड़े शहरों में कामकाजी महिलाएं सभी कार्य करती हैं, फिर यह भेदभाव गांवों में ही अधिक क्यों दिखाई देता है?

कुल मिलाकर ऐसी मान्यताएं रूढ़िवादी सोच का परिणाम हैं। महिलाओं का मनोबल बढ़ाना और उन्हें सहयोग देना परिवार व समाज की जिम्मेदारी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# शिक्षा व्यवस्था के नए आयाम : नीति निर्माण और शिक्षक का भविष्य

शिक्षा किसी भी राष्ट्र की आत्मा होती है। विद्यालय केवल भवन नहीं, बल्कि ऐसे केंद्र हैं जहां भविष्य की पीढ़ियों का निर्माण होता है। इसलिए शिक्षा से जुड़ा प्रत्येक निर्णय केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व का विषय होता है।



हेमराज ठाकुर
प्रदेशाध्यक्ष हि.प्र. राजकीय भाषाई अध्यापक संघ

हाल के वर्षों में शिक्षा व्यवस्था में अनेक परिवर्तन देखने को मिले हैं। नई नीतियां, नए मॉडल और नई चयन प्रक्रियाएं लागू की जा रही हैं। इनका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार बताया जाता है। सुधार आवश्यक भी है, क्योंकि बदलते समय के साथ शिक्षा को नई जरूरतों के अनुरूप विकसित होना पड़ता है, किंतु यह भी विचारणीय है कि क्या हर परिवर्तन वास्तव में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए हो रहा है या हम शिक्षा के मूल उद्देश्यों से दूर होते जा रहे हैं। आज शिक्षकों को विभिन्न श्रेणियों में बांटने, विशेष विद्यालयों के लिए पृथक चयन प्रक्रियाएं अपनाने तथा अलग-अलग सेवा शर्तें निर्धारित करने की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है, जबकि अधिकांश शिक्षक समान शैक्षणिक योग्यताओं, समान चयन प्रक्रियाओं और समान सेवा नियमों के आधार पर नियुक्त हुए हैं। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि सभी शिक्षक योग्य हैं तो उनके बीच भेद की आवश्यकता क्यों अनुभव की जा रही है।

राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित अनेक शिक्षक वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं। दुर्गम और ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बावजूद अनेक शिक्षक उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। यदि शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन केवल परीक्षाओं, स्क्रीनिंग टेस्टों या औपचारिक चयन प्रक्रियाओं से किया जाएगा तो शिक्षण के मानवीय पक्ष को पर्याप्त महत्व नहीं मिल पाएगा। शिक्षा केवल सूचना और कौशल प्रदान करने का माध्यम नहीं है। उसका उद्देश्य संवेदनशील, जिम्मेदार और नैतिक नागरिक तैयार करना भी है। विज्ञान, तकनीक और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान आधुनिक युग की



आवश्यकता है, लेकिन यदि शिक्षा से मानवीय मूल्य, सामाजिक संवेदनशीलता और सांस्कृतिक चेतना कमजोर होने लगें तो यह चिंता का विषय बन जाता है।

भारत की शिक्षा परंपरा ज्ञान और मूल्यों के संतुलन पर आधारित रही है। शिक्षक केवल विषय विशेषज्ञ नहीं, बल्कि समाज के मार्गदर्शक भी रहे हैं। इसलिए शिक्षा नीति बनाते समय ज्ञान-विज्ञान और नैतिक शिक्षा के संतुलित विकास को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। ग्रामीण और वंचित वर्गों के विद्यार्थियों को समान अवसर उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार केवल शहरों या चुनिंदा विद्यालयों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दूरस्थ क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों तक शिक्षा की गुणवत्ता पहुंचाना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल अपेक्षा है। हालांकि, शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों के लिए केवल सरकार या प्रशासन को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता।

शिक्षक समाज को भी आत्ममंथन करना होगा। शिक्षक की प्रतिष्ठा उसके ज्ञान के साथ-साथ उसके आचरण, अनुशासन और कार्यनिष्ठा पर आधारित होती है। यदि शिक्षक स्वयं अपने दायित्वों के प्रति सजग नहीं रहेगा तो उसकी सामाजिक गरिमा प्रभावित होना स्वाभाविक है।

आज आवश्यकता है कि शिक्षक अपने आचरण, कार्य संस्कृति और शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करें। विद्यालयों को ज्ञान, अनुशासन और संस्कार के केंद्र के रूप में विकसित करें तथा विद्यार्थियों के लिए आदर्श बनें। समाज को यह विश्वास होना चाहिए कि शिक्षक केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## जेसिका डेविस का खूबसूरत अंदाज

**इंग्लैंड।** ट्रेविस हेड की पत्नी जेसिका डेविस की खूबसूरती के आगे एक्ट्रेस और मॉडल फेल हैं। जेसिका बिजनेस और ग्लैमर वर्ल्ड का जाना-माना नाम है। जेसिका एक मॉडल भी है और इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं।



### फिटनेस टेस्ट के दौरान लगी चोट, एक दिन पहले ही किया था फिट घोषित

# हार्दिक पांड्या अफगानिस्तान वनडे सीरीज से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। यह खबर हार्दिक के फिटनेस टेस्ट के पास होने के एक दिन बाद आई है। सूत्रों के मुताबिक हार्दिक के बाहर हो जाने की वजह उनके पैरों में लगी मोच हैं, जिसके कारण उन्हें वनडे सीरीज से बाहर होना पड़ा है। पैरों की मोच के चलते हार्दिक को अगले 2 हफ्ते और बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ही बिताने पड़ सकते हैं।

बता दें कि यह भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाली वनडे सीरीज 13 जून से शुरू हो रही है। पहला वनडे धर्मशाला में खेला जाना है, जिसके लिए हार्दिक पांड्या को 11 जून को टीम इंडिया को जॉइन करना था लेकिन उनके पैरों में आई मोच ने टीम इंडिया से जुड़ने के उनके इंतजार को अब और बढ़ा दिया है।

खबरों से यह पता चला है कि हार्दिक पांड्या को लो ग्रेड इंजरी है। उनके पैरों के बीच में मोच है। हालांकि, यह भी कहा जा रहा है कि ये इंजरी लंबी नहीं खिचेगी। इंजरी और ना बढ़ जाए इसलिए मेडिकल स्टाफ ने उन्हें अगले कुछ दिन और आराम की सलाह दी गई है।

गौर करने वाली बात यह है कि अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से हार्दिक पांड्या 14 महीने बाद वनडे क्रिकेट में वापसी करने वाले थे। मगर अब उन्हें और इंतजार करना होगा। पांड्या के वनडे टीम से बाहर होने के बाद ये भी देखना दिलचस्प होगा कि बीसीसीआई उनके रिप्लेसमेंट की घोषणा करती है या नहीं।

कुल-मिलाकर, भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाली यह वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए काफी अहम साबित हो सकती है। जहां भारतीय टीम 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों को मजबूत करने और नए खिलाड़ियों को परखने की कोशिश करेगी, वहीं अफगानिस्तान की नजर मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को साबित करने पर होगी। ऐसे में क्रिकेट प्रशंसकों को एक रोमांचक और प्रतिस्पर्धी सीरीज देखने को मिल सकती है। (अनंत ज्ञान)

### विराट कोहली पहले ही सीरीज से बाहर हो चुके



**विराट** कोहली हैमस्ट्रिंग यानी जांघ की मसल्स में खिंचाव की वजह से टीम से बाहर हो चुके हैं। इस साल गुजरात के खिलाफ [illegible]फाइनल खेलते हुए उनकी जांघ में खिंचाव आया था। अफगानिस्तान के लिए टीम घोषित करते के समय चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने बताया था कि कोहली की रिकवरी का सही समय अभी तय नहीं है। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज तक वह फिट हो सकते हैं, लेकिन यह पक्का नहीं है। कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल को अफगानिस्तान सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है।

# एशियन गेम्स के लिए पाक ने चुनी युवा टीम

**एजेंसी, लाहौर**

◆ साहिबजादा फरहान को बनाया कप्तान, अफरीदी बाबर और रिजवान ड्रॉप

◆ चार खिलाड़ियों को टी20 इंटरनेशनल डेब्यू का मिल सकता है मौका

एशियन गेम्स 2026 के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। जापान में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले इस बहु-खेल आयोजन के लिए पाकिस्तान ने युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है। टीम में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहीन शाह अफरीदी, सलमान अली आगा और शादाब खान जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को जगह नहीं दी गई है।

युवा बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि अब्दुल समद को उपकप्तान बनाया गया है। फरहान ने टी20 विश्व कप-2026 में शानदार प्रदर्शन किया था और अब उन्हें पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान की कप्तानी का जिम्मा मिला है।

पाकिस्तान की इस टीम में चार ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है। इनमें आकिफ जावेद, अली रजा, माज सदाकत और साद मसूद के नाम शामिल हैं। एशियन गेम्स में इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का पहला मौका मिल सकता है।

फरहान अब तक पाकिस्तान के लिए 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, लेकिन उन्होंने इससे पहले किसी भी प्रारूप में टीम की कप्तानी नहीं की है। वहीं, उपकप्तान अब्दुल समद ने केवल पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। हालांकि, वह हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में पाकिस्तान टीम का हिस्सा रहे थे।

उस्मान खान को टीम का मुख्य विकेटकीपर चुना गया है। एशियन गेम्स के लिए घोषित यह टीम इस वर्ष खेले गए टी20 विश्व कप की टीम से काफी अलग नजर आती है, जिसमें अधिकांश युवा और उभरते खिलाड़ियों को अवसर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

## वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के बाद सचिन ने दिया था नई शुरुआत का मंत्र : जेमिमा

**एजेंसी, मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने खुलासा किया है कि महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार शतक जड़ने के बाद महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की सलाह ने उन्हें फाइनल के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने में मदद की। जेमिमा ने बताया कि तेंदुलकर ने उनके कोच प्रशांत शेट्टी के जरिए संदेश भेजा था कि सेमीफाइनल की सफलता को पीछे छोड़कर फाइनल को एक नई शुरुआत की तरह लें। उन्होंने कहा कि इस सलाह ने उन्हें भावनाओं पर नियंत्रण रखने और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने में मदद की। उन्होंने कहा कि किसी दिग्गज खिलाड़ी से मिली यह सीख उनके लिए बेहद खास थी और इससे उन्हें समझ आया कि हर मैच नई चुनौती लेकर आता है। वहीं, फाइनल में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा ने बताया कि उनके पिता के एक वॉयस नोट ने उन्हें अतिरिक्त प्रेरणा दी। शेफाली ने कहा कि पिता के शब्दों ने उन्हें इतिहास रचने और टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का हौसला दिया। मौजूदा एकदिवसीय विश्व चैंपियन भारत अब रविवार को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगा। (अनंत ज्ञान)



## जर्सी पर बने स्टार बयां करते हैं उरग्वे फुटबॉल टीम की कहानी

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** फुटबॉल की दिग्गज टीमों में शुमार उरग्वे नौ जून को 'साउथ अमेरिकन फुटबॉल डे' के रूप में मनाता है। इसी दिन उसने स्विट्जरलैंड को हराकर ओलंपिक में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था और उसके 'लोगो' पर पहला स्टार मिला था। फुटबॉल में राष्ट्रीय टीमों के 'लोगो' के ऊपर स्टार होना आम बात हो गई है, आमतौर पर ये स्टार बताते हैं कि टीम ने कितने फीफा वर्ल्ड कप जीते हैं। ब्राजील इस मामले में सबसे अधिक पांच स्टार के साथ शीर्ष पर हैं, उसके बाद जर्मनी और इटली के पास चार-चार और अर्जेंटीना के पास तीन स्टार हैं (अर्जेंटीना ने चार साल में एक बार होने वाले इस टूर्नामेंट का पिछला एडिशन जीता था)। (अनंत ज्ञान)

## गिल की टीम अफगानिस्तान को हल्के में लेने की गलती न करे : नायर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 से पहले, भारत अपनी टीम के कॉम्बिनेशन को बेहतर बनाने और कुछ नए खिलाड़ियों को परखने के लिए अफ़गानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगा। जियो हॉटस्टार के 'क्रिकेट लाइव' शो में, जियो स्टार के एक्सपर्ट पीयूष चावला और अभिषेक नायर ने विराट कोहली की गैर-मौजूदगी में भारतीय टीम के संतुलन, संभावित नए खिलाड़ियों और चयन से जुड़े अहम फैसलों पर अपनी राय रखी। पीयूष चावला ने अफगानिस्तान सीरीज़ में युवा खिलाड़ियों को मौका देने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया और कहा, 'इस वनडे सीरीज़ में रोहित शर्मा भारत के लिए अहम खिलाड़ी हैं। वह अब सिर्फ एक ही फॉर्मेट खेलते हैं, इसलिए उनके खेलने का समय मायने रखता है। विराट के टीम में न होने से रोहित पर ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है। वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक होंगे, खासकर घरेलू हालात में। 2027 का विश्व कप अभी दूर है, लेकिन तैयारी जल्दी शुरू होती है। उस टूर्नामेंट के लिए जिन हालात की उम्मीद है, जिनमें तेज गति और उछाल मिल सकती है, उनमें नीतीश कुमार रेड्डी भी योजनाओं का अहम हिस्सा हो सकते हैं। इस साल के आईपीएल में उन्होंने काफी सुधार किया है। उनकी गति बढ़ी है, उनके पास ज़्यादा वेरिएशन हैं और वह विकेट भी ले रहे हैं। इसलिए, हमें उन पर और उनके जैसे अन्य खिलाड़ियों पर नज़र रखने की जरूरत है। हर्ष दुबे को भी इस सीरीज में एक-दो मैच खेलने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने रणजी ट्रॉफी और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है। युवा खिलाड़ियों को मौका देने और यह देखने का यह सही समय है कि वे 2027 की बड़ी योजना में कैसे फिट बैठते हैं।' (अनंत ज्ञान)

## अहमदाबाद मेट्रो फेज-2ए को मिली मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अहमदाबाद मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के फेज-2ए (कोटेश्वर रोड से एयरपोर्ट कॉरिडोर) को मंजूरी दे दी है। इस 6.032 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में पांच स्टेशन बनाए जाएंगे, जिनमें चार एलिवेटेड और एक भूमिगत स्टेशन शामिल होगा। परियोजना की कुल लागत 2,169.04 करोड़ रुपए तय की गई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में इस कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है। यह मार्ग अहमदाबाद एयरपोर्ट को सरदार पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव से जोड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। इस फेज के तहत आश्रम रोड, कोटेश्वर प्राचीन मंदिर, साबरमती नदी, सरदार नगर और एयरपोर्ट स्टेशन शामिल होंगे। परियोजना के पूरा होने के बाद अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 77.63 किलोमीटर हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## चार साल बाद टेनिस कोर्ट पर लौटीं सेरेना, जीत के साथ किया आगाज

**एजेंसी, लंदन**



टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने लगभग चार साल बाद पेशेवर टेनिस में वापसी करते हुए क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट प्रतियोगिता में शानदार जीत दर्ज की। अमेरिकी स्टार ने कनाडा की 19 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको के साथ मिलकर अपने पहले ही मुकाबले में जीत हासिल कर शानदार वापसी का संकेत दिया।

सेरेना और म्बोको की जोड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोल मेलिचार-मार्टिनेज और एरिन राउटलिफ को 7-6 (2), 6-2 से हराया। यह मुकाबला 2022 यूएस ओपन के बाद सेरेना का पहला पेशेवर मैच था। मैच के दौरान उन्होंने 120 मील प्रति घंटे तक की रफ्तार से सर्विस की और कई शानदार विनर लगाए। मुकाबले का अंत भी उन्होंने दो ऐस और एक सर्विस विनर के साथ किया। जीत के बाद सेरेना ने कहा कि विक्टोरिया के साथ खेलना बेहद सुखद अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि दोनों ने पहले कभी साथ नहीं खेला था, लेकिन कोर्ट पर तालमेल स्वाभाविक रूप से बन गया।

हालांकि उन्होंने अपने प्रदर्शन को लेकर विनम्रता दिखाते हुए खुद को 'सी माइनस' अंक दिए और कहा कि चार साल बाद सीधे घास के कोर्ट पर लौटना आसान नहीं था। क्वींस क्लब में दर्शकों ने भी उनका जोरदार स्वागत किया। उनकी दोनों बेटियां ओलंपिया और अदीरा भी मैच देखने पहुंचीं। अब सेरेना अगले सप्ताह बर्लिन ओपन में भी युगल मुकाबला खेलेंगी। हालांकि उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह 29 जून से शुरू होने वाले विंबलडन में हिस्सा लेंगी या नहीं। (अनंत ज्ञान)

## मैत्री मैच में अमेरिका की महिला फुटबॉल टीम ने ब्राजील को 1-0 से हराया

**एजेंसी, फोर्टालेजा, (ब्राजील)।** ब्राजील की महिला टीम को अंतरराष्ट्रीय मैत्री महिला फुटबॉल मुकाबले में अमेरिका की टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ अमेरिका ने दो मैचों की सीरीज में बराबर कर ली। मंगलवार को खेले गए रोमांचक अंतरराष्ट्रीय महिला फुटबॉल मुकाबले में सोफिया विल्सन के दूसरे हाफ में किए गए हमले के बाद इसाबेला चागास के 'ओन गोल' (अपनी ही टीम के गोल में गेंद डालना) ने निर्णायक भूमिका निभाई और अमेरिका ने ब्राजील को 1-0 से हरा दिया। इस मैच में कुल आठ रेड कार्ड दिखाए गए।अमेरिका की इस जीत से ब्राजील में खेली जा रही दो मैचों की सीरीज में वह बराबरी पर आ गई है। इससे पहले ब्राजील ने अमेरिका पर रविवार को 2-1 से जीत हासिल की थी, उस मैच में भी विल्सन ने गोल किया था। (अनंत ज्ञान)

## अभ्यास मैच में अर्जेंटीना ने आइसलैंड को 3-0 से हराया

**एजेंसी, ऑबर्न**



मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने विश्व कप से पहले अपने अंतिम अभ्यास मुकाबले में बुधवार को आइसलैंड को 3-0 से हराकर दमदार तैयारी का संकेत दिया। अमेरिका के अलबामा राज्य के ऑबर्न स्थित जॉर्डन-हेयर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में लियोनेल मेसी ने बेंच से उतरकर पेनल्टी पर गोल दागा और टीम की जीत को यादगार बना दिया।

अर्जेंटीना ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। मैच के पहले दस मिनट के भीतर वेलेंटिन बार्को ने शानदार गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में लगभग 20 मिनट शेष रहते लियोनेल मेसी मैदान पर उतरे। कुछ ही मिनट बाद अर्जेंटीना को पेनल्टी मिली, जब लाउतारो मार्टिनेज को बॉक्स के अंदर फाउल किया गया। मेसी ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए गेंद को जाल में पहुंचा दिया।

यह गोल मेसी के लिए खास रहा क्योंकि वर्ष 2018 के विश्व कप में आइसलैंड के खिलाफ ही वह पेनल्टी चूक गए थे। इस बार उन्होंने उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल कर पुरानी याद को पीछे छोड़ दिया। अर्जेंटीना ने मैच के अंतिम चरण में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। 86वें मिनट में थियागो अल्मादा ने रोड्रिगो डी पॉल के शानदार पास पर गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। पूरे मुकाबले में अर्जेंटीना ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और आइसलैंड को वापसी का मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ टीम ने विश्व कप अभियान से पहले अपना आत्मविश्वास बढ़ाया। अब अर्जेंटीना अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 16 जून को कंसास सिटी में अल्जीरिया के खिलाफ करेगी। (अनंत ज्ञान)

## फुटबॉल वर्ल्ड कप में लागू होंगे नए नियम : फीफा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 11 जून (भारतीय समय के अनुसार 12 जून) से हो रही है। तीन देशों की मेजबानी में खेले जाने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप में इस बार कई नए नियम देखने को मिलेंगे, जिनकी जानकारी फीफा ने सोशल मीडिया के जरिए दी। यह तमाम नियम इस संस्करण में ही डेब्यू करेंगे, तो आइए जानते हैं कि यह नियम क्या हैं। इस बार के फीफा वर्ल्ड कप में 48 टीमें खेलती हुई नजर आएंगी। पिछले यानी 2022 के फीफा विश्व कप में 32 टीमों ने हिस्सा लिया था। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस बार फैंस का ज्यादा टीमों के साथ अनुभव कैसा रहता है।

**फीफा वर्ल्ड कप 2026 में डेब्यू करने वाले नियम:** अगर कोई खिलाड़ी मुंह पर हाथ रखकर किसी विरोधी टीम के खिलाड़ी को कुछ कहता हुआ दिखा, तो उसे रेड कार्ड दिया जा सकता है। अगर कोई खिलाड़ी पिच को छोड़कर जाता है और ऑफीशियल को फैसले का विरोध करता है, तो उसे भी रेड कार्ड दिया जा सकता है। रेड कार्ड टीम के किसी भी ऑफीशियल को दिया जा सकता है, जो किसी खिलाड़ी को मैच आफीशियल के फैसले के कारण मैदान छोड़ने के लिए उकसाएगा। अगर रेफरी को लगता है कि गोल किक में देरी हो रही है, तो पाच सेकंड का विजुअल काउंडटाउन शुरू हो जाएगा। अगर पांच सेकंड के अंदर गेद प्ले के अंदर नहीं आती है, तो गोल किक विरोधी टीम के लिए कॉर्नर में बदल जाएगी। इसी तरह का 5 मिनट का काउंटडाउन विरोधी टीम के थ्रो-इन के लिए लागू होगा। अगर खिलाड़ी का कोई सब्सीट्यूट आता है, तो उसे 10 सेकंड में पिच छोड़नी होगी। अगर खिलाड़ी ऐसा करने में विफल हो जाता है, फिर भी उसे मैदान छोड़ना होगा, लेकिन रिप्लेस करने वाले खिलाड़ी को पिच पर एक मिनट का खेल हो जाने के बाद ही एंट्री मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर की एयरस्ट्राइक :11 बच्चों समेत 13 मरे

**एजेंसी, काबुल।** पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान की सीमा से सटे इलाकों में हवाई हमले कर दिए। इन हमलों में जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें ज्यादातर बच्चे शामिल हैं, जो पाकिस्तान का घिनौना चेहरा बेनकाब करने वाला है। अफगानिस्तान सरकार के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखकर जानकारी दी है कि पाकिस्तानी सेना ने कल रात एक बार फिर अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त तथा पकतिका प्रांतों में आम नागरिकों के घरों पर बमबारी की।

इन हमलों में 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। खोस्त प्रांत के एक अधिकारी ने बताया कि स्पेरा जिले में एक घर पर हुए हमले में 9 लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। पक्तिका प्रांत में एक अलग हमले में 3 लोगों की मौत हुई। अफगानिस्तान के इन आरोपों पर पाकिस्तान की सेना ने अभी तक इन हमलों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। पाकिस्तान की ओर से किए गए ये हमले पिछले कई हफ्तों में सबसे घातक हैं। फरवरी के अंत में दोनों देशों के बीच छिड़े युद्ध के बाद सीमा पर कुछ समय तक शांति रही थी, लेकिन अब फिर से तनाव बढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

## दक्षिण अफ्रीका के क्लीवलैंड में 12 लोगों की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी, जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में जोहान्सबर्ग के पास क्लीवलैंड में अज्ञात लोगों ने कम से कम 12 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। दक्षिण अफ्रीका की पुलिस का कहना है कि यह वारदात मंगलवार देर रात क्लीवलैंड की एक अनधिकृत बस्ती में हुई। इस हमले में नौ अन्य लोग घायल हो गए। संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

दक्षिण अफ्रीका न्यूज चैनल टाइम्स लाइव की रिपोर्ट के अनुसार क्लीवलैंड में एक पेट्रोल स्टेशन के पास सफेद रंग की टोयोटा क्वांटम गाड़ी से 10 से अधिक बंदूकधारी उतरे। बंदूकधारियों ने बस्ती में घुसते ही कई स्थानों पर निवासियों पर गोलियां चलाईं और फिर उसी गाड़ी में बैठकर भाग गए।


स्थानीय पुलिस विभाग ने बताया कि अधिकारियों ने मंगलवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 11:10 बजे (जीएमटी) पर गोलीबारी की वारदात की शिकायत पर कार्रवाई की। घायलों के इलाज के लिए आपातकालीन चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई गई। पुलिस ने बताया कि आठ पुरुषों और तीन महिलाओं की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। घायल कम से कम नौ अन्य लोगों को अलग-अलग चिकित्सा केंद्रों में ले जाया गया। (अनंत ज्ञान)

## टीएमसी की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ इस्तीफे के बाद हिमंत सरमा से मुलाकात, टीएमसी में बढ़ी सियासी हलचल

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन को सौंपते हुए तत्काल प्रभाव से पद छोड़ने की घोषणा की।



इस्तीफे के बाद सुष्मिता देव की असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की तस्वीरें सामने आने के बाद राजनीतिक अटकलें तेज हो गई हैं। हालांकि उन्होंने अपने इस्तीफे के पीछे किसी विशेष कारण का उल्लेख नहीं किया है। अपने पत्र में उन्होंने राज्यसभा के सभापति, उपसभापति और सचिवालय के अधिकारियों के प्रति सहयोग के लिए आभार जताया। सुष्मिता देव का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब टीएमसी लगातार आंतरिक असंतोष और नेताओं के पार्टी छोड़ने की घटनाओं का सामना कर रही है। हाल के महीनों में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए इस्तीफा दिया है। इससे पहले राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय भी पार्टी छोड़ चुके हैं। सुष्मिता देव के इस्तीफे को टीएमसी के लिए एक और बड़े राजनीतिक झटके के रूप में देखा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)


**अदालती नोटिस**
**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील पंचरुखी जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा न. 34/Teh/26
किस्म मुकदमा- नाम दरुस्ती
तारीख पेशी-23.06.2026
कुमारी रितिका अवस्थी पुत्री कुलदीप चन्द निवासी गांव बाहडू डाकघर दियोग्रां तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि0प्र0।
**बनाम आम जनता**
**विषयः नाम की दरुस्ती करवाने बारे।**
कुमारी रितिका अवस्थी पुत्री कुलदीप चन्द निवासी गांव बाहडू डाकघर दियोग्रां तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र द्वारा सूचित किया है कि इनके पिता का असल नाम कुलदीप चन्द व दादा का सही नाम गोरख राम है परन्तू राजस्व रिकोर्ड महाल बाहडू पटवार वृत घाड में पिता का नाम दीप कुमार व दादा का नाम गारखू दर्ज है। जोकि गलत नाम दर्ज है। अब प्रार्थीया अपने पिता व दादा के नाम की दरुस्ती करने उपरान्त सही नाम दर्ज कागजात माल करवाना चाहती है। अतः इस इश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नाम की दरुस्ती बारे किसी को कोई ऐतराज हो तो वह दिनांक 23.06.2026 को असालतन व वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उजर पेश कर सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 10.6.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील पंचरुखी जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील पंचरुखी जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा न. 35/Teh/26
किस्म मुकदमा- नाम दरुस्ती
तारीख पेशी- 22.06.2026
श्रीमती अमरी देवी पत्नी रसमी राम निवासी गांव बंसगुआर डाकघर टटैहल तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि0प्र0।
**बनाम आम जनता**
**विषयः नाम की दरुस्ती करवाने बारे।**
श्रीमती अमरी देवी पत्नी रसमी राम निवासी गांव बंसगुआर डाकघर टटैहल तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र द्वारा सूचित किया है कि इनके पति का असल नाम रसमी लाल है परन्तु राजस्व रिकोर्ड महाल बंसगुआर पटवार वृत रामनगर में मीनक उपनाम रसमी लाल दर्ज है। जोकि गलत नाम दर्ज है। अब प्रार्थीया अपने पति के नाम की दरुस्ती करने उपरान्त सही नाम दर्ज कागजात माल करवाना चाहती है। अतः इस इश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नाम की दरुस्ती बारे किसी को कोई ऐतराज हो तो वह दिनांक 22.06.2026 को असालतन व वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उजर पेश कर सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 04.06.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील पंचरुखी जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

अनंत Classifieds

**NAME CHANGE**
**I, Pingala Devi** W/O Mr. Rakesh Kumar R/O Village Charka, P.O. Deori, Tehsil Anni, Distt. Kullu H.P. do here by solemnly declaring that my daughterÓs name is wrongly written as Abantika in her Adhaar Card. As per her Birth Certificate and all other relevant documents, the name of my daughter has been written as Avantika.Her correct name is Avantika ( अवन्तिका ) . This Notice is issued for correction.

**नाम दुरुस्ती**
**मैं, वेद कुमार** (48 वर्ष) पुत्र श्री हसनू राम गांव कोट डाकघर लुहरी तहसील आनी जिला कुल्लू हि.प्र. ब्यान करता हूं कि मेरे पुत्र भीष्म कश्यप के नाम की Spelling स्कूल रिकार्ड तथा अन्य रिकार्डों में 'BISHAM KASHYAP' सही दर्ज है जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में पुत्र के नाम की Spelling 'BHISHAM KASHYAP' गलत दर्ज हुई है अतः आधार कार्ड में मेरे पुत्र के नाम की Spellings 'BHISHAM KASHYAP, के बजाय 'BISHAM KASHYAP' दर्ज की जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं नायव तहसीलदार भवारना जिला कांगडा हि0प्र0 ।**
मुकदमा नं0 8125140/2026
किस्म मुकदमा नाम दरूस्ती
तारीख पेशी / 12026
श्री धनी राम पुत्र ओखा निवासी मोहाल बसकेहड़ उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0
**बनाम आम जनता**
**विषयः नाम की दरूस्ती करने बारे।**
प्रार्थी धनी राम पुत्र ओखा निवासी बसकेहड़ उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय स्वघोषणा पत्र द्वारा सूचित किया है कि उसका असल नाम धनी राम पुत्र ओखा है। उसके अन्य अभिलेख में में इसी नाम से प्रविष्टी दर्ज हैं। जबकि मोहाल बसकेहड़ के राजस्व अभिलेख में प्रार्थी का नाम थनिया पुत्र ओखा दर्ज हैं। जो कि गलत है। अतः प्रार्थी मोहाल बसकेहड़ के राजस्व रिकॉर्ड में अपने नाम की दरूस्ती थनिया पुत्र ओखा उपनाम धनी राम पुत्र ओखा करवाना चाहता है। अतः इस मुस्त्रीमुनादी चस्पानगी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त व्सकित के नाम की दरूस्ती बारे यदि किसी को कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 9/7/26 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकते है। अन्यथा उपरोक्त जन्म का पंजीकरण करने के आदेश पारित कर दिए जाएगें उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज काबिले गौर न होगा। आज दिनांक 9/06/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत जारी हुआ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी भवारना**

**व अदालत तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम वर्ग तहसील हरोली, जिला ऊना (हि.प्र.)**
केस नम्वर 34/PTH/2023, 37/PTH/2023
खेवट नम्वर 289, 288
महाल समनाल अनवान तकसीम
1. जोगिन्दर लाल पुत्र श्री राम पुत्र सोहनू वासी समनाल तहसील हरोली जिला ऊना (हि0प्र0) ------वादी
**वनाम**
1. श्रीमति इशरी देवी पुत्री उत्तम वासी समनाल तहसील हरोली जिला ऊना (हि0 प्र0) 2. श्रीमति केसरी देवी पुत्री उत्तम वासी समनाल ठाकरां तहसील हरोली जिला ऊना (हि0 प्र0) 3. श्रीमति सवित्री देवी पुत्री उत्तम वासी समनाल तहसील हरोली जिला ऊना (हि0 प्र0)
**इश्तहार वावत भू-तकसीम** - खेवट नम्वर खेवट नम्वर 289, 288 महाल समनाल जमावन्दी साल 2019-20 तहसील हरोली जिला ऊना हि0प्र0।
उक्त अनुवान वाला मुकदमा इस न्यायालय को विश्वास हो चुका है। उक्त प्रतिवादी की तामील साधारण ढंग से नही हो सकी है। इसलिए आपको समाचार पत्र में प्रकाशित इस इश्तहार के द्वारा सूचित किया है कि मुकदमा की पैरवी हेतु असलातन या वकालतन इस न्यायालय मे दिनांक 09-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होवे । वावजूद इश्तहार हाजिर न आने की सूरत में आपके खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल मे लाई जाकर नियमानुसार मुकदमा का निपटारा कर दिया जाएगा।
आज दिनांक 09-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय जारी हुआ ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम वर्ग हरोली जिला ऊना हि0प्र0**

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील हरोली जिला ऊना (हि. प्र.)**
श्री सेठी पुत्र प्रेम चन्द वासी ललडी तहसील हरोली जिला ऊना (हि0 प्र0) ...........वादी
**बनाम आम जनता**
.......प्रतिवादीगण
दरखास्त बमुराद दुरुस्ती नाम राजस्व अभिलेख महाल टाहलीवाल उपरला जमावन्दी 2022 -23 तहसील हरोली
**इश्तहार वावत दुरुस्ती नाम** - प्रार्थी श्री सेठी पुत्र प्रेम चन्द वासी ललडी तहसील हरोली जिला ऊना (हि0 प्र0) ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र दुरस्ती नाम प्रस्तुत किया है कि राजस्व रिकॉर्ड महाल टाहलीवाल उपरला जमावन्दी 2022 -23 में प्रार्थी का नाम सोडी पुत्र प्रेम चन्द गलत दर्ज है। अतः प्रार्थी का सही नाम सेठी पुत्र प्रेम चन्द है। अतः प्रार्थी का नाम सेठी उपनाम सोडी पुत्र प्रेम चन्द सही दर्ज किया जावे। अतः आम जनता को इस इश्तहार/मुशत्री मुनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 10 - 07-2026 को प्रातः 11:00 बजे से पहले अपना उजर लिखित या मौखिक तौर पर इस न्यायालय में असालतन या वकालतन निर्धारित तारीख पर पेश कर सकता है। यदि उपरोक्त वर्णित तिथि को किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/एतराज इस न्यायालय में प्राप्त न हुआ तो आम जनता के विरुध एक-तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नाम दुरस्ती बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे। निर्धारित तारीख पेशी के उपरान्त कोई भी उजर काबले समायत ना होगा व न्यायालय द्वारा उक्त केस के सम्बन्ध में फैसला सुना जाएगा।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील हरोली जिला**

# आनी के आधा दर्जन क्षेत्रों में रूटों पर नहीं जा रही एचआरटीसी बसें

## आधी कर दी बसों की संख्या और खराब हो रही बसें बनी सिरदर्द

◆ विधायक लोकेंद्र बोले- जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो होगा प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र में लगातार घटती बस सेवाओं, बंद पड़े ग्रामीण रूटों और आधे रास्तों में हांफ रही बसों को लेकर आनी विधानसभा क्षेत्र की जनता में खासा रोष है। वहीं, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ हो रहे अन्याय और अनदेखी को लेकर हिमाचल पथ परिवहन निगम प्रबंधन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज करवाया है।

उन्होंने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को उठाते हुए निगम



रास्ते में खराब एचआरटीसी की बस।

प्रबंधन को पत्र लिखकर बसों की संख्या बढ़ाने तथा बंद पड़े रूटों को शीघ्र नियमित रूप से बहाल करने की मांग की है। साथ ही समस्या जल्द न सुलझाने पर धरने प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

**पहले चलती थी 35 बसें अब घट कर रह गई 18 :** विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि आनी विधानसभा क्षेत्र में पहले लगभग 35 बसें संचालित होती थीं, लेकिन वर्तमान में यह संख्या घटकर मात्र 18 रह गई है। उन्होंने चेताया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे क्षेत्रवासियों के साथ आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### खटारा बसें आधे रास्ते में हो रही खराब

**लोकेंद्र** कुमार ने आरोप लगाया कि आनी के ग्रामीण रूटों पर रामपुर से पुरानी और तकनीकी रूप से कमजोर बसें भेजी जा रही हैं, जो अक्सर रास्ते में खराब हो जाती हैं। इसके चलते कई रूट नियमित रूप से प्रभावित हो रहे हैं और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।

### बसों की कमी के कारण कई रूट अस्थायी रूप से किए बंद

**रामपुर** क्षेत्र में बसों की कमी और खराबी के कारण पनेऊ, पोखरी, बंसा, बिशल और थर्मी जैसे कई ग्रामीण रूट प्रभावित हो गए हैं। परिवहन व्यवस्था बाधित होने से कई रूट अस्थायी रूप से बंद करने पड़े हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन के रूट चलाने से शाम की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, इसलिए बसें सीमित रूप से संचालित की जा रही हैं। विधायक लोकेंद्र कुमार ने रामपुर-दलाश वाया शुश-मुंगरी बस सेवा को लेकर भी चिंता जताई है और इसे नियमित करने की मांग की है।

> अभी 37 सीटर बसों की कमी चल रही है, जबकि बड़ी बसें इन रूटों पर भेजी नहीं जा सकती। जैसे ही इलेक्ट्रिक बसें रामपुर डिपो को आएंगी, आनी के सभी रूटों पर बसें सुचारु हो सकेंगी।
>
> -उमेश ठाकुर, क्षेत्रीय प्रबंधक, एचआरटीसी, रामपुर डिपो

# आईटीआई पतलीकूहल में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 12 जून को

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पतलीकूहल में 12 जून को महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, स्वराज डिवीजन प्लांट-2 (मोहाली) द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जाएगी। यह भर्ती राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। इसमें आईटीआई उत्तीर्ण, अंतिम वर्ष के प्रशिक्षु तथा 10+2 पास अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को आईटीआई के लिए लगभग 18,000 रुपए तथा 10+2 अभ्यर्थियों के लिए लगभग 16,000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। प्राचार्य ई. अर्पित आनंद ने बताया कि अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 12 जून को प्रात: 9:30 बजे उपस्थित होना होगा। अधिक जानकारी के लिए प्लेसमेंट प्रभारी भगवंत चौहान से संपर्क किया जा सकता है।

# रोएरिख ट्रस्ट में सजी कला की अनुपम छटा, 75 कलाकृतियों ने मोहा मन

अनंत ज्ञान

**नग्गर (कुल्लू)।** इंटरनेशनल रोएरिख मेमोरियल ट्रस्ट में कलाकर संघ पंजाब द्वारा 12 कलाकारों की 75 उत्कृष्ट कलाकृतियों की समूह कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल नकोदर की प्रिंसिपल संध्या देवान ने किया।

इस अवसर पर ट्रस्ट की रूसी क्यूरेटर लारिसा सुरोवा तथा धरित्री ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित कलाकारों का स्वागत किया। उन्होंने कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां कला और संस्कृति के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करती हैं तथा कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करती हैं। प्रदर्शनी का सफल संयोजन एवं क्यूरेशन बबीता रानी और अंकुश द्वारा किया गया।

प्रदर्शनी में कलाकार दपिंदर कोर संस्कृति केएमवी स्कूल से, सरबजीत, राजिंदर शर्मा, दीक्षा,



इंटरनेशनल रोएरिख मेमोरियल ट्रस्ट में कलाकर संघ पंजाब की समूह कला प्रदर्शनी का आयोजन अनंत ज्ञान

आरुषि, अपूर्वा सहित अन्य कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। प्रदर्शित चित्रों में प्रकृति, लोक संस्कृति, मानवीय भावनाओं और समकालीन जीवन के विविध आयामों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि संध्या देवान ने कलाकारों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कला समाज को संवेदनशील और सृजनात्मक बनाती है। उन्होंने सभी कलाकारों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसी प्रदर्शिनियों के आयोजन की शुभकामनाएं दीं। कला प्रेमियों, पर्यटकों और स्थानीय दर्शकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कलाकारों की रचनात्मकता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। यह प्रदर्शनी भारतीय कला की समृद्ध परंपरा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

# बेबी शर्मा और स्वप्निल का 'विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' के लिए चयन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले के युवाओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, मेधा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत 'मेरा युवा भारत' द्वारा आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कुल्लू जिले के दो होनहार युवाओं का चयन प्रतिष्ठित 'विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' के लिए किया गया है।

चयनित प्रतिभागियों में जिले के आनी क्षेत्र की बेबी शर्मा एवं स्वप्निल शामिल हैं। ये सभी प्रतिभागी आगामी 14 जून से उत्तराखंड केदेहरादून (पिथौरागढ़) में आयोजित सात दिवसीय विशेष कार्यक्रम में भाग लेकर कुल्लू जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह कार्यक्रम युवाओं को सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, स्थानीय संस्कृति,



सामाजिक सहभागिता तथा राष्ट्र निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सात दिवसीय शिविर के दौरान प्रतिभागी विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करेंगे तथा अपने नेतृत्व, संवाद एवं सामाजिक कौशल का विकास करेंगे। इस उपलब्धि पर जिले में हर्ष का माहौल है। यह कुल्लू जिले के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि यहां के युवाओं को राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सहभागी बनने का अवसर प्राप्त हुआ है।

# श्रीखंड के रास्ते की रेकी कर लौटी टीम

## एसडीएम निरमंड को सौंपी रिपोर्ट, क्षतिग्रस्त पुलों की मरम्मत शुरू

◆ भीम डवारी के समीप जोखिम भरे झरने के लिए वैकल्पिक मार्ग की तलाश

अनंत ज्ञान

**आनी।** 18,570 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड कैलाश महादेव के दर्शन हेतु होने वाली लगभग 35 किलोमीटर लंबी कठिन यात्रा से पहले प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग की रेकी की गई। श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के अधीन इस कार्य के लिए राजस्व, वन, पुलिस और पर्वतारोहण संस्थान मनाली की संयुक्त टीम ने मार्ग का निरीक्षण किया और रिपोर्ट एसडीएम निरमंड व ट्रस्ट उपाध्यक्ष जगदीप कंवर को सौंपी।

एसडीएम निरमंड ने बताया कि टीम में पटवारी सोनम ताशे, टेक सिंह, वन रक्षक प्रताप सिंह तथा दो पुलिस कर्मी सहित पर्वतारोही शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार ब्राह्टी नाला पर पैदल पुल क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मत कार्य जारी है। इसके बाद दूसरे पुल की मरम्मत भी की जाएगी, जहां लोहे की पुलिया लगाने की संभावना है।



ब्राह्टी नाला पर पैदल पुल भी क्षतिग्रस्त है। अनंत ज्ञान

काली टॉप, कुंशा और भीम डवारी तक कुछ स्थानों पर सीढ़ियां और रास्ता हल्का क्षतिग्रस्त पाया गया है, जिन्हें जल्द दुरुस्त किया जाएगा। प्रशासन ने यात्रा मार्ग को सुरक्षित बनाने के लिए कार्य तेज कर दिया है। एसडीएम ने बताया कि रेकी कर लौटी प्रशासन की टीम के अनुसार भीम डवारी के समीप एक झरना यात्रियों के लिए जोखिम भरा है। क्योंकि इस झरने में पानी काफी ज्यादा है, जिससे यात्रियों को पार करवाना कठिन और जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने बताया कि इसी को लेकर फिर से एक बैठक की गई, जिसमें खण्ड विकास कार्यालय, पंचायत आदि के स्थानीय लोगों को इस झरने से हटकर श्रद्धालुओं को श्रीखंड के दर्शनों को भेजने के लिए वैकल्पिक रास्ता तलाशने का जिमा सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा रास्ते में कुछ ग्लेशियर हैं, जो संभवत: यात्रा शुरू होने तक कम हो जाएंगे और कोई परेशानी नहीं करेंगे। खंड विकास कार्यालय, वन विभाग को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं ताकि यात्रा शुरू होने से पहले रास्ता दुरुस्त किया जा सके। एसडीएम निरमंड जगदीप कंवर ने बताया कि इन दिनों बहुत से लोग ट्रैकिंग करते हुए विभिन्न रास्तों होकर श्रीखंड महादेव के दर्शनों को निकल रहे हैं। जो सही नहीं है। उनका कहना है कि अभी रास्ते मे न ही मेडिकल सुविधा है, न ही आपात स्थिति में कोई रेस्क्यू टीम, ऐसे में आधिकारिक यात्रा शुरू होने से पहले कृपया इस जोखिम पूर्ण यात्रा में न जाएं। उन्होंने बताया कि जल्द ही श्रीखंड यात्रा के रास्ते की स्थिति की रिपोर्ट डीसी कुल्लू एवं श्रीखण्ड महादेव यात्रा ट्रस्ट के अध्यक्ष को सौंप दी जाएगी।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष पूर्ण होने पर किया हवन-पूजन



अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** पतलीकूहल स्थित शिव मंदिर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र सेवा, सुशासन और विकास के 12 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में मनाली के पूर्व विधायक गोविंद सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान स्थापित की है तथा विकास के नए आयाम हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में सेवा, समर्पण और विकास की भावना के साथ देश ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। कार्यक्रम के दौरान भगवान भोलेनाथ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए विशेष प्रार्थना की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं ने हवन-पूजन में भाग लेकर राष्ट्र की समृद्धि और उन्नति की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि इन 12 वर्षों ने नए भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखी है और देश को आत्मनिर्भरता, सुशासन तथा विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के दिए निर्देश




लाहौल-स्पीति में विकास योजनाओं की समीक्षा।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** केलांग स्थित उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग के सदस्य एडवोकेट विजय डोगरा, दिग्विजय मल्होत्रा तथा एम.एस. शालिनी जमवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों, उनके निस्तारण की स्थिति तथा बजट व्यय की विभागवार समीक्षा भी की गई। इसमें सभी विभागाध्यक्षों, एसडीएम और डीएसपी ने भाग लिया। अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिले और योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में प्रशासन ने आयोग के निर्देशों का पूर्ण पालन करने का आश्वासन दिया

# सद्गुरु हों पथ प्रदर्शक तो हर राह होगी आसान: सुधांशु



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश के मनाली में विगत एक महीने से चल रहे चंद्रयान तप साधना शिविर के समापन दिवस पर दिव्य शक्तिपात से साधक भाव विभोर हुए। इस शुभ अवसर पर पूज्य महाराजश्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अनादि काल से सद्गुरु को भगवान से भी उच्च स्थान है, जब जीवन में सच्चे गुरु की कृपा होती है तब व्यक्ति बड़े से बड़े कष्टों के बीच से बाहर निकल जाता है। गुरु की शरण में आने से जीवन से परेशानियां खत्म हो जाती है और पूर्व जन्मों के कर्मों के अनुसार छोटे-मोटे झटके और ठोकरें तो लगेंगे लेकिन गुरु का रक्षा कवच उन बड़े हादसों को छोटे झटकों में बदल देता है। उन्होंने गुरु को मार्गदर्शक बनाकर उनके प्रति अगाध श्रद्धा रखने को कहा। श्री सुधांशु जी महाराज ने कहा कि अपने भाग्य को बदलने तथा जीवन को सार्थक बनाने का माध्यम 'गुरु सेवा' को बताते हुए कहा कि वास्तव में, गुरु की सेवा करना किसी दूसरे की नहीं बल्कि खुद की सेवा करने और अपनी आत्मा को शुद्ध करना है। जब एक साधक बिना किसी चाह भाव से गुरु का कार्य और उनकी देन को अपने जीवन में उतारता है तब वह अनजाने में ही अपने जीवन के अवरोधों को समाप्त कर लेता है।

# कुल्लवी व्हिम्स और खमीर क्राफ्ट्स ने नग्गर में लगाए 131 देवदार के पौधे

अनंत ज्ञान

**नग्गर/कुल्लू।** पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नग्गर स्थित कुल्लवी व्हिम्स तथा कच्छ, गुजरात की संस्था खमीर क्राफ्ट्स की टीम ने संयुक्त रूप से 131 देवदार के पौधे लगाए।

दोनों संस्थाएं देश के अलग-अलग क्षेत्रों में पशुपालक और शिल्पकार समुदायों के साथ कार्य करती हैं तथा मानती हैं कि स्वस्थ वन, चारागाह और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र पारंपरिक आजीविकाओं और हस्तशिल्प परंपराओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह पहल अंतरराष्ट्रीय चारागाह एवं पशुपालक वर्ष के अवसर पर आयोजित की गई। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन, जल स्रोतों की सुरक्षा तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य का निर्माण करना है। संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रकृति, शिल्प और समुदाय एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। आज लगाए गए पौधे आने वाले वर्षों में पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहयोग के प्रतीक बनेंगे। उन्होंने कहा, 'आज हम जो जड़ें रोप रहे हैं, वही कल हमारे साझा भविष्य का आधार बनेंगी।



पौधरोपण के दौरान सामूहिक चित्र में सस्थाओं के सदस्य।

# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल आनी का शानदार प्रदर्शन



प्रतियोगिता में 148 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आनी।** संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय आनी में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय के शिशु, बाल एवं किशोर वर्ग के कुल 148 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, योग, भाषण, सुलेख, चित्रकला तथा लोकनृत्य सहित विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। विद्यालय ने खो-खो किशोर वर्ग (ब्वॉयज), कबड्डी बाल वर्ग (ब्वॉयज, वॉलीबॉल किशोर वर्ग, लोकनृत्य किशोर वर्ग, शतरंज किशोर एवं बाल वर्ग, भाषण प्रतियोगिता किशोर वर्ग, हिंदी एवं अंग्रेजी सुलेख किशोर वर्ग तथा योग बाल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

खो-खो किशोर, बाल एवं शिशु वर्ग (गर्ल्स), कबड्डी, लोकनृत्य शिशु वर्ग, वॉलीबॉल बाल वर्ग, बैडमिंटन बाल वर्ग (भैया), योग बाल एवं किशोर वर्ग तथा हिंदी एवं अंग्रेजी सुलेख बाल एवं शिशु वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। चित्रकला किशोर एवं शिशु वर्ग तथा भाषण बाल वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य निहाल ठाकुर ने सभी प्रतिभागी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बजड़ौह टीम ने धमरोल को हराकर जीती वॉलीबॉल स्पर्धा



अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के धमरोल में आयोजित एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 16 टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने पूरे दिन शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

पहले सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान धमरोल की टीम का सामना जाहु की टीम से हुआ। रोमांचक मुकाबले में धमरोल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में बजड़ौह और सुंदरनगर की टीमों के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में बजड़ौह की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए सुंदरनगर को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला धमरोल और परमार यूथ क्लब बजड़ौह के बीच खेला गया। परमार यूथ क्लब बजड़ौह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए धमरोल की टीम को हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। समापन समारोह में विजेता परमार यूथ क्लब बजड़ौह को 8,100 रुपए नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता धमरोल टीम को 5,100 रुपए नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# दी सम्मी सहकारी सभा प्रबंधन समिति के चुनाव 4 जुलाई को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** दी सम्मी कृषि सेवा सहकारी सभा की प्रबंधन समिति के चुनाव 4जुलाई को होना निश्चित है। जिसमें नामांकन पत्रों की प्राप्ति 11और 12जून को सुबह सुबह 11बजे से सायं 3बजे तक सभा कार्यालय में और नामांकन पत्रों की नाम वापसी 19 जून सुबह 10 से सायं 2बजे तक होंगे। यह जानकारी सहकारी सभा समिति के सचिव कुलदीप सिंह ने दी।

# कार्डियोलॉजी के सहायक प्रोफेसर लक्की टांडा ट्रांसफर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद लगभग दो साल पहले कार्डियोलॉजी की ओपीडी शुरू की थी। अस्पताल में अलग से कार्डियोलॉजी की ओपीडी होने से हरदय रोगों से पीड़ित मरीजों को काफी लाभ मिला। गत दो वर्षों से मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में सेवाएं दे रहे कार्डियोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर लक्की कुमार का ट्रांसफर मेडिकल कॉलेज टांडा कर दिया गया है। इसी के साथ मंडी के डेजीग्नेटड सहायक प्रो डॉ. सोनी कुमार को भी मेडिकल कॉलेज टांडा में ट्रांसफर कर दिया है। इन दोनों के ट्रांसफर आर्डर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल प्रभाव से जारी किए गए हैं, लेकिन इन्हें अभी तक रिलीव नहीं किया गया है। मेडिकल कॉलेज से डॉ लक्की कुमार के ट्रांसफर होने से मरीजों को अब फिर से शिमला, टांडा या अन्य अस्पतालों में जाना पड़ेगा।

# कॉमन एंट्रेंस टेस्ट हिम अकादमी विकास नगर के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी) 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के तीन मेधावी छात्र कल्पित ठाकुर, सानिध्या और कनिष्क चौहान ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रधानाचार्या ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय परिवार ने आशा जताई कि ये छात्र भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान और प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे।

# नशा तस्कर राकेश कुमार को पुलिस ने 3 माह के लिए किया डिटेन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा नशा तस्करों एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस थाना बड़सर ने एनडीपीएस 1988 की धारा 3(1) के अंतर्गत आदतन नशा तस्कर राकेश कुमार उर्फ रॉकी (33 वर्ष), निवासी बड़सर, जिला हमीरपुर को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा सभी कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने एवं सिविल अस्पताल बड़सर में मेडिकल जांच करवाने के उपरांत आरोपी राकेश कुमार उर्फ रॉकी को को आगामी 03 माह की अवधि हेतु जिला कारागार हमीरपुर में नजरबंद (डिटेन) किया गया है। जिला पुलिस हमीरपुर हिमाचल प्रदेश सरकार के 'नशा मुक्त हिमाचल' अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा भविष्य में भी नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# भोरंज के विधायक सुरेश से मिले नवनिर्वाचित प्रधान और सदस्य



विधायक सुरेश कुमार से मिलते जनप्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज के नवनिर्वाचित प्रधान व अन्य सदस्य कोट लांगसा पंचायत से नवनिर्वाचित प्रधान डॉ. संगीता पंडित और संगरोह पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान व अन्य सदस्यों ने अपने सम्मानित समर्थकों सहित भोरंज विधानसभा सुरेश कुमार से शिष्टाचार भेंट की।

इस आत्मीय मिलन के दौरान सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने अपनी इस शानदार सफलता के लिए आभार व्यक्त किया, जिस पर विधायक सुरेश कुमार ने सभी का मुंह मीठा करवाकर एवं पारंपरिक रूप से स्वागत किया। भेंट के दौरान दोनों पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र के चहुमुखी और सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर सुरेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के 'व्यवस्था परिवर्तन' के संकल्प को धरातल पर उतारने और हर गाँव व हर घर तक सुदृढ़ बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने में इन जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी। सुरेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश के सभी वर्गों का सामान विकास किया जा रहा है।

# नगर निगम के गठन में देरी पर उठ रहे सवाल

## सोलन के बशिंदे झेल रहे पानी और कूड़े की समस्या, किसी की जवाबदेही नहीं

अनंत ज्ञान

सोलन। नगर निगम सोलन के चुनाव संपन्न हुए 11 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ नहीं दिलाई गई है। शपथ प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर शहर में सवाल उठने लगे हैं और लोग स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं।

शहर में पेयजल आपूर्ति और कूड़ा निस्तारण जैसी मूलभूत समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं, लेकिन नगर निगम का नया बोर्ड अस्तित्व में नहीं आने के कारण लोग अपनी शिकायतें किसके समक्ष रखें, इसे लेकर परेशान हैं। आम नागरिकों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों के चुनाव के बावजूद उनके अधिकारिक रूप से कार्यभार संभालने में देरी से विकास कार्य और जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रभावित हो रहे हैं।

नगर निगम के 17 वार्डों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 10 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत हासिल किया है, जबकि कांग्रेस के खाते में 6 सीटें आई हैं। एक वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहा है। चुनाव परिणाम आने के बाद से नवनिर्वाचित पार्षद शपथ ग्रहण का इंतजार कर रहे हैं।

इस बीच भाजपा ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए उसकी मंशा पर सवाल उठाए हैं। भाजपा मंडल सोलन शहरी इकाई के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकार की नीयत में खोट है। उनका आरोप है कि पहले चुनाव प्रक्रिया को लटकाया गया और अब जनता के जनादेश का सम्मान नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम का गठन और पार्षदों का शपथ ग्रहण समय पर होना चाहिए था, ताकि शहर के लोगों को बेहतर प्रशासन मिल सके। शैलेंद्र गुप्ता ने दावा किया कि अब शपथ ग्रहण भी न्यायालय के आदेश के बाद ही संभव हो पाएगा।

वहीं, नगर निगम के गठन में हो रही देरी और प्रशासनिक स्तर पर गंभीरता के अभाव का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब तक नया बोर्ड कार्यभार नहीं संभालता, तब तक स्थानीय समस्याओं के समाधान में देरी होती रहेगी। ऐसे में नगर निगम के शीघ्र गठन और पार्षदों को शपथ दिलाने की मांग तेज होने लगी है।

नगर निगम सोलन के चुनाव संपन्न हुए 11 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ नहीं दिलाई गई है। इस देरी को लेकर शहर में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनादेश मिलने के बाद भी बोर्ड का गठन न होना चिंता का विषय है, जिससे शहर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

शहर में पेयजल आपूर्ति, कूड़ा निस्तारण और सफाई व्यवस्था जैसी मूलभूत समस्याएं लगातार गंभीर बनी हुई हैं। लेकिन नया नगर निगम बोर्ड अस्तित्व में न आने के कारण लोग अपनी शिकायतें दर्ज कराने को लेकर असमंजस में हैं। नागरिकों का कहना है कि जब तक पार्षद आधिकारिक रूप से कार्यभार नहीं संभालते, तब तक समस्याओं का समाधान मुश्किल है।


नगर निगम कार्यालय सोलन। अनंत ज्ञान

# इनोवेशन डे पर शूलिनी यूनिवर्सिटी ने पार किया 2,000 आईपी एप्लीकेशन का आंकड़ा

अनंत ज्ञान

सोलन। शोध और नवाचार के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए शूलिनी यूनिवर्सिटी ने 2,000 इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी एप्लीकेशन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में इनोवेशन डे का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के मजबूत नवाचार इकोसिस्टम की सफलता को रेखांकित किया गया।

शूलिनी इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स ऑफिस के निदेशक दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय अब तक 1,224 यूटिलिटी पेटेंट, 512 डिजाइन एप्लीकेशन, 247 कॉपीराइट और 17 ट्रेडमार्क सहित कुल 2,000 आईपी एप्लीकेशन फाइल कर चुका है। इनमें से 989 पेटेंट प्रकाशित हो चुके हैं, जबकि 656 को मंजूरी या पंजीकरण प्राप्त हुआ है। वर्ष 2025 में ही 182 पेटेंट, 37 डिजाइन और 51 कॉपीराइट आवेदन दाखिल किए गए, जो शोध गतिविधियों की तीव्र गति को दर्शाते हैं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शोधकर्ताओं को सम्मानित किया गया। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डॉ. राज कुमार सैनी ने 17 पेटेंट आवेदन दाखिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर के प्रो. सोमेश शर्मा ने 15 पेटेंट, जबकि प्रो. पंकज रायजादा और डॉ. दीपक कुमार ने 12-12 पेटेंट आवेदन दर्ज किए। स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर 29 पेटेंट आवेदन के साथ शीर्ष पर रहा।

'वन स्टूडेंट, वन पेटेंट' अभियान इस समारोह का मुख्य आकर्षण रहा, जिसका उद्देश्य छात्रों को नवाचार और पेटेंट निर्माण के लिए प्रेरित करना है। विश्वविद्यालय नेतृत्व ने भविष्य में 10,000 पेटेंट का लक्ष्य रखा है। वाइस चांसलर प्रो. अतुल खोसला ने कहा कि आने वाले वर्षों में पेटेंट गतिविधियों को और विस्तार दिया जाएगा, जबकि रजिस्ट्रार डॉ. सुनील पुरी ने इसे विश्वविद्यालय के दीर्घकालिक विजन की सफलता बताया।

एसआईपीओआर के वरिष्ठ प्रबंधक हिमांशु शर्मा ने वर्ष 2026 के लिए 300 यूटिलिटी पेटेंट फाइल करने और 3,000 से अधिक कुल आईपी एप्लीकेशन का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम का समापन डॉ. ऋचिका मेहता के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। शूलिनी यूनिवर्सिटी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया।


कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

# न्यूज ब्रीफ

## विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत गठित समितियों की बैठकें आयोजित

अनंत ज्ञान, सोलन। अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति, प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम, दिव्यांगजन अधिकार संरक्षण अधिनियम 2016 तथा राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत गठित समितियों की बैठकें आयोजित की गईं। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान पर चर्चा की गई। बताया गया कि अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत जिले में 105 मामले दर्ज हुए, जिनमें 47 न्यायालयों में लंबित हैं। 76 मामलों में 105 पीड़ितों को 72.16 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है। अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे और जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत छात्रवृत्ति और कौशल विकास योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। वर्ष 2025-26 में 15 लाभार्थियों को 87 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया गया है। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए।

## सोलन में 80 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 15 व 16 जून को

अनंत ज्ञान, सोलन। मैसर्ज एसआईएस लि. आर.टी.ए. हमीरपुर में सिक्योरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के कुल 80 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 15 व 16 जून, 2026 को आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोज़गार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं व विशिष्ट शारीरिक मापदंड ऊंचाई 168 सेमी, भार 56-95 किलोग्राम व आयु 19 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 80 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 15 जून, 2026 को मॉडल कैरियर सेंटर सोलन, नज़दीक डीस्ट्रोफी हॉस्पिटल जटोली (ज़िला रोज़गार कार्यालय) सोलन तथा 16 जून, 2026 को उप रोज़गार कार्यालय अर्की में प्रातः 10.30 बजे आयोजित किए जाएंगे। ज़िला रोज़गार अधिकारी ने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ई.ई.एम.आई.एस. में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ई.ई.एम.आई.एस. पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपने रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता अनुसार आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

## सूखे नलः घनागुघाट पंचायत में जल संकट से ग्रामीण लोगों में मचा हाहाकार

कृष्ण रघुवंशी, अर्की। अंतर्गत ग्राम पंचायत घनागुघाट के कई गांवों बणैण, काऊरा, वैहली, छिब्बर, ताल, बघोड़ा, मांडी और आसपास के सैकड़ों ग्रामीण पिछले लगभग 15 दिनों से गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। जल विकास व वितरण की योजनाओं के बड़े-बड़े दावों के बावजूद ग्रामीणों को नियमित पानी की आपूर्ति नहीं मिल रही है, जिससे लोगों में गहरा आक्रोश है। भीषण गर्मी के इस मौसम में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज के प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। अधिकांश पुरुषों के काम पर जाने के कारण महिलाओं और बुजुर्गों पर पानी लाने की जिम्मेदारी आ गई है, जिसमें उन्हें घंटों मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि 'हर घर नल, हर घर जल' जैसी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति बिल्कुल विपरीत है। पानी की कमी के कारण पशुधन को पालना भी मुश्किल हो गया है। कई प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख चुके हैं, जिससे संकट और बढ़ गया है। जल शक्ति विभाग का कहना है कि पानी की कमी नहीं है, बल्कि लिफ्टिंग प्वाइंट पर ट्रांसफार्मर खराब होने से आपूर्ति बाधित हुई है। वहीं विद्युत विभाग ने इसे दुरुस्त करने का काम जारी बताया है। ग्रामीणों ने जल्द समाधान की मांग की है।

## राजगढ़ में निर्विरोध चयन, विक्रम जैलदार अध्यक्ष व नरेंद्र ठाकुर उपाध्यक्ष

राजगढ़। नगर में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव बुधवार को निर्विरोध संपन्न हो गया। इस चुनाव में कांग्रेस के विक्रम जैलदार को अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चुना गया, जबकि केवल दो सीटें जीतने वाली भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र ठाकुर का निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना जाना स्थानीय राजनीति में बड़ा उलटफेर माना जा रहा है। इस घटनाक्रम को कांग्रेस के लिए उपाध्यक्ष पद पर करारे झटके के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव की खास बात यह रही कि निर्वाचित सदस्यों ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सहमति के आधार पर नेतृत्व का चयन किया। हालांकि कांग्रेस उपाध्यक्ष पद के लिए अपना कोई नाम तय नहीं कर सकी, जिससे पार्टी के भीतर असंतोष और गुटबाजी की स्थिति सामने आई। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस ने पहले ही आंतरिक बैठक में विक्रम जैलदार को अध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष ज्योति साहनी को उपाध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया था, लेकिन पार्टी के भीतर ही इस पर सहमति नहीं बन पाई। यही कारण रहा कि उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार भी नहीं उतार सकी।

## पच्छाद में 'सशक्त नारी, समृद्ध सिरमौर' पर जागरूकता कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, नाहन। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला महिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन द्वारा पच्छाद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नैनाघाट में 'सशक्त नारी, समृद्ध सिरमौर' विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य केशव दत्त ने की। इसमें बेटा-बेटी समानता, पीसीपीएनडीटी अधिनियम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मासिक धर्म स्वच्छता, दहेज निषेध जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने महिलाओं और छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही 181 टोल फ्री नंबर और 112 आपातकालीन सहायता सेवा के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। विशेषज्ञों ने प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

# नगर निगम में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की कमी

अनंत ज्ञान

सोलन। नगर निगम सोलन में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की पर्याप्त संख्या न होने के कारण शहर के अधिकांश वार्डों में नियमित और समय पर सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर कूड़ा निर्धारित समय पर नहीं उठ पाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आगामी राष्ट्रीय स्तर के शूलिनी मेले को देखते हुए यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। मेले के दौरान शहर में हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से कूड़े की मात्रा भी सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक हो जाती है। ऐसे में यदि समय रहते अतिरिक्त कूड़ा संग्रहण वाहनों की व्यवस्था नहीं की गई, तो सफाई व्यवस्था बनाए रखना नगर निगम के लिए चुनौती बन सकता है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को अभी से आवश्यक तैयारियां शुरू करनी चाहिए, ताकि सभी वार्डों से नियमित रूप से कूड़ा उठाया जा सके और मेले के दौरान भी स्वच्छता व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

उनका मानना है कि समय रहते उचित प्रबंधन नहीं किया गया तो बाद में अव्यवस्था के लिए एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

## पशु मित्रों की द्वितीय चरण की काउंसलिंग 18 जून को होगी

सोलन। पशु मित्र नीति-2025 के अंतर्गत उपमंडल कसौली के अधीनस्थ पांच पशु चिकित्सा संस्थानों में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 18 जून, 2026 को प्रातः 11 बजे उपमंडल अधिकारी कसौली के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी पीएमईसी के सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मपुर ने दी।

उन्होंने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच के बाद मेरिट के आधार पर काउंसलिंग के लिए चयन किया गया है। द्वितीय चरण की यह प्रक्रिया उपमंडलीय पशु चिकित्सालय धर्मपुर, चंडी, जाबली, पशु औषधालय घड़सी और कंडा में रिक्त पदों के लिए आयोजित होगी। काउंसलिंग प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ आयोजित होगी।

# मानव कल्याण समिति दूरदराज क्षेत्र में लगाएगी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

अर्की। मानव कल्याण समिति अर्की की मासिक बैठक समिति के संस्थापक डॉ. संत लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

समिति के सचिव राजेश कपाटिया ने बताया कि समिति ने आगामी सितंबर माह में अर्की के किसी दूरदराज क्षेत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

उन्होंने बताया कि समिति द्वारा जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करवाए जा रहे ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर्स के लगातार उपयोग से होने वाली तकनीकी क्षति को देखते हुए उनकी सर्विसिंग किसी दक्ष यंत्रज्ञ से करवाने का भी फैसला लिया गया है, जिससे जरूरत पड़ने पर लोगों को निर्बाध रूप से सुविधा मिलती रहे।

बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर बीएमओ अर्की से आग्रह किया गया कि क्षेत्रीय अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ओपीडी में लगने वाली कतारों को अधिक व्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जाएं, ताकि मरीजों और चिकित्सकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

बैठक में मोहन लाल शर्मा, मनोहर लाल, ओम प्रकाश शर्मा, रोहित शर्मा सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने भविष्य में भी जनकल्याण से जुड़े कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। तथा जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय।


समिति की बैठक में उपस्थित सदस्य। अनंत ज्ञान

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सोलन में हुआ विशेष हवन यज्ञ

अनंत ज्ञान

सोलन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोलन में विशेष हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

हवन यज्ञ के माध्यम से देश की उन्नति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास और प्रगति के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और देश विश्व पटल पर एक मजबूत पहचान बनाने में सफल हुआ है।

कार्यक्रम का समापन पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान और जनधन योजना जैसी अनेक ऐतिहासिक योजनाओं के माध्यम से जनजीवन में व्यापक परिवर्तन देखा है।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से आम जनता को सीधा लाभ मिला है और विकास की गति तेज हुई है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का उत्साह देखा गया।


हवन में शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री व अन्य। अनंत ज्ञान

# शहीद सिपाही सिकंदर के शहीदी दिवस पर बोहली में श्रद्धांजलि समारोह, पूर्व सैनिकों ने किया नमन

अनंत ज्ञान

कसौली। एक्स सर्विस लीग सदर सोलन की धर्मपुर इकाई के सदस्यों ने सूबेदार मेजर सचिदानंद शर्मा (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में शहीद सिपाही सिकंदर के शहीदी दिवस के अवसर पर बोहली स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, पुलिस अधीक्षक सोलन, पंचायत प्रतिनिधियों, विद्यालय परिवार, पूर्व सैनिकों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर सपूत को नमन किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शहीद सिपाही सिकंदर का सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र के प्रति समर्पण और देशभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उनका त्याग और शौर्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है तथा राष्ट्र सदैव उनके योगदान का ऋणी रहेगा। वक्ताओं ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने 'शहीद सिपाही सिकंदर अमर रहें' और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ वीर शहीद को श्रद्धापूर्वक नमन किया। समारोह का वातावरण देशभक्ति और सम्मान की भावना से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने यह भी कहा कि शहीदों के परिवारों का सम्मान और उनकी समस्याओं का समाधान समाज और सरकार दोनों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में सैनिकों का योगदान अतुलनीय है और उनके बलिदान के कारण ही देश सुरक्षित और सशक्त बना हुआ है। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत और विचार प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण और अधिक भावनात्मक हो गया।


शहीद को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक व अन्य। अनंत ज्ञान

# राज्यपाल ने की सीनेट बैठक की अध्यक्षता


राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने स्मारिका का विमोचन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सोलन। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं डॉ. वाई.एस. परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कुलाधिपति कविन्द्र गुप्ता ने विश्वविद्यालय की 17वीं सीनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों की समीक्षा की और राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में हासिल उपलब्धियों की सराहना की। राज्यपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों को अद्यतन करने तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डाटा एनालिटिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी जैसी आधुनिक तकनीकों को शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया।

उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के पुनर्गठन, उद्योगों और वित्तीय संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ाने तथा विद्यार्थियों के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर सृजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने वर्चुअल माध्यम से 'नक्षत्र वाटिका' और 'स्व-रोजगार धाम' का शिलान्यास तथा आधुनिक 'डिजिटल नॉलेज सेंटर' का उद्घाटन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की।

# भावन शर्मा ने कहा-जनता को दिखावे की राजनीति नहीं, परिणाम चाहिए

अनंत ज्ञान

नाहन। मेडिकल कॉलेज नाहन की व्यवस्थाओं को लेकर भाजपा युवा नेता भावन शर्मा ने विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता को केवल निरीक्षण और प्रचार नहीं, बल्कि समस्याओं का वास्तविक समाधान चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि कुछ दिन पहले विधायक के मेडिकल कॉलेज दौरे का व्यापक प्रचार हुआ, लेकिन उसके बाद आखिर क्या बदलाव आया।

भावन शर्मा ने कहा कि दौरे के दौरान अव्यवस्थाओं पर चिंता व्यक्त की गई, तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किए गए, लेकिन आज जनता यह जानना चाहती है कि उस निरीक्षण के बाद क्या मेडिकल कॉलेज में रिक्त पड़े डॉक्टरों और कर्मचारियों के पद भरे गए? क्या आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए? क्या उन विभागों की स्थिति सुधरी, जिनकी कमी के कारण मरीजों को चंडीगढ़, शिमला और अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है? साथ ही उन्होंने पूछा कि क्या मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई ठोस सुधार हुआ है।

उन्होंने कहा कि यदि इन सवालों का जवाब 'नहीं' है, तो फिर उस दौरे का उद्देश्य क्या था। क्या वह केवल कैमरों के सामने चिंता जताने और सुर्खियां बटोरने तक सीमित था या वास्तव में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रभावी प्रयास भी किए गए।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल निरीक्षण करना नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान तक लगातार संघर्ष करना होता है।



# बीडीसी और जिला परिषद में करारी हार के बाद हर्षवर्धन ने रोहनाट कॉलेज करवाया बंद

अनंत ज्ञान

नाहन। रोहनाट कॉलेज बंद होने के मुद्दे पर क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। विधायक ने उद्योग मंत्री पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बीडीसी और जिला परिषद चुनावों में मिली करारी हार के बाद मंत्री बौखला गए हैं और इसका खामियाजा क्षेत्र के विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।

बलदेव तोमर ने कहा कि रोहनाट कॉलेज में करीब 70 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, लेकिन कॉलेज बंद होने से अब उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि मंत्री चाहते तो शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को सुविधाओं के लिए बेहतर कदम उठा सकते थे, लेकिन चुनावी नतीजों के बाद उन्होंने जनहित की बजाय कॉलेज बंद करने का फैसला लिया।

उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम आने के महज चार दिनों के भीतर कॉलेज बंद कर दिया गया, जिससे सरकार की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। तोमर ने कहा कि दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह कॉलेज उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र था और इसके बंद होने से कई छात्रों का भविष्य प्रभावित होगा।

उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि रोहनाट कॉलेज को तुरंत बहाल किया जाए और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द फैसला नहीं बदला तो भाजपा और स्थानीय जनता इस मुद्दे को लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ने पर मजबूर होगी। वहीं, इस मामले में उद्योग मंत्री और सरकार की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है। यह आरोप विधायक बलदेव तोमर द्वारा लगाए गए हैं।



# टाहलीवाल में 24.10 करोड़ रुपए की आधुनिक सीवरेज परियोजना को मंजूरी

◆ एक करोड़ की प्रारंभिक व्यय स्वीकृति भी जारी

अनंत ज्ञान

**हरोली।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के औद्योगिक नगर टाहलीवाल में आधुनिक सीवरेज व्यवस्था विकसित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रदेश सरकार के जल शक्ति विभाग ने 24.10 करोड़ रुपये की लागत वाली सीवरेज परियोजना को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर दी है। परियोजना के प्रारंभिक क्रियान्वयन के लिए एक करोड़ रुपये की व्यय स्वीकृति भी जारी की गई है।

उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि टाहलीवाल क्षेत्र में बढ़ती आबादी, औद्योगिक गतिविधियों तथा शहरी विस्तार को देखते हुए आधुनिक सीवरेज व्यवस्था समय की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत टाहलीवाल नगर में आधुनिक सीवरेज नेटवर्क विकसित किया जाएगा, जिससे गंदे पानी के वैज्ञानिक प्रबंधन को सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा टाहलीवाल और आसपास के क्षेत्रों के सुनियोजित शहरी विकास को भी नई गति मिलेगी।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वे हरोली विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, सड़क संपर्क तथा शहरी सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने और विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# स्मार्ट मीटर को लेकर बड़ूही बाजार में गरमाया माहौल, 15 तक टली कार्रवाई

## व्यापारियों और बिजली बोर्ड के बीच हुई बैठक, संवाद से समाधान की कोशिश

अनंत ज्ञान



**विवेक शर्मा, अंब।** विद्युत उपमंडल चौकीमनयार के अंतर्गत बड़ूही बाजार में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर बुधवार को बिजली बोर्ड और स्थानीय व्यापारियों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। व्यापारियों ने एकजुट होकर स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया और कर्मचारियों को मीटर स्थापित करने से रोक दिया। इस दौरान कुछ समय के लिए बाजार में तनावपूर्ण माहौल बना रहा।

व्यापारियों का कहना है कि जो उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाने से इंकार कर रहे हैं, उन्हें बिजली बोर्ड की ओर से 24 घंटे का नोटिस जारी किया जा रहा है। उनका आरोप है कि निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद संबंधित उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर बाजार के दुकानदारों में नाराजगी देखने को मिली।

दुकानदारों ने कहा कि वे अपनी इच्छा के विरुद्ध स्मार्ट मीटर नहीं लगवाना चाहते। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो वे अपने पक्ष को लेकर कानूनी विकल्पों का सहारा लेने पर भी विचार करेंगे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्युत उपमंडल चौकीमनयार के एसडीओ विवेक ठाकुर मौके पर पहुंचे और व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी आपत्तियां और शंकाएं सुनीं। बैठक के दौरान उन्होंने स्मार्ट मीटरों को लेकर फैली विभिन्न आशंकाओं पर विभाग का पक्ष रखा।

एसडीओ विवेक ठाकुर ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्मार्ट मीटर के साथ एक चेक मीटर भी लगाया जाएगा, जिससे उपभोक्ता पुराने और नए मीटर की रीडिंग का मिलान कर सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर के लिए उपभोक्ताओं से किसी प्रकार का अतिरिक्त किराया या शुल्क नहीं लिया जाएगा तथा लोगों से भ्रामक सूचनाओं से बचने की अपील की। बैठक के दौरान व्यापारियों ने स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया से जुड़ी अपनी चिंताएं और मांगें विभाग के समक्ष रखीं तथा निर्णय लेने के लिए समय देने का आग्रह किया। व्यापारियों की मांग पर सहमति जताते हुए एसडीओ ने 15 जून तक की मोहलत देने की घोषणा की। इसके बाद माहौल शांत हुआ और दोनों पक्षों ने बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने पर सहमति व्यक्त की।

# 26 वर्षों के अनुभव पर जनता की मुहर, मनोहर लाल फिर बने प्रधान

अनंत ज्ञान



**ऊना।** समूर कलां पंचायत से मनोहर लाल शर्मा ने एक बार फिर पंचायत प्रधान पद पर जीत हासिल कर अपने लंबे राजनीतिक अनुभव और जनाधार का परिचय दिया है। पिछले 26 वर्षों से सक्रिय राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाए हुए मनोहर लाल शर्मा को क्षेत्र की जनता ने दोबारा नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी है। भारतीय सेना से सेवानिवृत होने के मात्र दो माह बाद वर्ष 2000 में मनोहर लाल शर्मा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। उन्होंने पहला चुनाव उपप्रधान पद के लिए लड़ा और जीत दर्ज की। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। समय-समय पर वह पंचायत प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि पदों पर चुने जाते रहे। उनकी धर्मपत्नी भी पंचायत प्रधान के रूप में क्षेत्र की सेवा कर चुकी हैं। मनोहर शर्मा का राजनीतिक सफर केवल पंचायत स्तर तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने लगातार 11 वर्षों तक कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूत किया। इसके बाद तीन वर्षों तक भाजपा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भी पार्टी की सेवा की। देश सेवा में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। सेना में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने ढाई वर्ष तक आईपीकेएफ ऑपरेशन में सेवाएं दीं तथा कारगिल अभियान के दौरान भी नौ माह तक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने स्वयं को पूरी तरह जनसेवा और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित कर दिया।

लोगों का कहना है कि मनोहर लाल की सरलता, ईमानदारी, मिलनसार व्यक्तित्व व हर वर्ग के लोगों के साथ मजबूत जुड़ाव ही उनकी लगातार सफलता का आधार है।

## न्यूज ब्रीफ

### डेरा बाबा रुद्रानंद में श्रद्धा और भक्ति का संगम

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** डेरा बाबा रुद्रानंद ठाकुरद्वारा अमलेहड़ में परम श्रद्धेय 1008 बाबा हेमानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वृंदावन से पधारे राष्ट्रीय संत परम श्रद्धेय श्री गौरदास जी महाराज ने कथा के माध्यम से भक्तों को आध्यात्मिक जीवन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संसार और सांसारिक रिश्ते नश्वर हैं, इसलिए मनुष्य को गृहस्थ धर्म निभाते हुए भी भगवान का स्मरण, नाम-जप, सत्संग और सेवा में लगे रहना चाहिए। इससे पूर्व मुख्य यजमान द्वारा श्रीमद्भागवत ग्रंथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। कथा स्थल पर पहुंचकर गौरदास जी महाराज ने विधिवत पूजन किया तथा श्रद्धालुओं को गुरु भक्ति, सेवा और सदाचार का संदेश देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

### मानसून से पहले सभी तैयारियां करें पूरी: डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए ऊना जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है और सभी विभागों को पूर्व तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जिला परिषद सभागार में आयोजित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जन-धन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और बाढ़ नियंत्रण विंग को नालों, ड्रेनेज सिस्टम, पुलों एवं खड्डों की सफाई और डी-सिल्टिंग के निर्देश दिए। एसडीएम को भूस्खलन एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई करने को कहा गया। सभी विभागों को राहत सामग्री, दवाइयों, एंटी-स्नेक वेनम और आवश्यक संसाधनों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि आपात स्थिति में जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र 24 घंटे सक्रिय रहेगा तथा हेल्पलाइन नंबर 1077 पर सूचना दी जा सकती है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूरे होने पर कुटलैहड़ में विशेष हवन-पूजन

## जनकल्याण को समर्पित रहा मोदी कार्यकाल: भुट्टो



भाजपा नेता का पूर्व विधायक दविंदर भुट्टो स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कुटलैहड़ के प्रसिद्ध महादेव मंदिर कोटला कलां में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष हवन, पूजन एवं जनकल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, युवाओं तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव की पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ से हुई। इस दौरान देश की सुख-समृद्धि, प्रदेश के विकास और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत की वैश्विक पहचान मजबूत हुई है और समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए कई योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं। भुट्टो ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से राहत मिली है, जबकि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को दोहराते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील भी की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि पात्र लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कार्यक्रम में कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, महिला मोर्चा अध्यक्षा सुषमा ठाकुर, विभिन्न भाजपा पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, महिला मोर्चा सदस्य, युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसआईवीटी बंगाणा के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय खेलों में बिखेरी चमक




राज्य स्तरीय खेलों में एसआईवीटी बंगाणा ने शानदार प्रदर्शन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** एसआईवीटी बंगाणा के विद्यार्थियों ने एनपीएस 2026 राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 1600 मीटर बालक दौड़, 100 मीटर बालक दौड़, 100 मीटर बालिका दौड़ तथा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान ओ-लेवल (अंडर-19) वर्ग के छात्र रिषभ ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का मान बढ़ाया। वहीं डीएमसीए (अंडर-25) वर्ग के छात्र सचिन ने भी 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान हासिल कर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में रजनी (अंडर-25) ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ 2100 रुपये का नकद पुरस्कार भी जीता। इसके अतिरिक्त म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में एसआईवीटी बंगाणा की टीम ने टॉप-10 में स्थान बनाकर अपनी सहभागिता का प्रभाव छोड़ा।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का नेतृत्व सेंटर हेड अंकिता ठाकुर एवं सीनियर आईटी फैकल्टी साहिल ने किया। दोनों ने पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका मार्गदर्शन किया, जिससे विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्थान प्रबंधन ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

# घुमारवीं मिनी सचिवालय को 7 करोड़ की अतिरिक्त राशि जारी: धर्माणी



घुमारवीं में जन समस्याएं सुनते मंत्री राजेश धर्माणी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने घुमारवीं में निर्माणाधीन मिनी सचिवालय भवन के लिए अतिरिक्त 7 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी है। इससे पहले इस परियोजना के लिए 5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं।

वह घुमारवीं में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मिनी सचिवालय बन जाने से विभिन्न विभागों के कार्यालय एक ही छत के नीचे आ जाएंगे, जिससे लोगों को सुविधाएं मिलेंगी और समय की बचत होगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित भवन में एसडीएम, तहसील, डीएसपी, सीडीपीओ, आयुष, शिक्षा, कृषि, बागवानी सहित एक दर्जन से अधिक विभागों के कार्यालय स्थापित होंगे। साथ ही पार्किंग की भी सुविधा होगी।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त धनराशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया।

# तकनीकी शिक्षा मंत्री 15 को नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों को दिलाएंगे शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि आगामी 15 जून को नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी जिला स्तरीय शपथ समारोह में नव निर्वाचित प्रधानों और उप-प्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। उपायुक्त आज बचत भवन में समारोह के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 15 जून को प्रातः 11 बजे बिलासपुर स्थित भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग के सभागार में आयोजित हो रहे शपथ समारोह में जिला बिलासपुर के सभी नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उप-प्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने आयोजन स्थल पर बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन को लेकर विभागीय अधिकारियों से निर्धारित जिम्मेदारियों को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने शपथ समारोह में शामिल होने के लिए सभी नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उप-प्रधानों को संबंधित खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से समयबद्ध सूचना उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिये ताकि समारोह को निर्धारित समयानुसार सम्पन्न किया जा सके। उन्होंने पुलिस विभाग को भी समारोह के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# मोदी के सबसे लंबे प्रधानमंत्री कार्यकाल पर भाजपा ने मनाया जश्न

अनंत ज्ञान



झंडुत्ता में हवन-यज्ञ करते विधायक जीत राम कटवाल।

**ब्यूरो, बिलासपुर/झंडुत्ता।** देश में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने का नया रिकॉर्ड बनाने पर बुधवार को भाजपा के बिलासपुर कार्यालय में पूजा-अर्चना, हवन यज्ञ और लड्डू वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई।

कार्यक्रम में सदर विधायक त्रिलोक जमवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे कर भारतीय राजनीति में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने इसे सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति मोदी की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में गरीब कल्याण, आधारभूत ढांचे, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं।

वहीं, झंडुत्ता विधानसभा क्षेत्र के शिव धूणी मंदिर, झंडुत्ता में भाजपा मंडल की ओर से हवन-यज्ञ और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई तथा मिठाई बांटकर खुशी जताई गई। कार्यक्रम में विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को हासिल किया है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष गतिविधियां आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले के 184 चयनित आंगनबाड़ी केंद्रों में 11 से 25 जून तक बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और विद्यालयी तैयारी को मजबूत करने के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के साथ उनके अभिभावकों और समुदाय की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान बच्चों के भाषा, गणित, शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिए खेल आधारित शिक्षण गतिविधियां कराई जाएंगी। इसके साथ ही अभिभावकों को बच्चों की शुरुआती शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जागरूक किया जाएगा।

# यूपीएससी में सफल युवाओं ने डीसी से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले जिले के दो अभ्यर्थियों ने बिलासपुर का नाम रोशन किया है। झंडुत्ता के वैभव ने अखिल भारतीय स्तर पर 86वीं रैंक तथा तलवाड़ा, चांदपुर की सपना चंदेल ने 356वीं रैंक प्राप्त की है। दोनों अभ्यर्थियों ने उपायुक्त राहुल कुमार से शिष्टाचार भेंट की, जहां उन्हें उनकी उपलब्धि पर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी गईं। उपायुक्त ने कहा कि यह सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा है और यह दर्शाती है कि मेहनत और अनुशासन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसके बाद बचत भवन में आयोजित एक संवाद एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम में दोनों सफल अभ्यर्थियों ने स्कूली विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर अतिथियों ने विस्तार से दिया। अधिकारियों ने छात्रों को बड़े लक्ष्य तय करने, नियमित अध्ययन करने और समसामयिक घटनाओं पर ध्यान देने की सलाह दी।

# दंगल में केवल हिमाचली पहलवान ही होंगे मान्य: चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** दंगल कमेटी लघट द्वारा दंगल का आयोजन 16 जून को किया जा रहा है। दंगल कमेटी लघट की बुधवार को हुई बैठक में मुख्य संरक्षक रमेश संख्यान, प्रधान भोपाल सिंह चौधरी, उप प्रधान चंद्र मणि शर्मा, महासचिव सुभाष चंद सहित सभी सदस्यों ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। कमेटी ने बताया कि यह दंगल विशेष रूप से हिमाचली पहलवानों के लिए आयोजित किया जा रहा है। कमेटी द्वारा प्रतियोगिता के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि भी निर्धारित की गई है। बड़ी माली के विजेता को 20,000 रुपए तथा उपविजेता को 16,000 रुपए की राशि दी जाएगी। वहीं छोटी माली के विजेता को 11,000 रुपए और उपविजेता को 10,000 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# विशेष अभियान में चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए विशेष तलाशी अभियान के दौरान थाना बरमाणा पुलिस ने अजय कुमार उर्फ आजाद निवासी गांव लद्दाहा, डाकघर बरमाणा के घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान 6.17 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) तथा 2,19,690 रुपए नकद बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# घर से चिट्टा, सिरिंज और वजन मशीन बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना सदर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कंदरौर निवासी सुरजीत कुमार उर्फ काल्लू के घर की तलाशी ली। पुलिस को घर से 1.69 ग्राम चिट्टा, तीन सिरिंज, दो इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीनें, जले हुए नोट तथा 49 फॉयल पेपर बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मंडी भराड़ी चौक में युवक से 4.20 ग्राम चिट्टा मिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मंडी भराड़ी चौक में नाकाबंदी के दौरान पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा और उसने अपने पास मौजूद वस्तु सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दी। पुलिस ने युवक को पकड़कर पूछताछ की, जिसकी पहचान अंकुश कुमार निवासी गांव दुहक, डाकघर सुनहाणी, तहसील झंडुत्ता के रूप में हुई है। जांच में फेंकी गई वस्तु से 4.20 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# नशे के खिलाफ बिलासपुर पुलिस का विशेष अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए विशेष तलाशी अभियान चलाया। महिला पुलिस कर्मियों सहित विशेष टीमों का गठन कर जिले के 18 संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। पुलिस ने अभियान के दौरान कई स्थानों पर कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थ बरामद किए और आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# चंपा पार्क के सौंदर्यीकरण को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते आशीष ठाकुर व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सहकारी विकास संघ के निदेशक आशीष ठाकुर की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधीश राहुल कुमार से मिला और उन्हें चंपा पार्क बिलासपुर के सौंदर्यीकरण के लिए ज्ञापन प्रेषित किया। उक्त प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश बिलासपुर के समक्ष मांग रखी है कि उक्त पार्क जिसका नामकरण कर्मचारी नेत्री स्वर्गीय चंपा देवी के नाम पर किया गया था, जिनकी आंदोलन के दौरान मृत्यु हो गई थी, उनकी वहां पर मूर्ति स्थापित की जाए, साथ में इस पार्क के इतिहास की पट्टिका भी वहां लगाई जाए।

उन्होंने कहा कि पार्क का रखरखाव का जिम्मा जिला प्रशासन खुद संभालेताकि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने मांग की है कि पार्क में जो पानी के फव्वारे लगे हुए हैं, उनको निरंतर चलाया जाए। उन्होंने कहा कि चंपा पार्क को फूड पार्क की तर्ज पर विकसित किया जाए, वहां पर खाने पीने के छोटे-छोटे स्टॉल लगाए जाएं ताकि स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार के संसाधन सृजित हो सकें। उन्होंने कहा कि पार्क के चारों तरफ सोलर लाइट लगाई जानी चाहिए ताकि देर रात तक वहां पर लोगों की आवाजाही रहे। इस मौके पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति भाटिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री राज जंवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राज कुमार वर्मा, अजीत जोशी, नीलम सूद, चंपा देवी, जय पाल, आशीष शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जुखाला कॉलेज में प्रथम वर्ष की एडमिशन बंद करने के फैसले का पवन ठाकुर ने किया कड़ा विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जुखाला वार्ड से जिला परिषद चुनाव के उम्मीदवार पवन ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वारा जुखाला कॉलेज में प्रथम वर्ष साइंस व कॉमर्स की एडमिशन बंद करने के फैसले को 'तुगलकी फरमान' बताते हुए इसे छात्रों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से विद्यार्थी दूर-दराज के कॉलेजों में भटकने को मजबूर होंगे। उन्होंने सरकार से फैसला वापस लेने और एडमिशन बहाल करने की मांग की है, साथ ही चेतावनी दी है कि यदि निर्णय जल्द नहीं बदला गया तो 15 पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने 'बेटी पढ़ाओ' के नारे के विपरीत इस फैसले को छात्राओं की शिक्षा पर प्रतिकूल बताया तथा कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता (वर्ष 2025 में छात्रा अनीता ठाकुर का प्रदेश स्तर पर सातवां स्थान) का हवाला देते हुए कहा कि संस्थान को मजबूत करने की आवश्यकता है, न कि एडमिशन बंद करने की।

# बिलासपुर में गर्मी का कहर: तपते सूरज ने बढ़ाई मुश्किलें, जनजीवन बेहाल

अनंत ज्ञान

◆ पारा चढ़ने से स्वास्थ्य, पेयजल और बिजली व्यवस्था पर बढ़ा दबाव दोपहर में सड़कों पर छाया सन्नाटा

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जून माह की भीषण गर्मी ने जिला बिलासपुर में लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। लगातार बढ़ रहे तापमान, तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सुबह से ही सूरज की तपिश लोगों को परेशान करना शुरू कर देती है और दोपहर तक हालात इतने कठिन हो जाते हैं कि लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बाजारों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर दोपहर के समय सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी कम चहल-पहल देखने को मिल रही है।

गर्मी का सबसे अधिक असर स्वास्थ्य पर दिखाई दे रहा है। जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में सिरदर्द, चक्कर आना, थकान, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सकों के अनुसार तेज धूप में लंबे समय तक रहने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होने का खतरा बढ़ जाता है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। भीषण गर्मी का प्रभाव पेयजल व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों का जलस्तर घटने लगा है, जिससे पानी की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। लोगों को सुबह और शाम पानी भरने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ रहे हैं। यदि गर्मी का यही क्रम जारी रहा तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गहरा सकता है।

गर्मी के कारण बिजली की मांग में भी लगातार वृद्धि हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती होने पर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेती-किसानी पर भी गर्मी का प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल रहा है। खेतों में नमी कम होने से फसलों और सब्जियों पर असर पड़ने लगा है। पशुपालकों के लिए भी यह मौसम चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है क्योंकि पशुओं को पर्याप्त पानी और छाया उपलब्ध कराना आवश्यक हो गया है। तेज गर्मी के कारण पशुओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल अ

दैनिक मजदूरी करने वाले श्रमिक, निर्माण कार्यों से जुड़े कामगार, रेहड़ी-फड़ी संचालक और खुले में काम करने वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। दोपहर के समय काम करना कठिन हो गया है, जिससे उनकी कार्यक्षमता और आय दोनों प्रभावित हो रही हैं। कई लोगों ने दोपहर के समय काम का समय बदलकर सुबह और शाम करना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार बिलासपुर में आने वाले दिनों में गर्मी का प्रभाव बना रह सकता है। विशेषज्ञों ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के सूती वस्त्र पहनने, धूप में निकलते समय सिर ढकने तथा दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### फोर्टिफाइड नमक पर जागरुकता बैठक आयोजित



**अनंत ज्ञान, तीसा/चंबा।** तीसा, चंबा के ब्लॉक वेयर हाउस में डबल फोर्टिफाइड नमक (डीएफएस) को लेकर जागरुकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में उचित मूल्य दुकानों के संचालकों को पोषण सुधार और एनीमिया मुक्त समाज के निर्माण में इसकी भूमिका की जानकारी दी गई। फूड इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने कहा कि फोर्टिफाइड चावल, आटा और नमक में आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन-बी12 और आयोडीन जैसे पोषक तत्व शामिल हैं, जो स्वास्थ्य सुधार में सहायक हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि यह नमक खून की कमी और थायरॉइड जैसी समस्याओं की रोकथाम में प्रभावी है। प्रतिभागियों से इसे लेकर जागरूकता फैलाने का आग्रह किया गया।

### बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना आज की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान, तीसा।** पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तीसा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत एक दिवसीय जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को आत्मनिर्भरता, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ वीना देवी ने की। जिला मिशन समन्वयक मनोहर नाथ ने कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना आज की आवश्यकता है। उन्होंने 'अपराजिता में चंबा की' अभियान को बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। वृत पर्यवेक्षक पूजा कुकरेजा ने महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और घरेलू हिंसा से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। शिविर में करीब 250 छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लेकर कार्यक्रम को उपयोगी बताया।

# तुनुहट्टी में सीमेंट से लदा ट्रक गिरा चालक व 12 वर्षीय बेटा गंभीर घायल

## ट्रक तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होने से हुआ हादसा, घायलों का चुवाड़ी अस्पताल में उपचार जारी

अनंत ज्ञान





दो हिस्सों में बंटा

**तुनुहट्टी।** उपमंडल डलहौजी के प्रवेशद्वार तुनुहट्टी के समीप बुधवार सुबह करीब 9 बजे एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। नालागढ़ से चंबा की ओर सीमेंट लेकर आ रहा ट्रक (एचपी-24 डी-7230) एक तीखे मोड़ पर अचानक अनियंत्रित हो गया और लोहे की पैराफिट को तोड़ते हुए सीधे नीचे राष्ट्रीय राजमार्ग-154ए पर जा गिरा।

हादसा इतना भयावह था कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए और वाहन दो हिस्सों में बंट गया। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। दुर्घटना में ट्रक चालक जसवीर सिंह (38 वर्ष) और उसका 12 वर्षीय बेटा वंश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें आगे उपचार के लिए चुवाड़ी अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने शीघ्र बहाल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि तुनुहट्टी का यह स्थान पहले भी कई गंभीर सड़क हादसों का गवाह बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों को रोका जा सके। हादसे की भयावहता ने एक बार फिर पहाड़ी सड़कों पर सुरक्षित ड्राइविंग और मजबूत सुरक्षा प्रबंधों की जरूरत को उजागर कर दिया है।

# चंबा की बेटी आरती को मिला बेस्ट रिसर्च प्रेजेंटेशन अवॉर्ड

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, चंबा।** जिला चंबा की प्रतिभाशाली बेटी आरती ठाकुर ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक और शोध उपलब्धियों से पूरे चंबा और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। गदियाडा गांव (डाकघर ब्रेही) से ताल्लुक रखने वाली आरती वर्तमान में असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट के आणविक जीवविज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग में पीएचडी शोधार्थी है। हाल ही में उन्हें गौहाटी विश्वविद्यालय असम में आयोजित 5वें बायोटिक साइंस कांग्रेस एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में उनके नवाचारी वैज्ञानिक शोध के लिए 'सर्वश्रेष्ठ शोध प्रस्तुति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

उनका शोध ग्रेटर वैक्स मॉथ (गैलेरिया मेलोनेला) की पॉलीमर पाचन क्षमता और आंत-संबंधित सूक्ष्मजीव समुदाय की प्लास्टिक जैव-अपघटन में भूमिका पर केंद्रित है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह शोध प्लास्टिक कचरे के पर्यावरण-अनुकूल निस्तारण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। आरती ठाकुर ने डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय से स्नातक और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। उन्हें आईसीएआर की जूनियर और सीनियर रिसर्च फेलोशिप भी मिली। वर्तमान में वे प्लास्टिक अपघटन से जुड़े एंजाइम, सूक्ष्मजीव और आणविक तंत्रों पर शोध कर रही हैं। अपनी उपलब्धि का श्रेय आरती ने अपने माता-पिता सैन सिंह ठाकुर और इच्छिया देवी और शोध-निर्देशक डॉ. बीके बोरा को दिया। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि ग्रामीण परिवेश से आने वाले विद्यार्थी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान बना सकते हैं।

# सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से महरूम चरौड़ी पंचायत के ग्रामीण

अनंत ज्ञान



**चुराह/चंबा।** चरौड़ी पंचायत के स्थानीय निवासी अयूब खान ने जिला मुख्यालय चंबा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान क्षेत्र की वर्षों पुरानी जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन और सरकार का ध्यान पंचायत की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि चुराह विधानसभा क्षेत्र की चरौड़ी पंचायत के लोग आज भी सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि विकास के दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

अयूब खान ने बताया कि पंचायत के कई गांव आज भी बेहतर सड़क सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों को दैनिक कार्यों, आपातकालीन परिस्थितियों और आवागमन के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में हालात और भी विकट हो जाते हैं तथा कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से कट जाता है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित होता है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों और आवश्यक सुविधाओं की कमी के कारण विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। पर्याप्त स्टाफ और संसाधनों के अभाव में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाते हुए अयूब खान ने कहा कि पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ग्रामीणों को सामान्य उपचार और स्वास्थ्य जांच के लिए भी दूरदराज के अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से मांग की कि पंचायत चरौड़ी की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए।

# राज्यसभा सीट नहीं, लोकतंत्र की चोरी हुई है : सुरजीत भरमौरी

## कहा- मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होना लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, चंबा।** जिला कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कांग्रेस नेता एवं मध्यप्रदेश से राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था पर गंभीर आघात बताया है।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक उम्मीदवार का नामांकन खारिज करने का मामला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'वोट चोरी नहीं, बल्कि राज्यसभा सीट चोरी की गई है।' 'महिला हितैषी होने का दावा करने वाली भाजपा ने एक गांधीवादी महिला नेता के साथ अन्याय किया। सुरजीत शर्मा ने कहा कि भाजपा स्वयं को महिला हितैषी बताती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि एक शिक्षित, गांधीवादी विचारधारा की प्रतिनिधि और जेएनयू की पूर्व स्कॉलर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित किया गया है।

उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में कई ऐसे लोग मौजूद हैं जिन पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज रहे हैं, फिर भी वे संसद और विधानसभाओं तक पहुंचे हैं। ऐसे में मीनाक्षी नटराजन मामले में अपनाया गया रवैया कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटनाक्रम से चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं और संवैधानिक संस्थाओं पर राजनीतिक दबाव बढ़ने की धारणा बन रही है। सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय से निष्पक्ष न्याय की अपेक्षा रखती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा और किसी भी प्रयास का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा।

# ब्रेही पंचायत में छाया 'अंधेरा', आधा दर्जन गांवों में चार दिन से ब्लैकआउट

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** विकास खंड मैहला के दायरे में पड़ती पंचायत ब्रेही में पिछले चार दिनों से बिजली गुल है। भीषण गर्मी में सैकड़ों की आबादी वाले गांव अप्पर सादून, लोअर सादून, पालई , त्रोड्डू, दरकुंड, चोभूगला में ब्लैक को होने से लोगों को अनेकों समस्याएं पेश आ रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के आला अधिकारियों से बात करने पर भी समस्या का निवारण नहीं हुआ है, जिससे संबंधित गांव में पड़ रही भीषण गर्मी में लोगों के पसीने छूट रहे हैं, दूसरी तरफ सामान्य कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई दीये वह मोमबत्ती के सहारे चल रही है। स्थानीय निवासी पंडित पवन शर्मा, योगेश राणा, जय राम, प्यार सिंह, मचलू राम, धर्मराज, भागी राम, मनोज कुमार इत्यादि लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत ब्रेही के संबंधित गांव में चल रही बिजली की समस्या का निवारण अति शीघ्र किया जाए, ताकि पड़ रही भीषण गर्मी में लोगों को समस्याएं पेश ना आएं वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं व अन्य संसाधनों में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित न हो। सहायक अभियंता मनोज कुमार का कहना है कि ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई थी जिसको ठीक करने का प्रयास किया गया लेकिन ट्रांसफार्मर ठीक नहीं हो पाया इसलिए नई ट्रांसफार्मर का प्रावधान किया गया है जिसे आज संबंधित गांव में पहुंचा दिया जाएगा वह पुरानी ट्रांसफार्मर की जगह नई ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल कर दी जाएगी।

# वनों की सुरक्षा के लिए सहयोग जरूरी, आग दिखते ही तुरंत दें सूचना : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला चंबा में बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं को देखते हुए मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) राकेश कुमार ने लोगों से सतर्क रहने और जंगलों की सुरक्षा में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मियों के दौरान जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे वन संपदा, वन्यजीवों और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचता है। सीसीएफ ने बताया कि कई बार लोगों की छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन जाती है। जंगलों के आसपास फेंकी गई जलती बीड़ी, सिगरेट या अन्य ज्वलनशील वस्तुएं आग फैलाने का कारण बन सकती हैं। उन्होंने लोगों से जंगलों के निकट सूखी घास, पत्तियों और कूड़े-कचरे में आग न लगाने की भी अपील की। राकेश कुमार ने कहा कि यदि कहीं भी जंगल में आग दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत वन विभाग या स्थानीय प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके।

# टिकाऊ खेती और कृषि अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

अनंत ज्ञान



**मोहाली।** सीसीटी, सीजीसी लांडरां के बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने चौधरी चरण सिंह नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर मार्केटिंग (सीसीएस एनआईएएम), जयपुर के सहयोग से वेयरहाउसिंग विकास एवं विनियमन पर एक दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार की वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी (डब्ल्यूडीआरए) द्वारा प्रायोजित था।

कार्यक्रम में मोहाली के 53 किसानों ने भाग लिया और वेयरहाउसिंग, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर तथा वैल्यू एडिशन इन फार्मिंग जैसे विषयों पर जानकारी प्राप्त की। डॉ. गुरप्रीत गौर ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कृषि नवाचार और ग्रामीण विकास में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भूमिका पर जोर दिया। मुख्य तकनीकी सत्र में डॉ. राहुल संखला ने वैज्ञानिक भंडारण, डब्ल्यूडीआरए मान्यता, वेयरहाउस रसीद वित्तपोषण और फसल कटाई के बाद नुकसान कम करने के उपायों पर प्रकाश डाला। वहीं, कुदरत फार्म्स के धर्मेंद्र ने जैविक खेती और टिकाऊ कृषि तकनीकों पर व्यावहारिक जानकारी साझा की। इसके अलावा, माइक्रोमेजिंग की फाउंडर दीपांशी ने कृषि अपशिष्ट प्रबंधन और उन्हें मूल्य वर्धित उत्पादों में बदलने के तरीकों पर सत्र लिया। संस्थान की डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. पालकी साहिब कौर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम किसानों को सशक्त बनाने और सतत कृषि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# फरीदाबाद : छज्जा गिरने से हुई बुजुर्ग महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ स्थित सुभाष कॉलोनी के हरि विहार इलाके में बुधवार सुबह एक हादसा हो गया। मकान का छज्जा अचानक गिरने से 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब महिला सुबह शौच के लिए छज्जे पर बने बाथरूम में गई थी। आदर्श नगर थाना पुलिस के अनुसार हरि विहार निवासी जयवती (55) बुधवार सुबह बाथरूम के लिए उठी थी। वह छज्जे पर बने बाथरूम में दाखिल ही हुई थी कि अचानक बाथरूम वाला हिस्सा छज्जे समेत टूटकर नीचे गिर गया। छज्जा गिरने से जयवती मलबे के नीचे दब गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की तेज आवाज सुनकर परिवार के सदस्य और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने तत्काल मलबा हटाकर महिला को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मृतका की बेटी संगीता ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के चलते वह और उसकी दोनों बहनें अपनी मां के घर आई हुई थी। परिवार पहले ही पिता को खो चुका है और अब घर में केवल एक भाई ही बचा है। इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरा सदमा पहुंचाया है। सूचना मिलने पर आदर्श नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# बोहा और बरेटा नगर काउंसिल के कई आजाद पार्षद 'आप' में शामिल

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पंजाब में नगर निगम, नगर काउंसिल और नगर पंचायत चुनाव जीतने के बाद, आम आदमी पार्टी को बुढलाडा विधानसभा क्षेत्र में और मजबूती मिली है। बुधवार को, नगर काउंसिल बोहा और बरेटा के कई आजाद पार्षद मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी राजवीर सिंह घुम्मण और बुढलाडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रिंसिपल बुद्ध राम की मौजूदगी में आप में शामिल हुए।

ओएसडी राजबीर घुम्मण ने सभी पार्षदों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके शामिल होने से विधानसभा क्षेत्र में पार्टी का पब्लिक बेस और मजबूत होगा और विकास के कामों को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब में किए जा रहे लोगों के हक में कामों से प्रभावित होकर अलग-अलग वर्गों के लोग और चुने हुए प्रतिनिधि आप के साथ जुड़ रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वाले पार्षदों में नगर परिषद बरेटा से वार्ड नंबर 6 के कुलवंत सिंह, वार्ड नंबर 4 के किरपाल सिंह खालसा और वार्ड नंबर 1 के चरणजीत सिंह चन्नी, वार्ड नंबर 8 के गगनदीप सिंह, वार्ड नंबर 10 के लखविंदर कुमार लक्की, वार्ड नंबर 12 की मनप्रीत कौर, वार्ड नंबर 7 की अमरजीत देवी, वार्ड नंबर 9 की गगनदीप कौर, वार्ड नंबर 11 की संदीप कौर शामिल हैं। इस मौके पर विधायक प्रिंसिपल बुध राम ने कहा कि बुढलाडा हलके के लोग विकास, पारदर्शी प्रशासन और लोगों की भलाई की राजनीति को पसंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल हुए सभी पार्षद अपने-अपने इलाकों के विकास के लिए पूरी लगन से काम करेंगे। इस मौके पर सभी नए शामिल हुए पार्षदों ने भरोसा दिलाया कि वे पार्टी की सोच को मजबूत करने और अपने इलाकों के हर तरह के विकास के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे।

# खरड़ शहर के गंदे नालों की तुरंत हो सफाई: नरिंदर राणा



अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, खरड़। भाजपा पंजाब के सीनियर नेता नरिंदर राणा ने बारिश के मौसम को देखते हुए खरड़ शहर के गंदे नालों, सीवेज सिस्टम और नालियों की हालत पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि लोगों को घरों में पानी भरने और दूसरी दिक्कतों से बचाने के लिए बारिश से पहले गंदे नालों की तुरंत सफाई हो और खुली या टूटी नालियों पर नए कवर लगाए जाएं।

राणा ने कहा कि खरड़ शहर के कई इलाकों में नालियों में गाद और कचरा जमा होने से हर साल की तरह पानी की निकासी पर असर पड़ सकता है। बारिश के दौरान इससे सड़कों और रिहायशी इलाकों में पानी जमा हो सकता है, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने खास तौर पर मांग की कि खरड़ बस स्टैंड से संतेमाजरा गांव तक लांडरां रोड के दोनों तरफ के गंदे नालों की सफाई युद्ध स्तर पर की जाए, क्योंकि इस रास्ते पर नालों में गाद और कचरा जमा होने से हर साल बारिश के पानी की निकासी पर असर पड़ता है, जिससे शिवालिक सिटी, संतेमाजरा कॉलोनी, छ्ज्जू आदि सोसायटियों के लोगों के घरों में पानी भर जाता है। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर नालों के ढक्कन टूटे हुए हैं या नालियां खुली हैं, जिससे हादसे हो सकते हैं। इसलिए नगर परिषद खरड़ और संबंधित विभाग तुरंत कार्रवाई करें और शहर के सभी गंदे नालों की सफाई करवाएं और नालों पर नए ढक्कन लगवाएं।

# सिरसा: किसान संगठनों ने बिजली निगम कार्यालय में लगाया धरना



अनंत ज्ञान

**सिरसा।** किसान संगठनों ने जिले के डबवाली बिजली निगम कार्यालय में लंबित मांगों को लेकर धरना दिया और निगम प्रशासन के खिलाफ रोष जाहिर किया। किसान नेता जसबीर सिंह भाटी ने बुधवार को बताया कि ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए निर्धारित राशि जमा कराने के बावजूद कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे हैं। आंधी-तूफान के दौरान क्षतिग्रस्त हुए बिजली पोलों को समय पर दुरुस्त नहीं किया गया, जिस कारण किसानों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

किसानों ने कहा कि निगम की लापरवाही के कारण कई किसानों को लंबे समय से ट्यूबवेल कनेक्शन का इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने और निर्धारित शुल्क जमा कराने के बाद भी कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है।

इसके अलावा हाल ही में आई आंधी के दौरान कई गांवों में बिजली पोल टूट गए थे, लेकिन विभाग द्वारा अभी तक उन्हें बदला नहीं गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि बार-बार शिकायतें देने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ट्यूबवेल कनेक्शन जारी नहीं किए गए और टूटे हुए पोलों की मरम्मत नहीं करवाई गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# फतेहाबाद में शटरिंग की दुकान जलकर राख लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** हिसार रोड स्थित नई सब्जी मंडी के सामने ओम टिंबर शटरिंग दुकान में बुधवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग में दुकान में रखा बांस, लकड़ी, सीढ़ियां और पॉलीथीन का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया, जिससे दुकानदार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां और पुलिस मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, हालांकि पॉलीथीन के कारण मलबे से देर तक धुआं उठता रहा। जानकारी के अनुसार, दुकान मालिक जयप्रकाश सुबह करीब 7 बजे दुकान पर पहुंचे तो पीछे के हिस्से में आग की लपटें उठती देखीं। ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल गई। स्थानीय लोगों और डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने भी मौके पर पहुंचकर सामान बाहर निकालने में मदद की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# चंडीगढ़ के स्टूडेंट्स ने एसओएफ ओलंपियाड 2025-26 में मारी बाजी

अनंत ज्ञान




◆ अमन गर्ग को मैथ्स में इंटरनेशनल रैंक 1, हर्षिता को रैंक 2 और आरव को रैंक 3

**चंडीगढ़।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित ओलंपियाड परीक्षा 2025-26 में चंडीगढ़ के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10 के छात्र अमन गर्ग ने इंटरनेशनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में इंटरनेशनल रैंक एक हासिल कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

विवेक हाई स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा हर्षिता अग्रवाल ने इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में इंटरनेशनल रैंक 2 प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता, जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के छात्र आरव अनिल राव ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में इंटरनेशनल रैंक 3 हासिल कर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इस वर्ष ओलंपियाड में 72 देशों के लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिनमें चंडीगढ़ के 31 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल रहे। इन उपलब्धियों ने शहर के शैक्षणिक स्तर को नई पहचान दी है।

सभी सफल छात्रों को नई दिल्ली में आयोजित 28वें एसओएफ इंटरनेशनल एनुअल अवॉर्ड समारोह में सम्मानित किया गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस विजय बिश्नोई मुख्य अतिथि रहे। समारोह में शिक्षा और प्रशासन क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित रहीं। एसओएफ के संस्थापक महाबीर सिंह ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

# प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं होनी चाहिए : कृषि मंत्री

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी खरीफ फसलों के लिए प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सीजन शुरू होने से पहले ही खाद के पर्याप्त स्टॉक और वितरण की सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर लीजाएं ताकि किसानों को लाइनों में न लगना पड़े और न ही किसी परेशानी का सामना करना पड़े।

बुधवार को चंडीगढ़ में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हैफेड और देश की विभिन्न प्रमुख खाद विक्रेता व उत्पादक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने अधिकारियों से वर्तमान में खाद के स्टॉक की वस्तुस्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने आगामी खरीफ सीजन में खाद की संभावित मांग, आवक और आपूर्ति श्रृंखला को लेकर अधिकारियों और कंपनियों से महत्वपूर्ण सुझाव भी मांगे। श्याम सिंह राणा ने निर्देश दिए कि पिछले वर्ष के सफल और पारदर्शी अनुभव को देखते हुए इस बार भी खाद का वितरण 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर आधारित होना चाहिए। किसानों ने पोर्टल पर जो फसल अपलोड की है, उसी के रकबे के अनुसार उन्हें खाद उपलब्ध कराई जाए, जिससे वास्तविक किसानों को बिना किसी बाधा के खाद मिल सके।

किसानों के शोषण को रोकने के लिए उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में कड़ी निगरानी रखने के आदेश दिए हैं। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में खाद की जमाखोरी और कालाबाजारी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग के अधिकारी खाद विक्रेताओं के स्टॉक की नियमित जांच करें। यदि कोई भी दुकानदार या डीलर इस मामले में दोषी या लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत प्रभाव से कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# गग्गल एयरपोर्ट विस्तार में सरकारी भूमि पर कारोबार करने वाले 113 परिवारों को 16.76 करोड़ की राहत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश के कांगड़ा जिले में गग्गल हवाई अड्डे के विस्तार को लेकर प्रदेश सरकार ने विकास और मानवीय संवेदनशीलता का अनूठा संतुलन प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में जहां हवाई अड्डे के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है, वहीं उन परिवारों की आजीविका की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा गया है, जो वर्षों से हवाई अड्डे के आसपास सरकारी भूमि पर दुकानें और अन्य व्यवसाय संचालित कर रहे थे। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने ऐसे 113 परिवारों के लिए 16.76 करोड़ रुपये की सहायता राशि स्वीकृत करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए जानकारी दी कि प्रदेश सरकार हमेशा गरीब, कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय प्रभावित परिवारों के जीवन में नई उम्मीद लेकर आया है तथा उन्हें अपनी आजीविका को पुनः स्थापित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह देश का संभवतः पहला ऐसा मामला है, जहां सरकारी भूमि पर व्यवसाय करने वाले लोगों को भी सरकार द्वारा सहायता राशि प्रदान की जा रही है। यह निर्णय केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश सरकार की संवेदनशील और जनहितैषी सोच का भी परिचायक है। इससे यह स्पष्ट होता है कि विकास परियोजनाओं के साथ-साथ प्रभावित लोगों के हितों की रक्षा भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री के कांगड़ा प्रवास के दौरान अनेक प्रतिनिधिमंडलों ने इन दुकानदारों और छोटे कारोबारियों की समस्याओं को उनके समक्ष रखा था। प्रतिनिधियों ने प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और आर्थिक सहायता की मांग की थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक पहल करते हुए सहायता राशि स्वीकृत की।

### पर्यटन विकास से बदलेगी क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर

**उप मुख्य** सचेतक ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा को प्रदेश की 'पर्यटन राजधानी' के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत जिले में अनेक महत्वाकांक्षी पर्यटन परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। गग्गल हवाई अड्डे के विस्तार से बड़े विमानों की आवाजाही संभव होगी, जिससे देश-विदेश के उच्च श्रेणी के पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। इससे न केवल पर्यटन क्षेत्र को नई गति मिलेगी बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना आने वाले वर्षों में कांगड़ा की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# हिमाचल में कारोबार को मिलेगी नई रफ्तार

## हर सेवा होगी ऑनलाइन, युवाओं को ई-टैक्सी और ई-रिक्शा पर 50 प्रतिशत अनुदान: सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में व्यवसायिक वातावरण को अधिक सुगम, पारदर्शी और आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने श्रम एवं रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया कि प्रदेश में व्यवसाय करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए विभागीय सेवाओं का पूर्ण डिजिटलीकरण किया जाएगा। प्रमाण-पत्रों और लाइसेंसों से जुड़ी सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराकर आम लोगों और उद्यमियों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ऐसी व्यवस्था विकसित करना है जिसमें प्रत्येक सेवा समयबद्ध, पारदर्शी और नागरिकों के लिए सहज रूप से उपलब्ध हो।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से और निर्धारित समय सीमा के भीतर पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनके वास्तविक लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार ने महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना-2023 के तहत आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में 500 अतिरिक्त युवाओं को ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके लिए बजट में 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 500 युवाओं को ई-रिक्शा खरीदने के लिए भी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली के माध्यम से 50 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार का मानना है कि इससे न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा।



### अनुपालन प्रणाली को बनाएंगे और अधिक सरल एवं प्रभावी

**मुख्यमंत्री** ने यह भी कहा कि सरकार अनुपालन प्रणाली को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। साथ ही श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके कल्याण को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास और श्रमिक हितों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए प्रदेश को निवेश और रोजगार के लिए आकर्षक गंतव्य बनाया जाए।

### व्यापार और उद्योग को मिलेगा नया प्रोत्साहन

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1969 तथा उससे संबंधित नियमों में संशोधन कर दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चौबीसों घंटे संचालन की अनुमति प्रदान की है। इस निर्णय से व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी, निवेशकों और उद्यमियों को अधिक सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा उपभोक्ताओं को अपनी सुविधा के अनुसार सेवाएं और खरीदारी का अवसर मिलेगा।

# चौपाल के शीरगुली क्षेत्र में भीषण अग्निकांड, दो मकान जलकर राख



अग्निकांड के बाद जलकर राख हुए मकानों का दृश्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला जिला के चौपाल उपमंडल के शीरगुली क्षेत्र में बुधवार को भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई, जिसमें दो रिहायशी मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते उसने पूरे मकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों और लकड़ी से निर्मित मकानों के कारण आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंचीं तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। ग्रामीणों ने भी एकजुट होकर आसपास के मकानों और संपत्तियों को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे आग को अन्य भवनों तक फैलने से रोका जा सका। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# नैना देवी पटियालकर मंदिर के पास जंगल में लगी आग, बाल-बाल बचे सैकड़ों श्रद्धालु

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां क्षेत्र स्थित नैना देवी पटियालकर मंदिर के पास धलूं के जंगल में आग लगने के मामले में वन विभाग जांच कर रहा है, जो भी इसमें दोषी पाया जाएगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विभागीय जानकारी के अनुसार अब तक की प्रारंभिक जांच में एक नाम भी सामने आया है, उस संदर्भ में भी गहन जांच की जा रही है। सीसीएफ फॉरेस्ट सर्कल धर्मशाला बसु कौशल ने बताया कि जंगल में आग से 60 हेक्टेयर एरिया प्रभावित हुआ है। आग इतनी भीषण थी कि मंगलवार रात को साढ़े 11 बजे के बाद करीब 500 लोगों को रेस्क्यू करना पड़ा। आग की भीषणता को देखते हुए बुधवार को वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का दौरा किया।

गौरतलब है कि मंगलवार शाम साढ़े तीन बजे आग लगना शुरू हो गई थी जो लगातार फैल रही थी। वहीं जंगल के साथ धार्मिक आयोजन भी चला रहा था जिसमें भी काफी लोग शामिल थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की भयावहता देखकर श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। हालात बिगड़ते देख नैना देवी पटियालकर की निवासी युवती वैशाली ने सूझबूझ दिखाई। वैशाली ने तुरंत नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली और उनकी पत्नी भूमिका बाली को फोन कर पूरी स्थिति से अवगत कराया।

वैशाली ने बताया कि मौके पर उस समय केवल एक दमकल वाहन मौजूद था, जबकि आग लगातार बढ़ रही थी। उन्होंने फोन पर कहा कि यदि तुरंत अतिरिक्त मदद नहीं पहुंची तो बड़ा नुकसान हो सकता है।



### आरएस बाली और भूमिका बाली ने संभाला मोर्चा

**सूचना** मिलते ही विधायक आरएस बाली ने तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क किया। हालांकि वह उस समय क्षेत्र से बाहर थे, फिर भी उन्होंने टेलीफोन के माध्यम से लगातार स्थिति पर नजर बनाए रखी। वहीं उनकी पत्नी भूमिका बाली ने भी लगातार समन्वय बनाए रखा और राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए प्रशासन से संपर्क साधे रखा।

# जनगणना-2027 का बिगुल, हिमाचल प्रदेश में 16 जून से घर-घर पहुंचेगी टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में जनगणना की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। राज्य के जिला कुल्लू में 16 जून से 15 जुलाई तक जनगणना के प्रथम चरण का संचालन किया जाएगा, जिसके तहत प्रशिक्षित प्रगणक और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर परिवारों, मकानों और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र करेंगे।

जानकारी के अनुसार जनगणना भविष्य की विकास योजनाओं और नीतियों की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग अनिवार्य है। इसलिए जनगणना के दौरान जानबूझकर गलत जानकारी देना अथवा तथ्य छिपाना कानूनन अपराध माना जाएगा। जनगणना अधिनियम 1948 की धारा-11 के तहत ऐसे मामलों में कार्रवाई, जुर्माना और सजा का प्रावधान है। अधिकारियों के अनुसार जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि आंकड़ों का संग्रह पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ किया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि सही आंकड़े ही सरकार को जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद करते हैं।

इसके अलावा परिवारों की गणना के दौरान घर की संरचना, कमरों की संख्या, मकान की स्थिति, निर्माण सामग्री, बिजली, पेयजल, शौचालय, रसोई, ईंधन, इंटरनेट, मोबाइल फोन तथा विभिन्न प्रकार के वाहनों की जानकारी दर्ज की जाएगी। इसके अतिरिक्त परिवार के सदस्यों की संख्या, सामाजिक वर्ग, वैवाहिक स्थिति और परिवार के मुखिया से संबंधित विवरण भी रिकॉर्ड किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति की एक से अधिक पत्नियां हैं तो प्रत्येक पत्नी के साथ अलग दंपति के रूप में गणना की जाएगी, जबकि परिवार का मुखिया वही माना जाएगा जिसे परिवार के सदस्य स्वयं अपना मुखिया घोषित करेंगे। बताया गया है कि लोगों को अपनी चल-अचल संपत्ति अथवा अन्य जानकारी छिपाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि जनगणना का उद्देश्य किसी व्यक्ति की संपत्ति का मूल्यांकन नहीं, बल्कि देश की वास्तविक सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय तस्वीर तैयार करना है। उन्होंने कहा कि नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा उसका सार्वजनिक खुलासा करना संबंधित कर्मचारियों के लिए भी कानूनन अपराध है।

### विकास की दिशा तय करेंगे जनगणना के आंकड़े

**गौरतलब** है कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण, आधारभूत ढांचे के विस्तार तथा विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसलिए जनगणना टीम को सही और संपूर्ण जानकारी देकर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें, ताकि प्रदेश और देश के विकास की मजबूत नींव तैयार की जा सके।

# सरकार नहीं कांग्रेस का एक गुट ही चला रहे सीएम सुक्खू: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के हरोली और टाहलीवाला में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बुधवार को शिरकत की, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के इतिहास में सर्वाधिक लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नया कीर्तिमान स्थापित करने के उपलक्ष्य में आयोजित हवन-यज्ञ और पूजा-अर्चना में भाग लिया। टाहलीवाल के राधा-कृष्ण मंदिर में राष्ट्र की सुख, समृद्धि और प्रगति के लिए प्रार्थना करने के साथ ही उन्होंने गौसेवा भी की और भारतीय जनता पार्टी के ऊना कार्यालय में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान में भाग लेकर कार्यकर्ताओं को एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।



इसके बाद मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान जयराम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जब कांग्रेस के अध्यक्ष थे, तब भी वह संगठन के बजाय सिर्फ अपना गुट चलाते थे और आज मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वह सरकार चलाने के बजाय केवल अपना गुट ही चला रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के उस पुराने बयान पर पलटवार किया जिसमें सुक्खू ने भाजपा में पांच गुट होने की बात कही थी। जयराम ने स्पष्ट किया कि बगावत भाजपा में नहीं बल्कि खुद कांग्रेस के भीतर हुई है, जहां पहले वरिष्ठ नेता कौल सिंह और मंत्री चंद्र कुमार ने मोर्चा खोला और अब पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने पूरी पोल खोलकर रख दी है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें भाजपा की चिंता करने के बजाय अपने दल की ओर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि एकजुट भाजपा ने ही उन्हें पूरे प्रदेश में करारी शिकस्त दी है और स्थानीय निकाय और पंचायतीराज चुनाव के नतीजों के बाद से बौखलाए मुख्यमंत्री को अब अपनी हार स्वीकार कर कांग्रेस की जीत के झूठे दावे बंद कर देने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने सारे कामकाज बंद कर विकास पर पूर्ण विराम लगा रखा है।

# विधायकों के वोट अधिकार पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नगर परिषदों और नगर पंचायतों में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के चुनाव में विधायकों और नामित सदस्यों के मतदान अधिकार को लेकर जारी विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। राज्य सरकार ने इस मामले में हाईकोर्ट की ओर से दिए गए अंतरिम आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। सरकार का पक्ष है कि संबंधित स्थानीय विधायक को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में मतदान का अधिकार दिया जाना चाहिए, जबकि इस विषय पर हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा रखी है।

मामले की सुनवाई के दौरान हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की खंडपीठ ने विभिन्न याचिकाओं पर विचार करते हुए सरकार के उस स्पष्टीकरण पर अंतरिम रोक लगा दी थी, जिसके तहत विधायकों और नामित सदस्यों को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में वोट देने की अनुमति दी गई थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि नामित सदस्य इन चुनावों में हिस्सा नहीं ले सकते और उनका मतदान अधिकार केवल परिषद की नियमित बैठकों तथा प्रस्तावों तक सीमित है। इसी कानूनी व्याख्या को आधार बनाकर हाईकोर्ट ने फिलहाल यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। इस बीच चंबा नगर परिषद का मामला भी चर्चा में है, जहां संबंधित मतदान अधिकार के इस्तेमाल के बाद चुने गए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के शपथ ग्रहण, गजट अधिसूचना, पदभार ग्रहण तथा अन्य परिणामी कार्रवाइयों पर भी हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। अब सभी की निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हैं, जहां सरकार मतदान अधिकार की बहाली की मांग कर रही है।

# कला और संस्कृति से मजबूत होती है राष्ट्रीय एकता: राज्यपाल कविंद्र



कलाकारों को सम्मानित करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कालीबाड़ी मंदिर सभागार में आयोजित अखिल भारतीय कलाकार संघ के 71वें वार्षिक समारोह एवं अखिल भारतीय नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, संवेदनशीलता और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का प्रभावशाली साधन है।

उन्होंने सात दशक से अधिक समय से भारतीय कला, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के संरक्षण एवं संवर्धन में अखिल भारतीय कलाकार संघ की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि संस्था देशभर के कलाकारों को एक साझा मंच प्रदान कर विविध भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। राज्यपाल ने युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उभरते कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए संघ के प्रयासों की प्रशंसा की। समारोह में देश के 18 राज्यों से आए 800 से अधिक कलाकारों ने अपनी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर सतीश वर्मा और दिनेश खन्ना को कला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए बलराज साहनी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कलाकार संघ के अध्यक्ष रोहिताश गौड़ और उपाध्यक्ष रेखा गौड़ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जेपी नड्डा का हिमाचल दौरा 12 व 13 को: पायल वैद्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 12 और 13 जून को दो दिवसीय हिमाचल प्रदेश प्रवास पर रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4399 दिन का ऐतिहासिक कार्यकाल पूरा कर देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश ने सुशासन, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना विकास, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्रीय सुरक्षा और डिजिटल परिवर्तन के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा नई ऊंचाइयों तक पहुंची है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 12 जून को शिमला में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लेने के साथ विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों, विकसित भारत के लक्ष्य, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा होगी। इसके अलावा वे विभिन्न सामाजिक संगठनों, प्रबुद्ध नागरिकों और बुद्धिजीवियों के साथ संवाद कर केंद्र सरकार की विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। 13 जून को नड्डा मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे तथा केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में विकसित आधारभूत संरचना परियोजनाओं का अवलोकन करेंगे। वे प्रगति पथ यात्रा में शामिल होकर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे।

**बैठक** जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे के विस्तार को मिली राष्ट्रीय स्तर पर सराहना

# जनजातीय विकास में हिमाचल बना मिसाल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने हिमाचल प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों के विकास और वहां रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की खुलकर सराहना की है। आयोग ने माना कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में विकास की नई मिसाल कायम की है। दो दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंचे आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य और अन्य सदस्यों ने विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जनजातीय क्षेत्रों की प्रगति, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, विद्युत और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार में हिमाचल प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति संतोषजनक है, लेकिन लोगों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहने चाहिए। आयोग ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए, ताकि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

बैठक के दौरान आयोग के सदस्य निरुपम चकमा और डॉ. आशा लकड़ा ने भी जनजातीय समुदायों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आयोग ने विशेष रूप से वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के मामलों के शीघ्र निपटारे पर बल देते हुए प्रदेश सरकार को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को व्यक्तिगत और सामुदायिक अधिकारों का लाभ जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए। आयोग ने इस बात पर भी संतोष व्यक्त किया कि देश के कई राज्यों में चुनौती बने सिक्कल सेल एनीमिया का कोई मामला हिमाचल के जनजातीय क्षेत्रों में सामने नहीं आया है।



### हाटी, गद्दी, गुज्जर समुदायों की समस्याओं पर मंथन

**बैठक** में हाटी, गुज्जर, गद्दी, किन्नौरा सहित विभिन्न जनजातीय समुदायों के प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याएं और सुझाव आयोग के समक्ष रखे। आयोग के अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि प्राप्त सुझावों और शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि जनजातीय समाज को विकास योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

### जनजातीय युवाओं ने रखा विकास का दृष्टिकोण

**दौरे** के दौरान आयोजित 'युवा संसद' कार्यक्रम में जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता तथा सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। आयोग ने युवाओं के सुझावों को गंभीरता से सुना और उन्हें भविष्य की नीतियों में शामिल करने का भरोसा दिलाया। इसके अलावा आयोग ने वन संरक्षण समितियों, वन अधिकार लाभार्थियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जमीनी स्तर पर सामने आ रही चुनौतियों पर भी चर्चा की।


## MUNICIPAL CORPORATION HAMIRPUR DISTRICT HAMIRPUR (HP)

No. MCH/NIQ/2026-27- 3192 DATED: 10/6/26

### SHORT TERM NOTICE INVITING QUOTATION

Sealed quotation are hereby invited from concerned agencies / registered contractors of the following items so as to reach in the office of Municipal Corporation on dated 19-6-2026 up to 11:00 AM & shall be opened in presence of quotationers / their authorised representatives at 11:30 AM in the same day. Undersigned reserve the right to reject the quotations without any reason.

**NAME OF WORK: - Engagement of labour, tractor trolley for removal of slip occurred near HBC flats opposite Madan sweets Ward no. 6 MC Hamirpur.**

**DETAILE OF SCHEDULE OF QUANTITY**

| Sr. No. | Description of Items | Quantity | Rates | | Unit | Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Figure | Words | | |
| 1. | Earth work in excavation by mechanical means (Hydraulic excavator) / manual means in foundation trenches or drains (not exceeding 1.5 m in width or 10 sqm on plan), 1 including dressing of sides and ramming of bottoms, lift upto 1.5 m, including getting out the excavated soil and disposal of surplus excavated soil as directed, within a lead of 50m All kinds of soil. | 1 Cum | | | cum | |
| 2. | Engagement of Tractor trolley for transporting/ shifting and dumping of refuse, waste, garbage, muck soil etc as per the directions. | 1 Trip | | | Trip | |

**TERMS & CONDITIONS: - 1.** The contractor / supplier have to complete the work within 60 days of date of supply order / work order. **2.** All the taxes applicable would be deducted from the bill. **3.** The rates are valid for 1 year from the date of opening of quotations

**Commissioner**
**Municipal Corporation Hamirpur District Hamirpur (HP)**